राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 121 | शनिवार, 13 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण त्रयोदशी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया



संक्षिप्त समाचार

इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क समाप्त

नई दिल्ली। भारत ने अधिक इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर लगने वाली उत्पाद शुल्क को समाप्त कर दिया है। ऐसे पेट्रोल जिसमें 22 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक इथेनॉल मिश्रण होगा, उस पर अब कोई उत्पाद शुल्क नहीं लगाया जाएगा। यह कर छूट ई22, ई25, ई27 और ई30 जैसे पेट्रोल मिश्रणों पर लागू होगी। इन फ्यूल ब्लेंड्स में अलग-अलग मात्रा में इथेनॉल मिलाया जाता है। इस फैसले का उद्देश्य इथेनॉल आधारित ईंधन को बढ़ावा देना है।

ध्वज स्तंभशिलान्यास का हुआ पूजन

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक में अगले साल होने जा रहे सिंहस्थ कुंभ मेले की तैयारियों के तहत गुरुवार को पंचवटी क्षेत्र के रामकुंड में ध्वज स्तंभ शिलान्यास पूजन का आयोजन किया गया। पूजन समारोह का आयोजन गंगा गोदावरी पंचकोटि (तीर्थ) पुरोहित संघ, नासिक द्वारा किया गया।

ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने दिया इस्तीफा

लंदन। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने गुरुवार को पद से इस्तीफा दे दिया और कहा कि बढ़ते खतरे के समय सरकार सेना पर समुचित खर्च करने की इच्छुक नहीं है। हीली ने प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर से कहा कि सरकार का रक्षा निवेश "इस खतरनाक समय में आवश्यकता से कहीं कम है।

दिल्ली हवाई अड्डे पर 2.43 करोड़ का गांजा जब्त नई

दिल्ली। सीमा शुल्क अधिकारियों ने दिल्ली हवाई अड्डे पर एक भारतीय यात्री को गिरफ्तार किया, जिसके बैग से लगभग 2 .43 करोड़ रुपये मूल्य का संदिग्ध गांजा बरामद किया गया। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, बैंकॉक से आ रहे उस यात्री को बुधवार को एक्स-रे जांच और उसके सामान की विस्तृत तलाशी के बाद गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान उसके बैग से हरे रंग के मादक पदार्थ से भरे आठ पॉलीथीन पाउच बरामद हुए। बयान में बताया गया कि बरामद किए गए पदार्थ का वजन 6,939 .5 ग्राम था।

नैनी में राष्ट्र सेविकाओं ने रोका अपना पथ संचलन

प्रयागराज। नैनी के माधव ज्ञान केंद्र में राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन रोक दिया गया। यह निर्णय हालात को देखते हुए खुद राष्ट्र सेविका समिति ने लिया है। दरअसल, वकील डॉक्टर विवाद के चलते जिला मजिस्ट्रेट ने धारा-144 लगाई है। ऐसे में सामूहिक एकत्रित होने पर प्रतिबंध है। इस आशय की जानकारी पर राष्ट्र सेविका समिति ने कानून-व्यवस्था का पूरा सम्मान करते हुए गुरुवार को क्षेत्र के सड़क मार्गों पर होने वाले पथ संचलन स्थगित कर दिया।


कोलकाता की सरकारी इमारत में भीषण आग, 4 हजार ईवीएम खाक

» कोलकाता की सरकारी इमारत में आग लगने से करीब 4 हजार ईवीएम नष्ट।

» मशीनें हालिया विधानसभा चुनाव में 10 सीटों पर इस्तेमाल हुई थीं।

» आग पर काबू पाने में अग्निशमन विभाग को लगभग 24 घंटे लगे।

विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल हुई मशीनें जलने से मचा सियासी बवाल, साजिश की आशंका पर जांच तेज



■ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में स्थित एक बहुमंजिला सरकारी भवन में लगी भीषण आग ने प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में हड़कंप मचा दिया है। आग की चपेट में आने से लगभग 4,000 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) नष्ट हो गईं। ये मशीनें इसी वर्ष हुए विधानसभा चुनाव के दौरान राज्य की 10 विधानसभा सीटों पर उपयोग में लाई गई थीं। घटना के बाद विपक्षी दलों ने गंभीर सवाल उठाए हैं, जबकि राज्य सरकार ने भी मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं।

घटना उस समय सामने आई जब कोलकाता के एक महत्वपूर्ण सरकारी भवन से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और भवन की कई मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया। भवन में दक्षिण 24 परगना जिला परिषद सहित कई सरकारी कार्यालय संचालित होते हैं, जहां बड़ी मात्रा में प्रशासनिक अभिलेख और उपकरण रखे गए थे। अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग इतनी भीषण थी कि उसे पूरी तरह बुझाने में लगभग 24 घंटे का समय लग गया। राहत और बचाव कार्य लगातार जारी रहा तथा भवन को पूरी तरह खाली कराया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन संपत्ति का बड़ा नुकसान हुआ है। विपक्ष का कहना है कि चुनावी प्रक्रिया से जुड़ी सामग्री के संरक्षण की जिम्मेदारी प्रशासन की होती है। ऐसे में ईवीएम के नष्ट होने की घटना को सामान्य लापरवाही मानकर नहीं छोड़ा जा सकता। विपक्षी दलों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। राज्य सरकार के मंत्री कौशिक चौधरी ने घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि शुरूआती परिस्थितियां कई सवाल खड़े करती हैं। उनके अनुसार आग सबसे पहले दूसरी और तीसरी मंजिल पर दिखाई दी थी, लेकिन बाद में यह सातवीं, आठवीं, नौवीं और दसवीं मंजिल तक पहुंच गई। उन्होंने कहा कि आग का फैलाव असामान्य प्रतीत होता है क्योंकि बीच की चौथी, पांचवीं और छठी मंजिलों को अपेक्षाकृत कम नुकसान पहुंचा है। ऐसे में यह जांच का विषय है कि आग ऊपर की मंजिलों तक इतनी तेजी से कैसे पहुंची। उन्होंने स्पष्ट किया कि फॉरेंसिक रिपोर्ट आने तक किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी, लेकिन साजिश की संभावना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता।

ईवीएम के जलने से राजनीतिक विवाद गहराया

आग की सबसे बड़ी और संवेदनशील बात यह रही कि भवन में रखी लगभग 4 हजार ईवीएम मशीनें जलकर नष्ट हो गईं। इन मशीनों का उपयोग हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में किया गया था। हालांकि चुनाव परिणाम पहले ही घोषित किए जा चुके हैं, फिर भी इतनी बड़ी संख्या में ईवीएम के नष्ट होने से राजनीतिक दलों ने कई सवाल खड़े किए हैं।

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने उठाए तीखे सवाल

घटना के बाद कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने सरकार और चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि एक सुरक्षित सरकारी भवन में इतनी बड़ी आग लगना और चुनावी प्रक्रिया से जुड़ी हजारों मशीनों का जल जाना बेहद गंभीर विषय है। पार्टी ने पूछा कि यदि आग निचली मंजिलों पर शुरू हुई थी तो वह ऊपरी मंजिलों तक किस प्रकार पहुंची। साथ ही यह भी सवाल उठाया गया कि सुरक्षा व्यवस्था और अग्निशमन प्रणाली उस समय कितनी प्रभावी थी। वहीं आम आदमी पार्टी ने कहा कि सरकारी भवनों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। पार्टी नेताओं का कहना है कि ईवीएम जैसी संवेदनशील सामग्री के भंडारण को लेकर पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है। उन्होंने पूरे मामले की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की।

प्राथमिकी दर्ज, फॉरेंसिक जांच शुरू

घटना के बाद दक्षिण 24 परगना प्रशासन की शिकायत पर अलीपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल जांच एजेंसियां यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि आग विद्युत शॉर्ट सर्किट, तकनीकी खराबी या किसी अन्य वजह से लगी थी। फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम घटनास्थल का निरीक्षण करेगी और वहां से नमूने एकत्र करेगी। वैज्ञानिक जांच के माध्यम से यह स्पष्ट करने का प्रयास होगा कि आग दुर्घटनावश लगी या इसके पीछे किसी प्रकार की मानव भूमिका थी।

मां भारती के बेटों की रक्षा नहीं कर पा रहे प्रधानमंत्रीः राहुल गांधी

» अमेरिकी नौसेना की कार्रवाई पर मोदी सरकार की चुप्पी को लेकर कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल



■ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ओमान की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना की कार्रवाई में तीन भारतीय नाविकों की मौत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भारतीय नागरिकों की मौत जैसे गंभीर मुद्दे पर प्रधानमंत्री की चुप्पी चिंताजनक है और यह देश के सम्मान से जुड़ा मामला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि तीन दिनों के भीतर अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में तीन जहाजों पर हुए अमेरिकी हमलों में तीन भारतीय नागरिकों की जान चली गई, लेकिन प्रधानमंत्री की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने कहा कि जब किसी विदेशी शक्ति द्वारा भारतीय नागरिकों की हत्या की जाती है, तब देश के प्रधानमंत्री को स्पष्ट रूप से अपनी बात रखनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि अगले सप्ताह जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व नेताओं से मुलाकात करेंगे, समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे, लेकिन उन तीन भारतीय नाविकों के लिए उनके पास एक शब्द भी नहीं है जिन्होंने अपनी जान गंवाई। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार इस मामले में पर्याप्त दृढ़ता नहीं दिखा रही है। आठ जून को मारिवेक्स नामक तेल टैंकर पर हमला हुआ, जबकि 10 जून को सेंतेबेलो नामक जहाज को निशाना बनाया गया। इसके बाद गुरुवार को एमटी जलवीर नामक बिटुमेन टैंकर पर भी कार्रवाई की गई। इन तीनों जहाजों पर भारतीय नागरिक चालक दल के सदस्य के रूप में कार्यरत थे। अमेरिकी कार्रवाई में जिन तीन भारतीय नाविकों की मौत हुई, उनकी पहचान आदित्य शर्मा, सुरेश पटनाला और शिवानंद चौरसिया के रूप में हुई है। तीनों सेंतेबेलो जहाज के चालक दल का हिस्सा थे। घटना के बाद उनके परिवारों में शोक की लहर है और देशभर में इस मामले को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है।

चार दिनों में तीन जहाजों पर हमला

मिली जानकारी के अनुसार पिछले चार दिनों के दौरान ओमान की खाड़ी में भारतीय चालक दल वाले तीन व्यापारिक जहाज अमेरिकी नौसेना की कार्रवाई का शिकार बने। अमेरिका का आरोप है कि ये जहाज ईरान पर लगाए गए नौसैनिक प्रतिबंधों का उल्लंघन करने का प्रयास कर रहे थे।

'दुनिया में अनिश्चितता, भारत पूरे भरोसे के साथ आगे बढ़ रहा'

■ नई दिल्ली

दिल्ली में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक हुई. जिसमें देश के सभी राज्यों और शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र और राज्यों के बीच मिलकर काम करने पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हम 'विकसित भारत' के अपने सपने की तरफ बढ़ रहे हैं तो फिर केंद्र और राज्यों की जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ जाती है।

केंद्र और राज्य के बीच हो सहयोग : नीति आयोग की बैठक में मोदी ने कहा कि आज दुनिया अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है, लेकिन भारत आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत के विजन को हासिल करने के लिए अब हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं. उन्होंने केंद्र और राज्यों के बीच आपसी सहयोग, बातचीत और संवाद के आदान-प्रदान की बात कही। जिसमें नीति आयोग सहयोग के लिए एक मंच के तौर पर अपनी बड़ी भूमिका निभा सकता है। जिसमें राज्यों और केंद्रों के बीच संवाद होना चाहिए ताकि हम मिलकर एक ही विजन पर काम कर सकें।



'विकसित भारत' के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा यूपी

नीति आयोग की बैठक में उप के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर इसे साझा भी किया है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि मैं बैठक में सम्मिलित हुआ। 'विकसित भारत 2047 के लिए समावेशी मानव विकास' की थीम पर केंद्रित इस बैठक में मानव विकास, सुशासन और जनभागीदारी को विकास की धुरी बनाकर 'विकसित भारत' के संकल्प को नई गति देने पर सार्थक विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप यूपी भी प्रत्येक नागरिक के सशक्तीकरण को विकास का आधार बनाकर 'विकसित भारत' के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

सशक्त युवा ही भारत को आगे बढ़ाएगा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत का डेमोग्राफिक डिविडेंड हमारे लिए एक ऐतिहासिक मौका है. जिसे हम गंवा नहीं सकते हैं। आज अच्छी शिक्षा, स्किलिंग और रोजगार के मौकों के जरिए युवाओं को सही इकोसिस्टम बनाना ही हमारी प्राथमिकता होना चाहिए. क्योंकि सशक्त युवा ही विकसित भारत की हमारी यात्रा को आगे बढ़ाने वाली ताकत में अहम होंगे।

विजय ने नीट का विरोध किया

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने बैठक में नीट परीक्षा का विरोध किया। उन्होंने कहा कि नीट शुरू शुरू होने के बाद ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्रों पर असर पड़ा है। विजय ने तमिलनाडु के राज्य कोटा की एमबीबीएस, बीडीएस और आयुष सीटों पर 12वीं के अंकों के आधार पर एडमिशन की मांग की। बंगाल में भाजपा सरकार का नेतृत्व करने वाले सीएम शुभेंदु अधिकारी भी पहली बार बैठक में शामिल हुए। गैर भाजपा शासित तीन राज्यों के नए मुख्यमंत्री पहली बार बैठक का हिस्सा बने। इनमें कर्नाटक के मुख्यमंत्री शिवकुमार, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय और केरलम् के मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन शामिल थे।

पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को मिली नई पहचान, सशक्त राष्ट्र बनकर उभरा भारतः रेखा गुप्ता

■ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान भारत ने विकास, जनकल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत केवल वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाला देश नहीं, बल्कि दुनिया को दिशा देने वाला, नवाचार और समाधान प्रदान करने वाला एक सशक्त राष्ट्र बनकर उभरा है। शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने बताया कि डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, उड़ान योजना, आत्मनिर्भर भारत अभियान और मेट्रो विस्तार जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं ने देश की प्रगति को नई गति प्रदान की है। इन पहलों के माध्यम से भारत ने तकनीक, बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के जरिए लाखों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है, वहीं किसान सम्मान निधि ने किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की है। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली और प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीब परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं, युवाओं, किसानों और छोटे उद्यमियों को सशक्त बनाने वाली योजनाओं ने समावेशी विकास की मजबूत नींव रखी है और देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे को मजबूत किया है। रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली को बुनियादी ढांचे, परिवहन, स्वच्छता और संपर्क व्यवस्था के क्षेत्र में अभूतपूर्व सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि अमृत 2.0, स्वच्छ भारत मिशन, मेट्रो विस्तार, एक्सप्रेसवे परियोजनाएं और नमो भारत कॉरिडोर जैसी योजनाओं ने राजधानी के विकास को नई दिशा दी है।



गरीबों और वंचितों तक पहुंचा विकास का लाभ

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने में सरकार सफल रही है। जन धन योजना के माध्यम से बैंकिंग सुविधाएं आम लोगों तक पहुंचीं, जबकि मुफ्त राशन योजना ने जरूरतमंद परिवारों को राहत प्रदान की।

दिल्ली-एनसीआर में बारिश और आंधी का अलर्ट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के एनसीआर क्षेत्र में शुक्रवार को मौसम का मिजाज पूरी तरह बदलने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद और फरीदाबाद समेत पूरे एनसीआर क्षेत्र के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार दिनभर हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक के साथ आंधी और तेज हवाएं चल सकती हैं, जिनकी रफ्तार 60 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है। कुछ स्थानों पर इससे भी तेज झोंके देखने को मिल सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से दिल्ली-एनसीआर में मौसम तेजी से बदला है। इसके कारण बादल छाए रहने, गरज-चमक के साथ वर्षा होने और तेज हवाएं चलने की संभावना बनी हुई है। विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है।

श्रीलंका श्रृंखला में टी-20, एकदिवसीय में मिली जगह

भारतीय अंडर-19 महिला टीम में इंदौर की अनादि तागड़े

■ इंदौर

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने श्रीलंका अंडर-19 महिला टीम के भारत दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 महिला टीमों की घोषणा कर दी है। इस दौरे में तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मुकाबले खेले जाएंगे। घोषित टीम में इंदौर की तेज गेंदबाज एवं ऑलराउंडर अनादि तागड़े को टी-20 और एकदिवसीय दोनों प्रारूपों की भारतीय टीम में स्थान मिला है। अनादि का चयन मध्यप्रदेश क्रिकेट और इंदौर शहर के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है।

बीसीसीआई द्वारा घोषित भारतीय अंडर-19 टी-20 टीम में भविका अहिरे (कप्तान एवं विकेटकीपर), इरा जाधव, तनिष्का शर्मा, ईश्वरी आवसरे, अवनी चावड़ा, निधि महतो, पूर्वा सिवाच, कुमारी पलक, महक नरवसे (उपकप्तान), काश्वी कंडीकुप्पा, मैत्री मनियार, गौरी गोयल, जान्हवी वीरकर, अनादि तागड़े और के. दीक्षा (विकेटकीपर) को शामिल किया गया है।



अंडर-15, अंडर-19 की कप्तानी की

अनादि तागड़े पिछले कुछ वर्षों से भारतीय महिला क्रिकेट के आयु वर्ग ढांचे में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश अंडर-15 और अंडर-19 महिला टीम की कप्तानी की है। भारत 'बी' अंडर-19 टीम की ओर से दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध त्रिकोणीय श्रृंखला में भी उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया।

ग्वालियर से यशवर्धन और चंबल से मनन का चयन

मध्यप्रदेश के तीन युवा खिलाड़ियों यशवर्धन सिंह चौहान, मनल चौहान, और अनादि तागड़े का चयन भारत की-19 टीमों में हुआ है। यशवर्धन को बहु दिवसीय और एक दिवसीय टीम का कप्तान बनाया गया है जो श्रीलंका के विरुद्ध खेलेगी। यशवर्धन सिंह चौहान ग्वालियर से है और मनन चंबल से हैं। इन तीनों खिलाड़ियों का चयन एमपीसीए के लिए गौरव का विषय है।

राष्ट्रीय राजमार्गों की देखरेख में आएगा क्रांतिकारी बदलाव

राजमार्गों पर एआई-संचालित वाहन तैनात

■ नई दिल्ली

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने देश भर में उन्नत नेटवर्क सर्वे वाहन (एनएसवी) तैनात किए हैं, जो 3डी लेजर-आधारित तकनीक से लैस हैं। इस पहल को भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की डेटा-आधारित और सक्रिय रखरखाव प्रणाली की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। ये अत्याधुनिक वाहन लेजर प्रोफाइलर, जीपीएस प्रणाली, उच्च-रिजॉल्यूशन कैमरे और उन्नत 3डी लेजर सेंसर से सुसज्जित हैं, जिनका उद्देश्य राजमार्गों का सर्वेक्षण कर सड़कों की स्थिति का विस्तृत डिजिटल मानचित्र तैयार करना है। यह प्रणाली गड्ढों, दरारों, पैचवर्क और सड़क की सतह में मौजूद असमानताओं जैसी खामियों की पहचान कर सकती है, जिससे संबंधित एजेंसियां समय रहते सुधारात्मक कार्रवाई कर सकेंगी।



सड़क सुरक्षा होगी मजबूत

मंत्रालय के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य देश भर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना और सड़क सुरक्षा को मजबूत करना है। राष्ट्रीय राजमार्ग के कई गलियारों में पहले ही एनएसवी (नेशनल सर्विस व्हीकल) वाहन तैनात किए जा चुके हैं और उम्मीद है कि यह तकनीक सड़क परिसंपत्तियों की निगरानी और रखरखाव के तरीके को पूरी तरह बदल देगी। पारंपरिक सर्वेक्षण पद्धतियों के जरिए प्रतिदिन केवल 20 से 80 किलोमीटर सड़क का निरीक्षण किया जा सकता था, जबकि नई पीढ़ी के ये वाहन प्रतिदिन 300 किलोमीटर तक सर्वेक्षण करने में सक्षम हैं। मंत्रालय ने कहा कि इस बढ़ी हुई क्षमता से सड़क की खामियों का तेजी से पता लगाया जा सकेगा और मरम्मत कार्यों में लगने वाला समय भी काफी कम हो जाएगा।

उच्चतम न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला

गृहिणियों के काम की कीमत 30 हजार रु. माह

■ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने सड़क हादसों में जान गंवाने वाली गृहिणियों (होममेकर्स) को 'राष्ट्र निर्माता' बताते हुए गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। अब मुआवजे के लिए उनके घरेलू काम की न्यूनतम कीमत 30,000 रुपए प्रति माह मानी जाएगी। साथ ही कहा कि मुआवजे की गणना करते समय इस राशि को आधार करना चाहिए। देशभर में मोटर दुर्घटना के मामलों में मुआवजा तय करने के तरीके को बदलने वाले इस अहम फैसले में न्यायाधीश संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने गृहिणियों की काल्पनिक आय को कुशल मजदूरों की मजदूरी के बराबर मानने की पुरानी न्यायिक प्रथा को खारिज कर दिया। जिसमें गृहिणियों की आय को कुशल मजदूरों की दिहाड़ी के बराबर माना जाता था। अदालत ने कहा कि घर के कामों की सामाजिक और आर्थिक अहमियत बहुत ज्यादा है। इसे केवल सामान्य मजदूरी के तराजू में नहीं तौला जा सकता।

कुशल मजदूरों की पुरानी न्यायिक प्रथा को किया खारिज



महिला की हादसे में मौत पर आया फैसला

यह फैसला पंजाब में एक मोटर दुर्घटना दावे से जुड़ी अपील पर आया, जिसमें नवंबर 2001 में रेशमा नाम की एक महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उसके पति और तीन बच्चों ने मुआवजे के लिए मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण का दरवाजा खटखटाया था। न्यायाधिकरण ने 2003 में मुआवजा दिया, लेकिन यह मामला सालों तक मुकदमे में उलझा रहा।

गृहिणियों की कोई तय कमाई नहीं होती

दुर्घटना में जब किसी इंसान की मौत होती है, तब उसकी कमाई या वेतन के हिसाब से मुआवजा तय होता है, लेकिन गृहिणियों से जुड़े केस में यह मामला उलझ जाता है, क्योंकि गृहिणियों की कोई तय कमाई नहीं होती। अदालत ने कहा कि जब किसी दुर्घटना के कारण गृहिणी की मौत हो जाती है, तब उसका मुआवजा तय करते हुए उनके योगदान का आकलन आवश्यक है।

एचटी लाइन की चपेट में आने से ट्रक बॉडी मेकर की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय






- काम के दौरान एल्युमिनियम पट्टी बिजली लाइन से टकराई, परिवार में मचा कोहराम

बहेड़ी। ट्रक यूनियन रोड स्थित अपोलो टायर एजेंसी के सामने शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में ट्रक बॉडी मेकर की करंट लगने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह खड़े ट्रक की बॉडी बनाने का काम कर रहा था। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिवार में कोहराम छा गया।

जानकारी के अनुसार सकरस गांव निवासी 35 वर्षीय नन्हे पुत्र लियाकत खां ट्रक बॉडी बनाने का काम करता था। शुक्रवार को वह ट्रक यूनियन रोड पर खड़े एक ट्रक की बॉडी में एल्युमिनियम की पट्टी लगाने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान उसके हाथ में मौजूद एल्युमिनियम की लंबी पट्टी ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन से छू गई। लाइन के संपर्क में आते ही नन्हे को जोरदार करंट लगा और वह मौके पर ही गंभीर रूप से झुलसकर बेसुध हो गया। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोग तत्काल उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईटेंशन बिजली लाइन के नीचे इस प्रकार का कार्य कराना बेहद जोखिम भरा था। घटना के बाद क्षेत्र में यह चर्चा रही कि आखिर इतनी खतरनाक बिजली लाइन के नीचे सुरक्षा इंतजामों के बिना काम क्यों कराया जा रहा था। लोगों ने मामले में जिम्मेदारों की भूमिका की जांच की मांग की है। सूचना मिलने पर बहेड़ी पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बताया जाता है कि परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे। मृतक नन्हे अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए मजदूरी करता था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सार संक्षेप

डॉ. ए. मनिकंडन हटे, आईएएस सौम्या पांडेय को मिली उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे से पहले बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। शासन ने बीडीए के उपाध्यक्ष डॉ. ए. मनिकंडन को पद से हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया है। उनकी जगह 2017 बैच की आईएएस अधिकारी सौम्या पांडेय को बीडीए का नया उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें आरएफसी बरेली का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। डॉ. ए. मनिकंडन के कार्यकाल को बीडीए की सक्रियता और योजनाओं की रफ्तार के लिए याद किया जाएगा। उनके नेतृत्व में रुद्र वनम, सेंट्रल पार्क और रामायण वाटिका जैसी परियोजनाओं को धरातल पर उतारा गया। पर्यावरण संरक्षण और शहर के सौंदर्यीकरण को उन्होंने प्राथमिकता दी। ग्रेटर बरेली आवासीय योजना को आगे बढ़ाने के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज की गई और करीब 200 करोड़ रुपये के मुआवजे का वितरण कराया गया। 224 हेक्टेयर में विकसित हो रही यह योजना भविष्य की सबसे बड़ी आवासीय परियोजनाओं में शामिल है। रामगंगा नगर परियोजना, साइंस पार्क और रहपुरा जागीर की इंडस्ट्रियल टाउनशिप पर भी कार्य तेज किया गया। अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई उनकी कार्यशैली का अहम हिस्सा रही। नई उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय मूल रूप से प्रयागराज की रहने वाली हैं। उन्होंने 23 वर्ष की आयु में सिविल सेवा परीक्षा में देश में चौथी रैंक हासिल की थी। 2020 में कोविड काल के दौरान उन्हें बेस्ट डीएम अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनके आने से बीडीए की योजनाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

आंधी बनी काल, दीवार गिरने से मजदूर की मौत



बरेली। थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के ग्राम नरियावल में गुरुवार को आई तेज आंधी एक परिवार के लिए काल बन गई। गांव निवासी 35 वर्षीय मोहम्मद रिजवान पुत्र मुन्ने आंधी के दौरान दीवार गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार मोहम्मद रिजवान मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। आंधी और बारिश के समय वह घर में मौजूद था, तभी मकान की मुमटी की दीवार अचानक भरभराकर उसके ऊपर गिर पड़ी। हादसे में वह बुरी तरह जख्मी हो गया। आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सक उसे बचा नहीं सके। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी रहिला और दो छोटी बेटियां हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। घर के एकमात्र कमाऊ सदस्य की असमय मौत से परिवार पर आर्थिक संकट भी गहरा गया है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और हर संभव मदद दिलाए जाने की मांग की है, ताकि बेसहारा हुए परिवार को कुछ सहारा मिल सके।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य योग समारोह का आयोजन, 15 जून को स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा उद्घाटन

बरेली। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद में भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला अधिकारी अविनाश सिंह ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे दिनांक 15 जून को प्रातः 6:00 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली में आयोजित उद्घाटन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर योग कार्यक्रम में सहभागिता करें। जिला अधिकारी ने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसे शारीरिक रोगों के साथ-साथ तनाव, चिंता और अवसाद जैसे मानसिक रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, जिन्हें नियमित योग अभ्यास के माध्यम से काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। योग अपनाकर व्यक्ति स्वस्थ, ऊर्जावान और संतुलित जीवन जी सकता है।

झारखंड से लाया जा रहा सवा तीन कुंतल डोडा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

फतेहगंज पश्चिमी में नारकोटिक्स-पुलिस की बड़ी कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। फतेहगंज पश्चिमी ब्लाक क्षेत्र के कस्बा में बृहस्पतिवार देर शाम नारकोटिक्स और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डोडा तस्करी का भंडाफोड़ किया। टीम ने रहपुरा अंडरपास के पास हाईवे पर घेराबंदी कर सवा तीन कुंतल डोडा लदे एक कंटेनर को जब्त किया और दो तस्करों को हिरासत में लिया।

मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। बताया गया कि झारखंड से डोडा भरकर लाया जा रहा कंटेनर जैसे ही कस्बे के पास रहपुरा अंडरपास पहुंचा, पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। कंटेनर रुकते ही चालक समेत दो तस्कर भागने लगे, लेकिन टीम ने पीछा कर दोनों को दबोच लिया। कंटेनर की तलाशी लेने पर उसमें 32 बोरियों में भरा करीब सवा तीन कुंतल डोडा बरामद हुआ। हिरासत में लिए गए तस्करों में एक आरोपी मीरगंज थाना क्षेत्र के चुरई दलपतपुर गांव का निवासी है, जबकि दूसरा बिशारतगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि यह डोडा झारखंड से बरेली लाया जा रहा था और यहां पंजाब से आने वाले एक अन्य तस्कर के साथ इसकी डील तय थी। नारकोटिक्स टीम प्रभारी विकास यादव और थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीन कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों से सवा तीन कुंतल डोडा बरामद किया गया है। उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। पूछताछ पूरी होने के बाद दोनों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जाएगा।

बरेली परिक्षेत्र पुलिस का अपराधियों पर कड़ा प्रहार

जागरण मोर्चा कार्यालय



- 8 माह में 98 मुठभेड़ें, 175 गिरफ्तार, 21 इनामी अपराधी दबोचे

बरेली। मा० मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति तथा पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में अजय कुमार साहनी, पुलिस उपमहानिरीक्षक, बरेली परिक्षेत्र के नेतृत्व में बरेली, बदायूँ, पीलीभीत एवं शाहजहाँपुर जनपदों में अपराधियों के विरुद्ध व्यापक एवं प्रभावी अभियान चलाया गया। विगत 8 माह (01 अक्टूबर 2025 से 31 मई 2026) के दौरान गंभीर अपराधों में संलिप्त वांछित, इनामी एवं दुर्दांत अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की गई। इस अवधि में कुल 98 पुलिस मुठभेड़/कार्रवाइयाँ हुईं, जिनमें 175 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए। आत्मरक्षार्थ पुलिस कार्रवाई में 129 अभियुक्त घायल हुए, जबकि 2 दुर्दांत अपराधियों की मृत्यु हुई। कार्रवाई के दौरान 39 पुलिसकर्मी भी घायल हुए। अभियानों के तहत 21 इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी की गई। अपराधियों के कब्जे से अवैध शस्त्र, कारतूस एवं लूट, डकैती व चोरी का माल बरामद हुआ। बदायूँ के एचपीसीएल प्लांट हत्याकांड में एक अभियुक्त के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की गई। गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत 23 अभियोग पंजीकृत कर 83 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए तथा 4.98 करोड़ से अधिक की अपराध से अर्जित संपत्ति जब्त की गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। अपराधियों के विरुद्ध यह सख्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। जनता की सुरक्षा बरेली परिक्षेत्र पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पिता-पुत्र से मारपीट में तीन सगे भाईयों पर केस

बदायूं। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव समरेर निवासी राजेंद्र पाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 20 अप्रैल की रात 11 बजे वह अपने पुत्र मान बहादुर के साथ गांव दयोनी गंडाह से दावत खाकर घर लौट रहा था। तभी रास्ते में पुलिया के पास गांव के निखिल,कुनाल व अभिषेक पुत्रगण सूरजपाल खड़े थे। जिन्होंने उसे देखते ही गाली गलौज करना शुरु कर दी। जब उसने व बेटे ने गालियों का विरोध किया तो सभी ने लाठी-डंडों से मारपीट करनी शुरु कर दी। शोरशराबा सुनकर आसपास के तमाम लोग मौके पर आ गए। लोगों को देखकर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तीनों सगे भाइयों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का मामला

सीनियर डॉक्टरों की प्रताड़ना से टूटे एमडी छात्र ने तीसरी मंजिल से लगाई छलांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली जनपद स्थित प्रतिष्ठित श्रीराम मूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज में रैगिंग और गंभीर मानसिक उत्पीड़न का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कॉलेज के एमडी मेडिसिन प्रथम वर्ष के छात्र डॉ. आशु पाराशर ने सीनियर डॉक्टरों की लगातार प्रताड़ना से तंग आकर कथित तौर पर तीसरी मंजिल से कूदकर जान देने की कोशिश की। इस दर्दनाक घटना में छात्र को गंभीर चोटें आईं और लंबे समय तक उसे आईसीयू में भर्ती रहना पड़ा। पीड़ित छात्र के पिता सुधीर पाराशर की तहरीर पर भोजीपुरा थाना में सीनियर डॉक्टरों और कॉलेज प्रशासन सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, कॉलेज ज्वाइन करने के बाद से ही मेडिसिन विभाग के द्वितीय और तृतीय वर्ष के सीनियर छात्र डॉ. आशु को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। ड्यूटी के दौरान गाली-गलौज, अपमानजनक टिप्पणियां, भोजन से रोकना और रविवार की छुट्टी में भी जबरन ड्यूटी कराना आम बात थी। आरोप है कि पैरों में गंभीर जख्म होने के बावजूद जूते बदलने तक की अनुमति नहीं दी गई और लगातार 40-40 घंटे बिना ब्रेक ड्यूटी कराई गई। परिजनों का कहना है कि आशु ने विभाग की एचओडी डॉ. स्मिता गुप्ता से भी इसकी शिकायत की थी, लेकिन कॉलेज प्रबंधन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इसी उपेक्षा और लगातार दबाव के चलते 2 मई 2026 को सुबह करीब 11 बजे छात्र ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। हालत में सुधार होने पर आशु ने परिजनों को पूरी आपबीती बताई, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। पुलिस ने सीनियर डॉक्टर रितेश गोयल, डॉ. कुशाग्र शर्मा, डॉ. मानस खंडेलवाल, डॉ. लतिका, कुछ अन्य छात्रों और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस ने कानपुर से दबोचा, सुसाइड नोट के आधार पर दर्ज हुआ था केस

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। थाना कोतवाली बरेली पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक गंभीर मामले में फरार चल रहे आरोपी सुधीर कुमार उर्फ चूचू को कानपुर से गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई जिला अस्पताल में तैनात वार्डबॉय प्रदीप कुमार की आत्महत्या के बाद दर्ज मुकदमे के सिलसिले में की गई है, जिसमें सुसाइड नोट में आरोपी पर मानसिक प्रताड़ना और अवैध वसूली के गंभीर आरोप सामने आए थे।

जानकारी के अनुसार, 15 मई 2026 को जिला चिकित्सालय बरेली में ड्यूटी के दौरान वार्डबॉय प्रदीप कुमार ने आत्महत्या कर ली थी। मौके से मिले सुसाइड नोट में सुधीर कुमार उर्फ चूचू पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी सुर्खा वानखाना, थाना प्रेमनगर का नाम साफ तौर पर लिखा था। नोट में उल्लेख था कि आरोपी करीब 10 साल पुराने पैसों को लेकर लगातार दबाव बना रहा था और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए लगभग 30 लाख रुपये की अवैध वसूली कर चुका था। इस मामले में मृतक की बेटी मानसी शर्मा की तहरीर पर थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। कोतवाली पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और गोपनीय सूचना के आधार पर उसकी लोकेशन कानपुर में ट्रेस की। 12 जून 2026 को पुलिस टीम ने कानपुर रेलवे स्टेशन के पास स्थित होटल से दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ न्यायालय से गैर-जमानती वारंट (NBW) भी जारी था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह मुकदमे में गिरफ्तारी से बचने के लिए जगह-जगह छिपता फिर रहा था। थाना कोतवाली बरेली पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में रिमांड के लिए पेश किया है। आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊजार्वान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊजार्वान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्रः 7579849555, 9627739857
मिलने का समयः दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पताः सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।



घटना | भमोरा के गांव केमुआ में बवाल, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

दबंगों पर महिला के घर में घुसकर हमला व लूट का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। जनपद के भमोरा थाना क्षेत्र के गांव केमुआ में एक महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट व लूटपाट का गंभीर आरोप सामने आया है। पीड़िता रेशमा का कहना है कि पड़ोस के दबंग परिवार के लोगों ने जबरन उसके घर में घुसकर उसके और उसके बेटे पर हमला कर दिया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है।

रेशमा के मुताबिक, आरोपियों ने पहले घर का दरवाजा तोड़ा और फिर गाली-गलौज करते हुए बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। हमले के दौरान नाक और कान में पहने सोने के जेवर भी जबरन छीन लिए गए। पीड़िता का आरोप है कि दबंगों ने एकजुट होकर उसके साथ अभद्रता की और उसके बेटे को भी नहीं बख्शा, जिससे दोनों घायल हो गए।

घटना के बाद रेशमा ने थाना भमोरा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन उसका आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इससे आहत होकर पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में घर के भीतर मारपीट का दृश्य दिखाई दे रहा है, हालांकि वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। फिलहाल पीड़िता पुलिस कार्रवाई का इंतजार कर रही है, जबकि गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं जारी

बिजली गुल, इनवर्टर फेल, अंधेरे में मोमबत्ती बनी सहारा

बरेली। 10 जून को आई तेज आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने बरेली की जीवनशैली को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। शहर के अलग-अलग इलाकों में दर्जनों पेड़ धराशायी हो गए, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं और यातायात प्रभावित रहा। वहीं कई स्थानों पर बिजली के पोल गिरने से विद्युत आपूर्ति बुरी तरह चरमरा गई। तेज हवाओं और बारिश के चलते घंटों बिजली गुल रही। लगातार बिजली कटौती और वोल्टेज के उतार-चढ़ाव से कई घरों के इनवर्टर भी जवाब दे गए। हालात ऐसे बने कि रात होते ही पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। बिजली और इनवर्टर दोनों के फेल होने के बाद लोगों को एक बार फिर पुराने सहारे—मोमबत्ती और दीये—की याद आई। घरों, दुकानों और गलियों में मोमबत्ती की लौ जलती नजर आई, जो अंधेरे में जनता का एकमात्र सहारा बनी। आंधी-बारिश से जहां गर्मी और उमस से कुछ राहत जरूर मिली, वहीं बिजली व्यवस्था के ध्वस्त होने ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। नगरवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने और भविष्य में ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।


मोबाइल नंबर-

7906815587, 9758444242

एक नजर

संगठन का किया विस्तार

रामपुर। मदद एक आस फ़ाउंडेशन ने जिले में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए तहसील स्वार में



कपिल गुप्ता को अध्यक्ष नियुक्त किया ।जिला अध्यक्ष संचित कपूर ने बताया कपिल गुप्ता फाउंडेशन के साथ निरन्तर सेवा में योगदान दे रहे हैं। सभी तहसीलों में जल्द अध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे ।राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा ने बताया सदस्यता अभियान निरंतर रूप से रामपुर के साथ साथ विभिन्न जिलों में चलाया जा रहा है।

14 साल पुराने आर्म्स एक्ट के मामले में वारंटी गिरफ्तार

मसवासी। स्वार पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में कार्रवाई करते हुए 14 वर्ष पुराने आर्म्स एक्ट के मामले में एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से पकड़कर न्यायालय में पेश कर दिया ।थाना स्वार पुलिस के अनुसार वाद संख्या 3834/12 एवं अपराध संख्या 649/06, धारा 25 आर्म्स एक्ट से संबंधित मामले में वांछित चल रहे जमील अहमद पुत्र शफी अहमद निवासी सड़क का मझरा, थाना स्वार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी था, जिसके अनुपालन में पुलिस टीम ने उसके घर पर दबिश देकर उसे हिरासत में लिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। गिरफ्तारी की कार्रवाई उपनिरीक्षक सूरज सिंह चौहान, हेड कांस्टेबल संजीव कुमार शर्मा और हेड कांस्टेबल संदीप कुमार द्वारा की गई।

जिला अस्पताल की लिफ्ट का ठेका हुआ समाप्त, दिनभर भटकते रहे मरीज

31 मार्च 2026 को हो गया था समाप्त, एडी कार्यालय से बढ़ाया गया था दो माह का समय

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। जिला अस्पताल की लिफ्ट का ठेका समाप्त हो गया है। जिसके कारण शुक्रवार को पूरे दिन लिफ्ट बंद रही। अस्पताल की लिफ्ट बंद होने के कारण प्रथम और दूसरे तल तक पहुंचने के लिए लोगों को सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ा। सबसे अधिक दिक्कत बुजुर्ग, दिव्यांग और गंभीर मरीजों को हुई।

जिला अस्पताल में प्रतिदिन करीब 800 से 900 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। अस्पताल के दूसरे तल पर नेत्र रोग, सीटी स्कैन, पैथोलॉजी लैब, डाक्टरों की ओपीडी कक्ष हैं। शुक्रवार को लिफ्ट बंद होने के बाद मरीजों की परेशानी और बढ़ गई। खासतौर पर खून की जांच कराने आने वाले बुजुर्ग मरीजों और आंखों के मरीजों को ऊपरी मंजिल तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लेकिन लिफ्ट बंद होने से अस्पताल स्टाफ को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



जिला अस्पताल की बंद पड़ी लिफ्ट। -जागरण मोर्चा

ऐसे में अस्पताल प्रशासन का दावा है कि जिला अस्पताल की लिफ्ट बंद नहीं हुई। इसका ठेका समाप्त हो गया है।

सप्ताह भर पहले दिए गए थे आपरेटरों को नोटिस

सप्ताह भर जिला अस्पताल की लिफ्टों पर तैनात आपरेटरों को नोटिस दिए गए थे। नोटिस में साफ लिखा था कि जिस कार्यदायी संस्था की ओर से आपरेटरों को तैनात किया गया था। उसका ठेका समाप्त हो चुका है। नए ठेका होने पर आपरेटरों को रखा जाएगा। लिफ्ट के संचालन के लिए आपरेटरों की तैनाती 7 साल पहले हुई थी। जब ही से लिफ्टों पर तैनात आपरेटर की इनकी देखरेख कर रहे थे। ठेका समाप्त होने पर इनकी जगह तीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों नियुक्त किए हैं। जिसमें माजिद, नाजिम और श्याम के नाम शामिल है जोकि शिफ्टवार लिफ्ट पर तैनाती रहेगी। माजिद शाम में, नाजिम सुबह और श्याम रात में तैनात रहेंगे।

हमारा ठेका 31 मार्च 2026 को समाप्त हुआ था। लेकिन एडी कार्यालय की ओर दो माह का समय बढ़ा दिया गया। अब पूरी तरह से ठेका समाप्त हो चुका है। अब नए सिरे से शासन स्तर से ठेका होगा। -**प्रवेश गुप्ता, कार्यदायी संस्था ठेकेदार**

आकाशीय बिजली गिरने से लाइटिंग एरेस्टर और 6 इंसुलेटर हुए खराब

- **16 घंटे बिजली नहीं आने पर उपभोक्ता रात भर रहे परेशान, इन्वर्टर, मोबाइल भी हुए डाउन**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। गुरुवार की रात आकाशीय बिजली पनवड़िया से आ रही पहाड़ी गेट की 33 केवी लाइन पर गिर गई। जिससे एलए लाइटिंग अरेस्टर फुंक गए और 6 इंसुलेटर भी खराब, 11 हजार की लाइनों में खराबी आ गई। रात भर और आधा दिन तक लाइट नहीं आने पर लोगों के घरों में लगे इन्वर्टर डाउन और पानी की टंकियां खाली हो गई।

शुक्रवार की दोपहर 3 बजे तक बाधित आपूर्ति सुचारू हुई। उधर 16 घंटे तक बिजली नहीं आने पर बिजली निगम के अधिकारियों के फोन घनघनाने शुरू हो गए।



पहाड़ी गेट बिजलीघर में कार्य कराते एसडीओ। -जागरण मोर्चा

रात में लोगों ने बिजलीघर पहुंचकर नहीं आने का कारण जानना चाहा। जिसमें बताया कि लाइट सुबह आ पाएगी। जैसे-तैसे करके लोगों ने रात जागकर गुजारी। सुबह होने पर तुरंत ही एक्सईएन, एसडीओ तकनीकी, जेई पहाड़ी गेट बिजलीघर पहुंचे। जहां उन्होंने बिजली गिरने से एलए लाइटिंग अरेस्टर और 6 इंसुलेटर को सही कराए जाने का कार्य कराया गया। बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार सप्लाई दोपहर 1बजे नार्मल हो गई। लेकिन अन्य फीडर में आई खराबी को सही करने में समय लग गया। सही होने पर आपूर्ति दोपहर 3 बजे तक सुचारू हुई। एसडीओ तकनीकी एमबी सिंह ने बताया कि 33 केवी लाइन पर आकाशीय बिजली गिरने से लाइटिंग एरेस्टर, 6 इंसुलेटर खराब हो गए। जिससे सही कराए जाने में समय लग गया।

घर में घुसकर की मारपीट और अश्लील हरकतें

- **सात नामजद आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज**

जागरण मोर्चा कार्यालय

स्वार। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रैंप निर्माण को लेकर चल रहे विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। एक महिला ने गांव के सात लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़, कपड़े फाड़ने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि यदि उसकी पहले की शिकायत पर पुलिस ने समय रहते कार्रवाई की होती तो यह घटना नहीं होती। पुलिस ने तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली के गांव निवासी एक महिला का आरोप है कि उसके मकान के सामने रैंप बनाने को लेकर उसका गांव के कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। 23 मई को भी इसी मामले में कहासुनी हुई थी। जिसकी शिकायत उसने मसवासी चौकी पुलिस से की थी। आरोप है कि शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय पुलिस ने उल्टा उसके भतीजे का शांति भंग में चालान कर दिया था। इससे आरोपियों के हौसले और बढ़ गए। महिला का आरोप है कि इसी रंजिश के चलते सईद आलम, खुर्शीद आलम, फरीद आलम समेत सात लोग उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर उसके साथ छेड़छाड़ की गई, अश्लील हरकतें की गईं और कपड़े तक फाड़ दिए गए।

शोर सुनकर बचाने पहुंचे उसके पति और जेठ को भी आरोपियों ने पीट दिया। महिला ने बताया कि आसपास के ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। जाते समय परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा है कि यदि 23 मई को दी गई शिकायत पर मसवासी चौकी पुलिस निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई करती तो मामला इतना नहीं बढ़ता। पीड़िता भी पुलिस की शुरुआती उदासीनता को घटना की बड़ी वजह बता रही है। अब रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच की बात कह रही है।

बाल श्रम उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान

- **अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर संगोष्ठी आयोजित**

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस 2026 के अवसर पर बाल श्रम निषेध सप्ताह के अंतर्गत जेआर पैलेस, मुरादाबाद रोड स्थित में गोष्ठी एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल श्रम उन्मूलन, बच्चों के शिक्षा के अधिकार तथा श्रमिक कल्याण योजनाओं के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

सहायक श्रमायुक्त विद्या प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। उन्होंने वर्ष 2026 की थीम "प्रगति स्पष्ट है लेकिन अभी और काम करना बाकी है,



महिला को कार्ड देते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

आइए प्रयासों में तेजी लाएं" पर प्रकाश डालते हुए लोगों से अपील की कि जहां कहीं भी बाल श्रम की जानकारी मिले, वहां बच्चों को मुक्त कराने में सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार का बाल श्रम न कराएं। श्रम प्रवर्तन अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने श्रमिकों के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, शिक्षा प्रोत्साहन योजना, आवासीय विद्यालय योजना, कौशल विकास, कन्या विवाह सहायता, आपदा राहत, पेंशन, गंभीर बीमारी सहायता तथा मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता जैसी योजनाओं का लाभ पात्र श्रमिकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के प्रतिनिधि श्री अरविन्द भास्कर ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत कक्षा 1 से 8 तक निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की जानकारी देते हुए समाज के लोगों से अधिकाधिक बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया। सहायक श्रमायुक्त विद्या प्रकाश शर्मा ने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति के सभी सदस्य अपने-अपने स्तर पर बाल श्रम रोकने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2028 तक जनपद को बाल श्रम से मुक्त कराने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा।

इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डॉ. आर.के. वर्मा, अरविन्द भास्कर, एएचटीयू टीम के संजय नागर, मजदूर संघों के प्रतिनिधि तथा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

इंडेन बॉटलिंग प्लांट में इमरजेंसी मॉक ड्रिल, सुरक्षा इंतजामों को परखा

जागरण मोर्चा कार्यालय

मसवासी। क्षेत्राधिकारी स्वार ने शुक्रवार को घोसीपुरा स्थित इंडेन बॉटलिंग प्लांट में आयोजित इमरजेंसी मॉक रिस्पॉन्स ड्रिल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।ड्रिल के दौरान गैस रिसाव समेत विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का अभ्यास किया गया।

मॉक ड्रिल में प्लांट कर्मचारियों, पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमों ने आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई का प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सुरक्षा मानकों के अनुरूप बचाव एवं राहत कार्यों का अभ्यास कर अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया ।निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी स्वार ने प्लांट परिसर में मौजूद सुरक्षा उपकरणों और आपदा प्रबंधन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा मानकों का हर हाल में पालन किया जाए तथा किसी भी आपात स्थिति में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें ।उन्होंने कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करना और संभावित हादसों से निपटने के लिए तैयारियों का परीक्षण करना है ।इस दौरान पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग तथा इंडेन बॉटलिंग प्लांट प्रबंधन के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

सफाई मशीन चोरी में तय नहीं हुए आरोप

- **जौहर विवि में बनी पानी की टंकी के मामले में सुनवाई टली**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट न्यायालय में जौहर विवि से बरामद नगर पालिका के सफाई मशीन बरामद मामले में शुक्रवार को पूर्वमंत्री आजम खां, अब्दुल्ला आजम, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, फात्मा जबीं, तत्कालीन ईओ सैयद तारिक मियां के कई मामले में आरोप तय नहीं हो सके।

थाना कोतवाली में भाजपा नेता बाकर अली खां की तहरीर पर नगर पालिका की सफाई मशीन चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था। जोकि ट्रायल है शुक्रवार को हड़ताल होने की वजह से सुनवाई 25 जून तक टाल दी गई है। जबकि जौहर विवि में सपा शासनकाल में बनाया गया



ओवरहेड टैंक के मामले में तत्कालीन नायब तहसीलदार केजी मिश्रा ने पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें अगली सुनवाई 25 जून को होगी। जबकि सेशन कोर्ट में शुक्रवार को गवाह को धमकाने के मामले में दारोगा अमर पाल सिंह राठौर के पेश न होने पर उसके गैर जमानती वारंट जारी करते हुए सुनवाई के लिए 18 जून मुकर्रर कर दी है। वहीं डूंगरपुर के एक मामले के आरोपियों के बयान दर्ज कराने के लिए 18 जून मुकर्रर कर दी है।

खेत में काम रहे युवक को सांप ने डसा, अस्पताल में कराया भर्ती

शाहबाद। खेत में काम कर युवक को सांप ने डस लिया, जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ने लगी। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों के द्वारा परिजनों को सूचना दी गई। परिजन युवक को उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने युवक को भर्ती कर उपचार शुरू किया।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शाहबाद के भीतरगांव में गुड्डू अपने खेत में खाद डाल रहे थे, इसी दौरान खेत में मौजूद विषैले सांप ने गुड्डू के पैर में फन मार दिया। सांप के डसते ही गुड्डू की हालत बिगड़ने लगी। गुड्डू को अचेत होता देख आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने दौड़कर उसके परिजनों को सूचना दी।

गुस्सा अधिवक्ता, स्टांप वेंडर और टाइपिस्ट ने तहसील सदर में किया प्रदर्शन

निजीकरण का रजिस्ट्री कार्यालय में किया गया विरोध

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। सरकार द्वारा उपनिबंधक कार्यालय के कार्यों को निजीकरण के विरोध में शुक्रवार को तहसील सदर अधिवक्ता, स्टांप वेंडर और टाइपिस्ट ने विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही कामकाज ठप कर कलम बंद हड़ताल कर दी। जिससे लोगों को तहसील से जुड़े कार्यों को पूरा करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार को निजीकरण के विरोध में तहसील सदर में धिवक्ता, स्टांप वेंडर और टाइपिस्ट की बैठक हुई। जिसमें सरकार द्वारा उपनिबंधक कार्यालय के कार्यों को निजीकरण



तहसील सदर में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता, स्टांप वेंडर।

के विरोध किया गया। इसके बाद एक ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजा गया। जिसमें अधिवक्ताओं का कहना है कि सरकार द्वारा निजीकरण को नहीं रोका गया तब तक हड़ताल जारी रहेगी। विरोध प्रदर्शन करने वालों में प्रदीप कुमार, दिलीप सक्सेना, अंकुश सक्सेना, भरत कुमार, अमित कुमार नोटियाल, अभिषेक सक्सेना, मुख्तार अहमद, राजकुमार, कृष्ण कुमार, शिवम शंखधार, सालिम, विजेंद्र सिंह, कटारिया, रेहान, ताहिर अली, शहजाद, अनूप सिंह आदि मौजूद रहे।

सार संक्षेप

मिलक के तीन बत्ती चौराहे पर लगे बोर्ड पर परशुराम लिखने पर विवाद



मिलक। मिलक विधानसभा क्षेत्र में लगे एक बोर्ड पर शब्दों के चयन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। 38 मिलक विधानसभा क्षेत्र की विधायक राजबाला द्वारा मिलक के तीन बत्ती चौराहे पर लगवाए गए बोर्ड पर भगवान परशुराम की जगह केवल परशुराम लिखे जाने पर सनातन धर्म को मानने वाले लोगों ने कड़ी आपत्ति जताई है। स्थानीय लोगों और सनातन धर्मावलंबियों का कहना है कि भगवान परशुराम सनातन धर्म के पूज्य अवतार हैं। बोर्ड पर उनका नाम परशुराम लिखना धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। इसी को लेकर आज सनातन धर्म को मानने वाले लोगों के प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी मिलक के लिए एक ज्ञापन नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि बोर्ड पर तुरंत भगवान परशुराम लिखा जाए और भविष्य में इस तरह की गलती न दोहराई जाए। ज्ञापन लेकर नायब तहसीलदार कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मामले को संज्ञान में लेकर संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। ज्ञापन पर प्रखर वशिष्ठ सभासद एवं जिला प्रमुख युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी, संजीव गुप्ता आदि के हस्ताक्षर हैं प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने कहा कि भगवान परशुराम हमारे आराध्य हैं और उनके नाम का सम्मान सर्वोपरि है। प्रशासन को चाहिए कि धार्मिक चिह्नों और नामों के साथ पूरा सम्मान बरता जाए।

पुतला फुंकने में 25 को आएगा फैसला

रामपुर। प्रदेश सरकार का पुतला फुंकने के मामले में कांग्रेसियों के खिलाफ शुक्रवार को भी हड़ताल के कारण फैसला नहीं आ सका। इस मामले में अलगी सुनवाई 25 जून को होगी। सरकार का पुतला फुंकने के आरोप में पूर्व विधायक संजय कपूर, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मुर्ती उर रहमान, अरशद अली खां गुड्डू, मामून शाह खां, नोमान खां, अदनान खां नामजद है। इस मामले की सुनवाई 29 मई को पूरी हो चुकी है। शुक्रवार को इसमें फैसला आना था। लेकिन अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण सुनवाई 25 जून तक के लिए टाल दी गई है अब अदालत 25 को फैसला सुना सकती है।

अधिवक्ता न्यायिक कार्य से रहे विरत

मिलक। इलाहाबाद हाईकोर्ट के नोटिस और रामपुर में हाईकोर्ट बैंच स्थापना की मांग को लेकर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने 12 जून को न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया बार एसोसिएशन मिलक के सभागार में आयोजित आम सभा में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। सभा की अध्यक्षता श्री सतीश चन्द्र गंगवार ने की और संचालन महासचिव श्री रमेश चन्द्र ने किया ।बार पदाधिकारियों ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा यूपी की समस्त बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को हड़ताल न करने के संबंध में शपथ पत्र/अण्डरटेकिंग मांगने के नोटिस के विरोध में यह कदम उठाया गया है। साथ ही रामपुर में हाईकोर्ट बैंच स्थापना केन्द्रीय संघर्ष समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आवाह्न पर भी समर्थन जताया गया ।बार एसोसिएशन ने उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार मिलक के न्यायालयों को इस संबंध में सूचित कर दिया है। बार के मुताबिक 12 जून को मिलक के समस्त अधिवक्ता पूरी तरह न्यायिक कार्य से विरत रहें।



ज्ञापन के साथ मौजूद अधिवक्ता।

रात भर ठप रही भोट क्षेत्र की विद्युतापूर्ति

भोट। बृहस्पतिवार रात करीब बारह बजे तेज आधी व बारिश के दौरान विद्युत लाइन में जगह -जगह पेड़ों की टहनियां गिरने से भोट सब स्टेशन से जुड़े सभी गांवों की विद्युतापूर्ति ठप हो गयी। ।तेज हवा के कारण विद्युत लाइनों में कई स्थानों पर पेड़ गिर गए वहीं लालपुर से भोट उपकेन्द्र को आ रही हाईटेंशन लाइन में भी पेड़ गिरने से भोट उपकेन्द्र की सप्लाई बंद हो गयी ।जिससे रात करीब 12 बजे भोट उपकेन्द्र से जुड़े सभी फीडरों की विद्युत सप्लाई बंद हो गयी ।जिससे सब स्टेशन से जुड़े सभी गांवा में अंधेरा छा गया ।रात में ही बारिश रूकने के बाद टीम ने पेट्रौलिंग शुरू कर दी और सुबह करीब पांच बजे विद्युतापूर्ति बहाल कर दी गयी।द्ध इस दौरान करीब पांच घंटे तक विद्युतापूर्ति बाधित रहने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा ।जेई ओमप्रकाश पटेल ने बताया कि लाइनों में पेड़ों की टहनियां गिरने से रात बारह बजे विद्युतापूर्ति बाधित हो गयी थी। बारिश रूकते ही लाइनों की पेट्रौलिंग की गयी और सुबह करीब पांच बजे भोट सब स्टेशन से जुड़े सभी गांवों की विद्युतापूर्ति सुचारू कर दी गयी है।



उपलब्धियों की जानकारी देते पूर्व जिलाउपाध्यक्ष पंकज लोधी। -जागरण मोर्चा

मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर उपलब्धियां गिनाईं

भोट। केंद्र में मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ताओं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया । इस दौरान गांव -गांव जाकर जनसंपर्क किया और जनता को केन्द्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बारह साल की उपलब्धियां गिनाईं। शुक्रवार को पूर्व जिलाउपाध्यक्ष पंकज लोधी व सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक राजकिशोर सैनी के साथ चमरव्वा मंडल कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के बांसनगली,पीपलगांव, थूनापुर व मिलक याकूब गांवों में जनसंपर्क किया केंद्र में मोदी सरकार के बारह साल पूरे होने पर केन्द्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी दी। ।मोदी जी के नेतृत्व के कारण ही देश को आत्मविश्वास का एहसास हुआ। यही कारण है कि देश की सेनाएं अब दुश्मनों के घर में घुसकर वार कर रही हैं। दुनिया भारत की धमक को महसूस कर रही है। इस दौरान कांता प्रसाद लोधी,चेतराम,लालता प्रसाद लोधी,बालजीत सैनी,ओमवीर सिंह सैनी,विनोद दिवाकर आदि मौजूद रहे।

मानसून सत्र में सांसदों को दिल्ली में ज्ञापन देंगे शिक्षक

रामपुर। राष्ट्रीय आह्वान पर जनपद में प्राथमिक शिक्षक संघ की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के बाद उत्पन्न परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने हेतु केंद्र सरकार से शिक्षा का अधिकार अधिनियम एवं नियमावली में आवश्यक संशोधन कराने की मांग उठाई गई। बैठक में बताया कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने आगामी संसद के मानसून सत्र के दौरान देशभर के सांसदों से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मिलकर ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। ज्ञापन के माध्यम से सांसदों से अनुरोध किया जाएगा कि वे संसद में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएं तथा वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त करने के लिए विधेयक अथवा संशोधन प्रस्ताव लाने हेतु केंद्र सरकार पर दबाव बनाएं। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल एवं जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि नियुक्ति के समय लागू नियमों के आधार पर सेवा में आए शिक्षकों पर वर्षों बाद नई शर्तें लागू करना न्यायसंगत नहीं है बैठक में दिलशाद वारसी, मनोज कुमार सागर, छत्रपाल सिंह यादव, महेंद्र प्रताप सिंह,आनंद सिंह भंडारी, तहसीन आलम खान, सतीश गिरोह, संतोष प्रसाद, मोहित यादव, मोहम्मद खालिद खान सहित अनेक शिक्षक नेताओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया तथा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान का समर्थन करते हुए मानसून सत्र के दौरान सांसदों को ज्ञापन देने के अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com



शहर विधायक आकाश सक्सेना की नाराजगी के बाद डीएम ने जांच के लिए गठित की कमेटी

शहर में खुले में चल रहीं मीट की दुकानें, डीएम ने दिए जांच के आदेश

- कमेटी संयुक्त अभियान चलाकर करेगी जांच, नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



रामपुर। शहर में खुले में ही मांस की दुकानें संचालित हो रही हैं। जिस कारण संक्रामक रोगों के फैलने की संभावना बढ़ गई है। ऐसे में शहर विधायक आकाश सक्सेना की नाराजगी के बाद जिलाधिकारी ने जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। अब यह कमेटी संयुक्त रूप से जांच कर मानकों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

शहर में मांस की दुकानों की भरमार है। कई इलाकों में तो खुले में ही मांस की दुकानें संचालित हो रही हैं। खासकर, घेर मर्दान खां, हामिद स्कूल के बराबर वाली गली में, पीला तालाब, फूलों वाली बगिया, सिविल लाइंस, ज्वालानगर, नालापार, अजीतपुर आदि स्थानों के हालात तो ऐसे हैं कि पूरे दिन सड़कों के किनारे ही पशुओं के अवशेष पड़े रहते हैं।

इस वजह से बदबू आती रहती है। साथ ही संक्रामक रोगों के फैलने का डर बना हुआ है। इसके अतिरिक्त सिविल लाइंस क्षेत्र में कई मीट के रेस्टोरेंट मानकों के विपरीत चल रहे हैं, लेकिन इन पर न तो खाद्य विभाग की नजर है और न ही प्रशासन की। ऐसे में मामला संज्ञान में आते ही शहर विधायक आकाश सक्सेना ने जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी से शिकायत की है। इसमें उन्होंने खाद्य विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। साथ ही जिलाधिकारी ने मांस की दुकानों की जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया है। इसमें सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी शामिल हैं। जिलाधिकारी ने कहा है कि मांस के रेस्टोरेंट और मांस की दुकानों की गहन जांच की जाएगी। इसमें जो दुकानें या रेस्टोरेंट मानकों के विपरीत चलते मिलेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

खुले में मांस बेचने पर प्रतिबंध

रामपुर। खुले में मांस लटकाकर बेचना, काटना या प्रदर्शित करना नियमों के विरुद्ध है। मांस को काले शीशे की दुकानों में ढककर रखना, स्वच्छ वातावरण में बिक्री करना तथा ग्राहकों के स्वास्थ्य संबंधी मानकों का पालन करना आवश्यक है।

> शहर में कई इलाकों में मांस की दुकानें अवैध तरीके से संचालित हो रही हैं। ये दुकानदार न सिर्फ अवैध तरीके से मांस की बिक्री कर रहे हैं, जिससे संक्रामक रोग फैल रहे हैं और लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कोई भी कार्य मानकों के दायरे में होना चाहिए। **-आकाश सक्सेना, शहर विधायक**

एफएसएसएआई लाइसेंस अनिवार्य

मांस की दुकान, होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट या किसी भी खाद्य व्यवसाय को चलाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण का पंजीकरण या लाइसेंस आवश्यक है। बिना लाइसेंस संचालन पर कार्रवाई, जुर्माना या प्रतिष्ठान सील किया जा सकता है।

स्थानीय निकाय से लाइसेंस

नगर पालिका या नगर पंचायत क्षेत्र में मीट की दुकान चलाने के लिए स्थानीय निकाय से व्यापार लाइसेंस लेना आवश्यक होता है। कई नगर निकाय समय-समय पर दुकानों के स्थान, स्वच्छता और संचालन संबंधी शर्तें निर्धारित करते हैं।

सार संक्षेप

अधिसूचित आपदाओं से प्रभावित पात्र व्यक्तियों को मिलेगी राहत सहायता: जिलाधिकारी

रामपुर। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनपदवासियों को बताया कि उत्तर प्रदेश शासन एवं भारत सरकार द्वारा अधिसूचित विभिन्न आपदाओं के कारण जनहानि, पशुहानि, मकान क्षति एवं फसल क्षति होने की स्थिति में पात्र प्रभावित व्यक्तियों को शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं प्रावधानों के अनुसार राहत सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि आकाशीय बिजली गिरने, बाढ़, अतिवृष्टि,भारी वर्षा, ओलावृष्टि, आंधी-तूफान, सर्पदंश, अग्निकांड, शीतलहर, लू,तापघात, भूस्खलन, भूकंप, सूखा, जंगली पशुओं के हमले, डूबने की घटनाओं, कीट एवं रोग प्रकोप से फसल क्षति, सीवर सफाई के दौरान दुर्घटना, गैस रिसाव तथा बोरवेल में गिरने जैसी अधिसूचित आपदाओं के कारण किसी भी प्रकार की क्षति होने पर प्रभावित व्यक्ति अथवा उनके परिजन तत्काल इसकी सूचना संबंधित लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, तहसील प्रशासन अथवा जिला आपदा नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराएं। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत अधिकारियों, सचिवों, कोटेदारों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों से कहा की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शासन की इस व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार तय करें, ताकि आपदा से प्रभावित कोई भी पात्र व्यक्ति राहत सहायता प्राप्त करने से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से बताया कि जनहानि (मृत्यु) के मामलों में राहत सहायता प्रदान किए जाने हेतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट अनिवार्य है। इसलिए ऐसी घटनाओं में नियमानुसार पोस्टमार्टम की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे राहत सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी की जा सके।

पंचायत सहायकों ने कार्य बहिष्कार की दी सूचना



अधिकारी को ज्ञापन देते कर्मचारी।

मिलक। विकास खंड मिलक के समस्त पंचायत सहायकों ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में 1 जून 2026 से 15 जून 2026 तक कार्य बहिष्कार की सूचना दी है। सहायकों का कहना है कि शासन द्वारा मांगों पर सकारात्मक निर्णय और आश्वासन मिलने तक वे नियमित शासकीय कार्यों और उपस्थिति से विरत रहेंगे। सहायक विकास अधिकारी, विकास खण्ड मिलक को सौंपे गए ज्ञापन में पंचायत सहायकों ने कहा कि वे लंबे समय से लंबित न्यायसंगत मांगों को लेकर शासन और उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराना चाहते हैं। प्रदेश संगठन के आह्वान पर यह निर्णय लिया गया है। पंचायत सहायकों की प्रमुख मांगें हैं कि मानदेय में सम्मानजनक और यथोचित वृद्धि की जाए ।नियमीतीकरण कर सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए। अन्य कर्मचारियों की भांति आवश्यक सेवा सुविधाओं का लाभ दिया जाए। पंचायत सहायक के परिवार को आयुष्मान योजना से जोड़ा जाए। मानदेय ग्राम पंचायत निधि से दिए जाने की व्यवस्था समाप्त की जाए ।मानदेय सीधे पी एफ एम एस के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा निर्धारित तिथि पर भुगतान किया जाए, ताकि समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश स्तर पर बार-बार अनुरोध और ज्ञापन देने के बावजूद कोई सकारात्मक निर्णय न होने के कारण यह कदम उठाना पड़ा। सहायकों ने आंदोलन को पूर्णत: लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण बताया है। ज्ञापन में पूनम, संजीव कुमार,रूबी कुमारी, पूजा देवी, राहुल शर्मा,रजनी, राकेश कुमार, कमल कुमार, निशा बी,पूनम गंगवार, शिखा गंगवार,कांता कुमारी आदि के हस्ताक्षर हैं।

3 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी विटामिन ए की खुराक

- अभियान में 9 माह से 5 वर्ष तक बच्चों को किया गया शामिल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। जनपद में 3 लाख 9 हजार 45, 9 माह से पांच वर्ष तक बच्चों को विटामिन ए की खुराक खिलाई जाएगी। जनपद में यह अभियान 10 जून से शुरू हो चुका है। खुराक पीने से रतौंधी, अंधापन बचाव एवं उपचार, कुपोषण से बचाव एवं उपचार, कुपोषण से लडने के लिए प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोत्तरी होती है। नोडल अधिकारी डॉ. के के चहलन ने बताया कि जनपद में 10 जून से विटामिन ए समपूरण कार्यक्रम आयोजित है। बच्चों को वर्ष में दो बार विटामिन ए की खुराक पिलाने का विशेष कार्यक्रम चलाया जाता है। विटामिन ए आंखों की बीमारियों जैसे रतौंधी अंधता से बचाव के साथ- साथ बच्चों में शारीरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता वृद्वि के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विटामिन ए 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में भी कमी लाता है। जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात आशाओं और एएनएम और प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाएं।

विधायक की नाराजगी के बाद जागा प्रशासन, रेस्टोरेंटों पर की छापेमारी

जागरण मोर्चा, कार्यालय



अजीतपुर चौराहे स्थित मुरादाबादी शमा चिकन बिरयानी दुकान पर छापेमारी करते अधिकारी।

रामपुर। शहर विधायक की नाराजगी के बाद जिला प्रशासन जागा। सड़कों पर उतर कर प्रशासनिक अफसरों ने सिविल लाइंस क्षेत्र में छापेमारी की। अवैध रूप से खुली दुकानों को बंद कराया गया। नियमों का उल्लंघन कर संचालित हो रही मांस की दुकान, मांस बेचने वाले रेस्टोरेंट की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया।

सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम, सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा, अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने रमा सिंघल होम के सामने द चिराग रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। मौके पर अतिक्रमण करते हुए रखे गए नानवेज पकवानों को निर्माण करने की मशीन, भट्टियों को जब्त किया गया। राम रहीम पुल के नीचे तारा चिकन कार्नर पर नियमों का अनुपालन कर कारोबार संचालित करने, पंजाबनगर रोड स्थित अजीतपुर महबूब चिकन बिरयानी सेंटर, भारतीय स्टेट बैंक स्थित हलीम बिरयानी दुकान, ज्वालानगर स्थित नसीम मटन शाप, शाहबाद रोड स्थित शाकिब मटप शाप, राम रहीम पुल के नीचे नूरे शमा चिकन प्वाइंट पर छापेमारी की।

हाइकोर्ट बेंच की मांग को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश

रामपुर। बार एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद उस्मान खां ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना किए जाने को लेकर बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता सामूहिक रूप से अवकाश पर रहने और किसी भी कार्य में सहयोग न करने का प्रस्ताव पास करते जिला न्यायाधीश को बताया। साथ ही हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को लेकर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। यह प्रस्ताव एक बैठक में पास किया गया।

स्वार में बारिश के बाद सड़क बनी तालाब, पानी में पलटा ई-रिक्शा, बाल-बाल बचे राहगीर

- तहसील दिवस की शिकायत के बाद डाला गया था ईंट का रोड़ा, नहीं हो सकी पानी की निकासी

जागरण मोर्चा कार्यालय



छपर्रा रोड पर जलभराव के कारण अनियंत्रित होकर पलटा एक ई-रिक्शा।

स्वार। तहसील क्षेत्र के शिवपुरी रोड छपर्रा पर जलभराव की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। गुरुवार रात हुई तेज बारिश के बाद पूरी सड़क तालाब में तब्दील हो गई, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों का निकलना दूभर हो गया है। शुक्रवार को सड़क पर भरे पानी के कारण एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई गंभीर रूप से चोटिल नहीं हुआ और एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व संपन्न हुए तहसील दिवस के दौरान सड़क को दुरुस्त कराने और जलभराव से मुक्ति दिलाने के लिए एक शिकायती पत्र अधिकारियों को सौंपा गया था। शिकायत का संज्ञान लेते हुए ग्राम विकास अधिकारी रिजवाना शमीम ने सड़क पर गड्ढों को भरने के लिए ईंट का रोड़ा (मलबा) डलवाया था।सड़क को दुरुस्त करने का विकास कार्य अभी चल ही रहा था और पानी की निकासी का कोई स्थाई इंतजाम नहीं हो पाया था कि इसी बीच गुरुवार की रात तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश हो गई।

निकासी न होने के कारण नालियों का पानी और बारिश का पानी सड़क पर जमा हो गया, जिससे पहले से ही बदहाल रास्ता और ज्यादा खतरनाक हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पानी की निकासी कराकर सड़क का पक्का निर्माण कराया जाए, ताकि आए दिन होने वाले हादसों को रोका जा सके।

माई भारत ने फस्ट चैंलेज अभियान के पोस्टरों का किया विमोचन

जागरण मोर्चा कार्यालय



पोस्टर का विमोचन करते डीएम। -जागरण मोर्चा

रामपुर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत (माई भारत) द्वारा संचालित नेशन फर्स्ट चैलेंज अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जागरूकता पोस्टरों का विमोचन किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण, स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने, सतत कृषि को प्रोत्साहित करने, पर्यटन संवर्धन तथा सार्वजनिक परिवहन के उपयोग जैसे विषयों पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान गर्व से स्वदेशी चुनें-सही चुनाव से ही सेहत की शुरुआत होती है पब्लिक ट्रांसपोर्ट चुनें भारत की सुंदरता को जानें तथा सतत खेती, सतत जीवन विषयों पर आधारित पोस्टरों का अनावरण किया गया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि देश के युवाओं की ऊर्जा एवं नवाचार क्षमता विकसित भारत के निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। इसका उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं को जिम्मेदार नागरिकता, टिकाऊ जीवनशैली अपनाने तथा स्थानीय उत्पादों और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं से मेरा युवा भारत पोर्टल के माध्यम से इस अभियान से जुड़कर जन-जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया।



जमीन का मुआयना करते जिला जज। -जागरण मोर्चा

न्यायालय के भवन निर्माण के लिए किया मुआयना

शाहबाद। जिला जज भानु देव शर्मा ने शाहबाद तहसील पहुंचकर ग्रामीण न्यायालय के नए भवन निर्माण के लिए जमीन का मुआयना किया ।ताकि जमीन का चयन होने के बाद नए भवन का निर्माण शुरू हो सके ।शाहबाद में ग्राम न्यायालय के नए भवन का निर्माण किए जाने के लिए भूमि का चयन होना है, राजस्व विभाग की ओर से तलाश की गई भूमि का मुआयना करने के लिए जिला जज भानु देव शर्मा शुक्रवार को शाहबाद पहुंचे और एसडीएम आशुतोष कुमार के साथ शाहबाद- बिलारी स्टेट हाइवे स्थित घुरयाई गांव के पास मौजूद सरकारी भूमि देखी। इस दौरान एसडीएम आशुतोष कुमार ने जिला जज को जमीन के बारे में पूरी जानकारी दी। इस दौरान लेखपाल रेनू चंद्रा आदि रहे।

छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

सैदनगर। पुलिस ने छात्रा से छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने रास्ता रोककर छात्रा के साथ छेड़खानी की थी। पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया है। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का था । गांव निवासी एक नाबालिग छात्रा कोचिंग सेंटर पर पढ़ाई के लिए जाती थी। आरोप था गांव का ही एक दूसरे समुदाय का युवक उसका पीछा कर रहा था। शाम को छात्रा साइकिल से कोचिंग के बाद अपने घर लौट रही थी तो आरोपी ने उसकी साइकिल के आगे बाइक लगा दी। किसी तरह छात्रा उससे बचकर अपने घर पहुंच गई। रात करीब 10 बजे आरोपी युवक फिर से छात्रा के दरवाजे पर पहुंच गया ।इस दौरान आरोपी ने फिर से छेड़खानी की कोशिश की। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग लिया था ।छात्रा से छेड़खानी की सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज विनोद कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए थे। छात्रा नाबालिग होने के कारण पुलिस ने मुकदमे में पोक्सो एक्ट की धारा भी शामिल की है ।शुक्रवार सुबह पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी कुम्हारिया गांव निवासी राहिल मियां को जेल भेज दिया गया है।

सीओ ने किया शाहबाद थाने का त्रैमासिक निरीक्षण

शाहबाद। पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अभिलेखों की स्थिति को परखने के लिए शुक्रवार को शाहबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन ने कोतवाली का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत में सीओ को सलामी दी गई। निरीक्षण के दौरान सीओ देवकीनंदन ने थाना कार्यालय, त्योहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, मेस और बैरक का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने अभिलेखों के बेहतर रखरखाव और साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया। सीओ ने थाने की सुरक्षा व्यवस्था और जनसुनवाई प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं और फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए ।इस अवसर पर कोतवाल प्रदीप कुमार, निरीक्षक राज कुमार सिंह, एसएसआई रामचंद्र सिंह, उपनिरीक्षक रमेश चंद्र, हेड मोहर्रिर दिलशाद खां सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, तीन जख्मी



शाहबाद। शुक्रवार को अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। शाहबाद थाना क्षेत्र के मिलक तुरखेड़ा गांव निवासी हरिओम अपने बेटे सुरजीत और पिता रामेश्वर के साथ बाइक कर सवार होकर रिश्तेदारी में जा रहे थे, रास्ते में शाहबाद- आसफपुर रोड पर मधुकर के पास उनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, हादसे में बाइक पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों ने दौड़कर तीनों घायलों को उठाया और उपचार के लिए निजी वाहन से सीएचसी शाहबाद पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया और रामेश्वर की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कार्यक्रम केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आईआईए रामपुर चैप्टर द्वारा "संवाद" कार्यक्रम का आयोजन

उद्यमियों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर औद्योगिक विकास में योगदान देने का आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा



श्रीष गुप्ता को सम्मानित करते विधायक आकाश सक्सेना। -जागरण मोर्चा

रामपुर। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन रामपुर चैप्टर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर होटल रेडिएंस पार्क, रामपुर में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक आकाश सक्सेना ने पुलिस अधीक्षक श्री सोमेंद्र मीणा एवं अधिकारियों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया।आईआईए रामपुर चैप्टर के अध्यक्ष ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन की गतिविधियों एवं उद्योगों के विकास में आईआईए की भूमिका पर प्रकाश डाला।विधायक आकाश सक्सेना ने केंद्र सरकार द्वारा विगत 12 वर्षों में उद्योग, व्यापार, आधारभूत संरचना, स्टार्टअप, एमएसएमई तथा आत्मनिर्भर भारत के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन प्रयासों से देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिली है।उन्होंने उद्यमियों से सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान करते हुए जनपद में औद्योगिक विकास को गति देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों एवं उद्यमियों को हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम के दौरान जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त उद्योग श्री अनुराग यादव ने केंद्र एवं राज्य सरकार की औद्योगिक एवं उद्यमिता प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी दी।

साथ ही उद्यमियों की समस्याओं एवं सुझावों पर भी चर्चा की गई।अंत में आईआईए के अध्यक्ष श्रीष गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के जी एम अनुराग यादव ने सरकारी योजनाओं के वारे में विस्तार से प्रस्तुतिकरण दिया।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने भाग लिया।कार्यक्रम में आरिज़ अली खान रैनवो बेकर्स एवम सुरेश अग्रवाल ,किसान सीड्स बिलासपुर को सदस्यता प्रदान की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक एस के गुप्ता ने की एवम कुशल संचालन संजय अग्रवाल ने किया।कार्यक्रम में भारी संख्या में उद्यमियों ने भाग लिया। सचिव मनोज गर्ग, एस के अग्रवाल, अरविंद नंदारमेश अग्रवाल, नीरज गुप्ता, राम कुमार अग्रवाल, अजय अग्रवाल, मनोज गुप्ता, विनय बंसल, आदर्श अग्रवाल, गार्गी सरदाना ,मुकुल अग्रवाल,जावेद रहीम,भास्कर गर्ग, इमरान शम्सी,अतुल अग्रवाल,अंकुर रस्तोगी,उमेश अग्रवाल,विमल मिश्रा, आदि उपस्थित रहे।

योगाभ्यास से शरीर में लचीलापन बढ़ता है

चन्दौसी। जायंट्स ग्रुप ऑफ़ वीमेन पावर, वूमेन प्राइड एवं वूमेन एरा के द्वारा चल रहे योग सप्ताह शिविर के दूसरे दिन भी सदस्यों ने उत्साह पूर्वक मनाया। सदस्यों ने कहा कि योग शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वस्थ शरीर तनाव मुक्त और अनुशासित जीवन जीने को प्रेरित करना है। नियमित योगाभ्यास से शरीर में लचीलापन बढ़ता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है ।शिविर में प्रशिक्षित ट्रेनर अनुपम ने विभिन्न आसनों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। इसके साथ सभी को सूर्य नमस्कार करना सिखाया व उसके लाभों से परिचय करवाया। इस दौरान फेडरेशन 5 की सेंटर कमेटी सदस्य डा. सुधा चौधरी,यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल,प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर अनु रस्तोगी, फेडरेशन आफिसर शुभा कागजी, आईपीपी अलका मंगलम, नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, अंजलि चौधरी,अदिति, तन्वी,मनीषा, मीनाक्षी, सारिका, हिना आदि मौजूद रहे।



योग शिविर में योगा करतीं पदाधिकारी।

सगे भाई ने बहन को लगाया 35 लाख का चूना

- **व्यापार के नाम पर लिए लाखों रुपये, पैसा मांगने पर दी धमकी; परिवार समेत फरार होने का आरोप**

जागरण मोर्चा, कार्यालय



गुन्नौर/सम्भल। जनपद के गुन्नौर क्षेत्र से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने ही सगे भाई पर व्यापार के नाम पर लाखों रुपये लेकर धोखाधड़ी करने, पैसा वापस मांगने पर धमकी देने और परिवार समेत फरार हो जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

गुन्नौर थाना क्षेत्र के सैजना मुस्लिम निवासी रुकसार पत्नी अल्ताज का आरोप है कि करीब एक वर्ष पूर्व उसका सगा भाई आर्थिक तंगी और व्यापार शुरू करने की बात कहकर उसके पास आया था। भाई ने भरोसा दिलाया कि कारोबार शुरू होने के बाद वह लिया गया पूरा पैसा वापस कर देगा। भाई के विश्वास में आकर रुकसार ने अपना मकान तक गिरवी रख दिया और रिश्तेदारों, परिचितों तथा अन्य लोगों से रुपये उधार लेकर उसे दिलवा दिए।

पीड़िता के अनुसार अलग-अलग लोगों से जुटाकर 38 लाख रुपये भाई को दिए गए थे। शुरुआत में आरोपी ने 3 लाख रुपये वापस कर दिए, जिससे परिवार का भरोसा और मजबूत हो गया। लेकिन इसके बाद शेष 35 लाख रुपये लौटाने के बजाय वह लगातार टालमटोल करता रहा। रुकसार का आरोप है कि जब उसने अपने रुपये वापस मांगने शुरू किए तो उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और फोन पर धमकियां दी जाने लगीं। आरोप है कि कुछ समय बाद भाई व परिवार के अन्य सदस्य अचानक घर छोड़कर गायब हो गए।पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि कुछ रिश्तेदार और परिचित आरोपियों को संरक्षण दे रहे हैं तथा उनके ठिकानों की जानकारी छिपा रहे हैं। महिला का दावा है कि उसके पास वीडियो समेत अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य मौजूद हैं, जिनसे पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकती है।

रुकसार ने बताया कि जिन लोगों से उसने रुपये उधार लेकर अपने भाई को दिलवाए थे, अब वही लोग अपना पैसा वापस मांग रहे हैं। मकान गिरवी होने और लाखों रुपये फंस जाने से उसका परिवार गहरे आर्थिक संकट में आ गया है। उसका कहना है कि भाई पर किया गया भरोसा ही उसकी सबसे बड़ी भूल साबित हुआ और आज वह न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाने को मजबूर है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक सम्भल से मामले की निष्पक्ष जांच कर धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, धमकी सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। अब यह देखना होगा कि पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है और आरोपितों तक कब पहुंच पाती है।

सार संक्षेप



श्रीमद्भागवत कथा सुनाते कथा व्यास शिवानंद महाराज। -जागरण मोर्चा

भगवान शिव के अपमान पर सती ने यज्ञ अग्नि में अपने प्राण त्याग दिए

चन्दौसी। नगर के गौशाला रोड स्थित अनुष्का उत्सव हाल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस में बरेली से पधारे कथा व्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर शिवानंद महाराज ने वर्णित प्रसंग के अनुसार ब्रह्मा के पुत्र दक्ष प्रजापति की पुत्री सती का विवाह भगवान शिव से हुआ था। दक्ष प्रजापति भगवान शिव को अपने समान योग्य नहीं मानते थे और उनके प्रति मन में अहंकार एवं द्वेष रखते थे। एक बार दक्ष प्रजापति ने विशाल यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें सभी देवताओं, ऋषियों और गणमान्यों को आमंत्रित किया गया, किन्तु भगवान शिव और माता सती को आमंत्रण नहीं भेजा गया। यज्ञ की सूचना मिलने पर माता सती अपने पिता के घर जाने की इच्छा प्रकट करती हैं। भगवान शिव बिना निमंत्रण जाने को उचित नहीं बताते, फिर भी सती पिता के घर पहुंच जाती हैं। यज्ञ स्थल पर माता सती को सम्मान नहीं मिला तथा दक्ष प्रजापति ने भगवान शिव का अपमान किया। अपने आराध्य पति का अपमान सहन न कर पाने के कारण माता सती ने यज्ञ अग्नि में योगबल से अपने प्राण त्याग दिए। यह कथा अहंकार के विनाश, भगवान शिव की महिमा, पति-पत्नी के आदर्श संबंध तथा ईश्वर के प्रति श्रद्धा और सम्मान का संदेश देती है। इस दौरान हरीश कुमार शर्मा, संजय मिश्रा, अक्षी अग्रवाल, अजय जैन, सुशील शर्मा, संजय बंसल, निपुण शर्मा, जतिन शर्मा मिंकू, अमित पाठक, अभिषेक गुप्ता, कुमोदिनी शर्मा, उमा श्रीवास्तव, नीता पाठक, दुर्गा टंडन, सीमा शर्मा, पूनम तिवारी आदि मौजूद रहे!

फूल में रंगों को भरकर बच्चों ने सभी का मनमोह लिया

चन्दौसी। नगर के सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ आश्रम पर सबरंग ज्योति आर्ट अकादमी द्वारा चलाए जा रहे समर कैंप के पंचम दिन भी चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में लगभग 70 बच्चों ने भाग लिया। सबरंग अन्नी द्वारा छोटे बच्चों को देखते हुए कमल का फूल व बड़े बच्चों को गुलाब का फूल में रंगो द्वारा भरे हुए चित्र का चित्रण कराया गया। बच्चों ने रंगों से अपने हुनर का परिचय दिया। सभी बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों को देखकर निर्णायक मंडल द्वारा निर्णय करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में केशवी नारायण प्रथम, आरुषि द्वितीय व राधा गुप्ता तृतीया स्थान पर रही। वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम आयरन देव शर्मा, प्रत्यक्ष द्वितीय और निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विनेश शर्मा व राजीव लोचन शर्मा बच्चों को बताया कि जिस प्रकार घड़ी का समय निकल जाता है, उसी प्रकार जो समय निकल जाता है उसके बाद पछताने से कुछ भी हाथ नहीं लगता, इसलिए बच्चों आप अपना ध्यान पढ़ाई में जरूर लगाए। सेठ हरिशंकर अग्रवाल ने विजेता बच्चों के साथ सभी बच्चों को गिफ्ट दिए गए। इस दौरान अन्नी सबरंग, राजीव रोशन शर्मा, मास्टर विनय शर्मा, हीरालाल ज्योति, ज्ञान प्रकाश चिंटू, पारुल, वैष्णवी शर्मा, प्रफुल्ल अग्रवाल, मनोज, छुट्टन, योगेंद्र, मुकेश थैली, कृष्ण गोपाल वार्ष्णेय,इंद्रपाल वार्ष्णेय आदि का सहयोग रहा।



चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

नाबालिग से दुष्कर्म में दो दोषियों को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास

न्यायालय ने दोषियों पर लगाया 20-20 हजार रुपये अर्थदंड

जागरण मोर्चा, कार्यालय



चन्दौसी। न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में दोषसिद्ध होने पर दो दोषियों को 20-20 वर्ष कठोर कारावास व 20-20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। उक्त जनपद संभल के थाना असमोली क्षेत्र का है।

थाना असमोली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 20 अगस्त 2018 को उसकी नाबालिग पुत्री 22 फरवरी 2018 की सुबह 10 बजे अपने माता-पिता को एक किसान के खेत पर खाना देने जा रही थी। तभी ईख में पहले से ही घात लगाये बैठे बबली व मोहित ने उसकी पुत्री को खेत में बुरी नीयत से दबोच लिया और बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

जब उसकी पुत्री ने शोर मचाया, तो खेत पर कार्य कर रहे वह उसकी पत्नी मौके पर पहुंचे तो दोनों आरोपी उसकी पुत्री का दुष्कर्म कर भाग रहे थे और कह रहे थे कि अगर उनकी शिकायत किसी से की तब तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया। पुलिस ने विवेचना के उपरांत चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। उक्त मुकदमें की सुनवाई न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में हुई।

र जिसमें न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुना और उक्त दोनों बबली व मोहित को दोषी पाया। न्यायालय ने दोनों दोषियों को 20-20 वर्ष कठोर कारावास व 20-20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

सीओ दीपक कुमार तिवारी को भावभीनी विदाई, ब्राह्मण शक्ति संघ ने किया भव्य सम्मान



सीओ दीपक तिवारी का स्वागत करते ब्रह्म शक्ति संघ के पदाधिकारी।

चन्दौसी। क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार तिवारी के स्थानांतरण के उपरांत उनको नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इसी क्रम में शुक्रवार को सीओ कार्यालय में ब्राह्मण शक्ति संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनके उत्कृष्ट कार्यकाल की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सीओ दीपक कुमार तिवारी को फूल-मालाएं पहनाकर एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। पदाधिकारियों ने कहा कि उनके कार्यकाल में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने, आमजन की समस्याओं के समाधान तथा पुलिस-जन संवाद को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके सरल, सौम्य एवं जनहितैषी व्यवहार ने क्षेत्र की जनता के बीच एक विशेष पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि सीओ दीपक कुमार तिवारी ने अपने कार्यकाल में निष्पक्षता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया, जिसके लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष विवेक मिश्रा, बनवारी लाल पाठक, लोकेंद्र शर्मा, सचिन शर्मा, मनीष, सुधांशु शर्मा, अशोक पाठक, यश शर्मा, उपेंद्र शर्मा, सोमेंद्र शर्मा, विनीत शर्मा, अभिषेक पाराशरी, बृजेश शर्मा, उमाकांत शर्मा, अमोल शर्मा, अविरल शर्मा, सचिन मिश्रा पदाधिकारी मौजूद रहे।

अखिलेश यादव की बेटी के खिलाफ अभद्र टिप्पणियों पर सपा का विरोध

जागरण मोर्चा, कार्यालय



पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते सपाई।

बहजोई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पुत्री के संबंध में सोशल मीडिया पर की जा रही कथित अभद्र और अनर्गल टिप्पणियों को लेकर समाजवादी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी व्याप्त है। इस मामले में सपा नेताओं ने पुलिस अधीक्षक सम्भल को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अखिलेश यादव की पुत्री के संबंध में आपत्तिजनक, असत्य और अभद्र टिप्पणियां पोस्ट एवं शेयर की जा रही हैं। सपा नेताओं का कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल आपत्तिजनक हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और समरसता को भी प्रभावित कर सकती हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं में इस मुद्दे को लेकर गहरा रोष है और दोषियों के विरुद्ध तत्काल एवं कठोर कार्रवाई की मांग की जा रही है।

ज्ञापन सौंपने वालों में विधायक रामखिलाड़ी, जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी, जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार, शोभित कुमार, काका, विमलेश कुमारी, उमेश यादव, संजय, मदन, बलवंत सिंह, उमेश दिवाकर, राजेश कुमारी, सुमित यादव और सुभाष पाल सहित समाजवादी पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

दियौरा खास से मिलक तक एक किलोमीटर मार्ग बना दलदल

- **ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर समस्या समाधान की मांग की**

जागरण मोर्चा, कार्यालय



दियौरा खास गांव में प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

चन्दौसी। तहसील के ब्लाक बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत दियौरा खास से मजरा मिलक तक एक किलोमीटर के मार्ग में दलदल फैला हुआ है। जिससे दियौरा खास से कुढफतेहगढ़ के लिए जाने वाले राहगीरों , ग्रामीणों तथा कुढफतेहगढ़ विद्यालयों में पढ़ने जाने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं को रास्ते में दलदल होने से पैदल निकलना दुश्वार हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर समस्या के समाधान की मांग की है।

दियौरा खास से कुढफतेहगढ़ की दूरी दो किलोमीटर है। कुढफतेहगढ़ में इंटर कॉलेज व उच्च माध्यमिक विद्यालयों सहित आधा दर्जन से अधिक विद्यालय हैं। जहां आसपास के ग्रामों से हजारों की संख्या में छात्र- छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाते हैं ।जिसमें ग्राम रीठ, जहांगीरपुर , दियौरा खास की ओर से आने वाले छात्र-छात्राएं सैकड़ों की संख्या में इसी मार्ग से गुजरते है । मार्ग में दलदल होने से बाइक सवार भी नहीं निकल पा रहे हैं।

वहीं पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है । प्रतिदिन छात्र-छात्राएं दलदल में निकलते हुए विद्यालय पहुंचते हैं तथा बाइकें फिसल कर गिरने से वाइक सवार गिरकर चोटिल होते रहते हैं । इसको लेकर आज ग्रामीणों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और शीघ्र समस्या के समाधान की मांग की। जिसमें भूपेंद्र सिंह, होते लाल, चंद्रपाल, पुष्पेंद्र, कुमरपाल, कृष्णपाल, अर्जुन सिंह, चन्द्र प्रकाश, अशोक शर्मा, पृथी सिंह, मुकेश, महावीर, नन्हे, मलखान, गोपाल, पुलेंद्र सिंह, राजवीर, मुलायम, रामसेवक, हेम सिंह, नेत्रपाल, वीरपाल, हरी सिंह, विधाराम, नरेश चन्द्र, राजेश, अंकित, शिवम आदि शामिल रहे।

कोतवाली में हाजिर न होने पर पुलिस ने कराई युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

चन्दौसी। कोतवाली क्षेत्र के 28 मार्च को बड़ा बाजार में विवाद के बाद युवक को तमंचे से गोली मार दी। उक्त घटना में पीड़ित की ओर से दो भाइयों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने एक आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि दूसरा अभी फरार बना हुआ है। पुलिस ने फरार होने पर युवक के विरुद्ध कुड़की की कार्रवाई करते हुए मुनादी कराई दी। अब पुलिस की ओर से फरार युवक के विरुद्ध दूसरा मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। बड़ा बाजार में दुकान में शटर लगाने को लेकर 28 मार्च को दो पक्षों में विवाद हो गया था। जिसमें एक पक्ष के युवक ने जान से मारने की नीयत से निखिल के गोली मार दी। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी निशांत गुप्ता व उसके भाई प्रशांत गुप्ता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने प्रशांत गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि मुख्य आरोपी निशांत गुप्ता फरार हो गया था, जो अभी तक फरार बना हुआ है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कुड़की कार्रवाई कर मुनादी कराई थी। अब पुलिस की ओर से निशांत गुप्ता के विरुद्ध धारा 209 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया है।

वार्ष्णेय इंटर कॉलेज की नवनिर्वाचित प्रबंध समिति का शपथ ग्रहण संपन्न

बहजोई। वार्ष्णेय इंटर कॉलेज की नवनिर्वाचित प्रबंध समिति का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को इस्लामनगर रोड स्थित डीआर रिसोर्ट में संपन्न हुआ। समारोह में नवचयनित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कॉलेज के समग्र विकास, शैक्षिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार तथा पारदर्शी एवं उत्तरदायी संचालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। समारोह के दौरान गोविन्द वार्ष्णेय ने अध्यक्ष तथा शशांक वार्ष्णेय एडवोकेट ने प्रबंधक पद की शपथ लेकर अपने दायित्व ग्रहण किए। इसके अतिरिक्त संजीव कुमार को उपाध्यक्ष, लोकेश कुमार को उपप्रबंधक तथा सचिन कुमार को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित सदस्यगणों में सुमित कुमार, विपिन कुमार, गोविन्द वार्ष्णेय, नरेन्द्र कुमार, आशीष कुमार, सुगन्ध कुमार एवं नितिन कुमार शामिल हैं। सभी सदस्यों ने संस्था की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों ने नवगठित समिति को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम कॉलेज में शिक्षा, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए प्रभावी कार्य करेगी। उन्होंने आशा जताई कि समिति के नेतृत्व में वार्ष्णेय इंटर कॉलेज नई उपलब्धियों के साथ क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान को और सुदृढ़ करेगा। समारोह में समाज के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों, शिक्षकों, अभिभावकों उपस्थित रहे। जिससे कार्यक्रम का माहौल और अधिक उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायी बन गया।

बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता की अलख, 2027 तक प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने का संकल्प

- **अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर श्रम विभाग का अभियान, बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और बाल श्रम की सूचना देने की अपील**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

संभल। अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा जनपद में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों ने बाल श्रम उन्मूलन को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए आमजन से इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

नगर पालिका परिषद परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक श्रमायुक्त रामलाल पटेल ने की। उन्होंने कहा कि बाल श्रम बच्चों के अधिकारों का हनन है और इसे जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना होगा। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं, पुनर्वास कार्यक्रमों और बाल श्रम उन्मूलन के लिए की जा रही कार्रवाई की विस्तार से जानकारी दी।

वक्ताओं ने कहा कि बाल श्रम में फंसे बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और उनके परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कहीं भी कोई बच्चा श्रम करता दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल श्रम विभाग को दें, जिससे उसके पुनर्वास और शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

सहायक श्रमायुक्त रामलाल पटेल ने बताया कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विभाग लगातार अभियान चला रहा है। उन्होंने सभी प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों से श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने और श्रम विभाग की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने बाल श्रम उन्मूलन का संकल्प लेते हुए बच्चों के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

संजय यादव का निधन, नगर पालिका में शोक की लहर

चन्दौसी। नगर के आवास विकास निवासी नगर पालिका के जलकल विभाग में लिपिक के पद पर कार्यरत एवं मेहनती युवा संजय यादव का गुरूवार रात्रि (11 लंबी बीमारी के बाद आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नगर पालिका के साथ परिवार, मित्रों, शुभचिंतकों तथा समाज के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। संजय यादव अपने मिलनसार स्वभाव, सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी और नगर पालिका के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे। नगर पालिका परिषद में भी उन्होंने अपने कार्यों के माध्यम से लोगों के बीच एक अलग पहचान बनाई थी। उनके निधन पर नगर पालिका कर्मचारियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पालिका ने एक कर्मठ, ईमानदार और जुझारू युवा साथी को खो दिया है। उनके असामयिक निधन से विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है। सभी कर्मचारियों ने नगर पालिका कार्यालय में गहरा दुख व्यक्त करते हुए दो मिनट का शोक व्यक्त करके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को इस दु:खद घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की। इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय के साथ सभी कर्मचारियों ने उनके घर पहुंच कर उनके निधन पर संवेदन व्यक्त की। इसके साथ यादव समाज के साथ अन्य लोगों ने भी संजय यादव के निधन पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं और ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिजनों को यह असहनीय दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष इंदु रानी, चौधरी चंद्रपाल सिंह, कुंवर पाल सिंह, धीरेंद्र यादव, गिरीश बंधु, प्रेम यादव, शिवम यादव, केशव यादव, सच्चिदानंद शर्मा, जितेंद्र सिंह, अमन कोली, शिवकुमार, प्रमोद कुमार, आशीष गुप्ता, अर्पित श्रीवास्तव, चंद्रमोहन, रविंद्र कुमार, अवनेश गुप्ता, प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।



योजना यूपी सरकार की शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

दिव्यांग दंपत्तियों को शादी पर मिलेगा 35 हजार तक का अनुदान

जागरण मोर्चा, कार्यालय



संभल। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत दिव्यांग दंपत्तियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। योजना का उद्देश्य दिव्यांगजन के विवाह को प्रोत्साहित करना और उन्हें आर्थिक संबल उपलब्ध कराना है। पात्र लाभार्थी ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार योजना का लाभ लेने के लिए विवाह के समय युवक की आयु कम से कम 21 वर्ष तथा युवती की आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है। इसके अलावा दंपत्ति की संयुक्त वार्षिक आय 45 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवाह वर्तमान वित्तीय वर्ष या पिछले वित्तीय वर्ष में संपन्न हुआ होना चाहिए।

योजना के अंतर्गत दिव्यांग युवक से विवाह करने वाली सामान्य युवती को 15 हजार, दिव्यांग युवती से विवाह करने वाले सामान्य युवक को 20 हजार तथा यदि दोनों पति-पत्नी दिव्यांग हैं तो 35 हजार की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि दंपत्ति के संयुक्त बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि योजना के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल पर किए जा सकते हैं। विवाह के 90 दिनों के भीतर आवेदन करना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन के बाद उसकी हार्ड कॉपी आवश्यक दस्तावेजों सहित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करनी होगी।

ये दस्तावेज होंगे जरूरी

आवेदन के साथ दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, विवाह प्रमाण पत्र तथा दंपत्ति का संयुक्त फोटो संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने पात्र दिव्यांग दंपत्तियों से योजना का लाभ उठाने और समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

टीएमयू में एलएलबी के स्टुडेंट्स, इस साल से पढ़ेंगे नए श्रम कानून

जागरण मोर्चा, कार्यालय

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के लॉ कॉलेज में यूजी और इंटीग्रेटिड कोर्सेज़ में प्रवेश लेने वाले स्टुडेंट्स के लिए गुड न्यूज़ है, वे इस साल से नए श्रम कानूनों का गहनता से अध्ययन करेंगे, क्योंकि नए श्रम कानूनों को पाठ्यक्रम में शामिल कर लिया गया है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को बदलते श्रम कानूनों की गहरी समझ प्रदान करना और उन्हें व्यावसायिक रूप से अधिक सक्षम बनाना है। उल्लेखनीय है,

देश में हाल ही में लागू की गई चार प्रमुख श्रम संहिताएं कोड ऑन वेजेज़-2019, इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड-2020, सोशल सिक्योरिटी कोड-2020 और ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडिशंस कोड- 2020 लागू की गई हैं। टीएमयू में स्टुडेंट्स को अब ये चारों प्रमुख श्रम संहिताएं विस्तार से पढ़ाई जाएंगी। टीएमयू में एलएलबी तीन वर्षीय कोर्स के संग-संग बीबीए-एलएलबी, बीकॉम-एलएलबी की कक्षाएं संचालित होती हैं। विधि संकाय के डीन प्रो हरबंश दीक्षित बताते हैं, कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज़ में एलएलएम और पीएचडी की भी सुविधा है।

प्रो. दीक्षित बताते हैं, इन नए कानूनों के तहत वेतन की परिभाषा को एकरूप किया गया है, असंगठित एवं गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गई है तथा कार्यस्थल की सुरक्षा और स्वास्थ्य मानकों को सुदृढ़ किया गया है। साथ ही 29 पुराने श्रम कानूनों को समेकित कर प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। नए श्रम कानूनों का अध्ययन छात्रों को वर्तमान कानूनी परिदृश्य से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और उनके करियर के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार सिंह ने कहा, टीएमयू सदैव आधुनिक और रोजगारोन्मुख शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध रहा है। इन कानूनों की पढ़ाई से छात्र न केवल सैद्धांतिक बल्कि व्यावहारिक रूप से भी दक्ष बनेंगे। इस पहल से विधि संकाय के छात्रों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बदलते श्रम कानूनों की बेहतर समझ विकसित करने में मदद मिलेगी।

खास बातें

- राष्ट्रीय स्तर पर बदलते श्रम कानूनों की छात्रों में बेहतर समझ विकसित होगी
- चार श्रम संहिताओं के अध्ययन से स्टुडेंट्स होंगे लाभान्वित : प्रो. हरबंश दीक्षित
- टीएमयू सदैव आधुनिक और रोजगारोन्मुख शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध : प्रो. एसके सिंह

सार संक्षेप



राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ करेगा 28 जून को सम्मान कार्यक्रम

गजरौला। राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ द्वारा आगामी 28 जून को नगर के आदर्श वेंकट हॉल में आयोजित होने वाले छात्र-छात्र सम्मान समारोह की सफलता के लिए पदाधिकारियों ने कई गांवो में जनसंपर्क किया। शुक्रवार को राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने जनपद के गजरौला, बछरायूं, कुमराला, कुम्हारपुरा, मंडी धनौरा, कंजरबसेड़ा एवं कुआँखेड़ा का भ्रमण कर आगामी 28 जून को गजरौला में आयोजित होने वाले छात्र-छात्र सम्मान समारोह के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने लोगों से संपर्क कर कार्यक्रम की जानकारी दी तथा अधिकाधिक संख्या में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से समारोह में पहुंचने की अपील की। प्रदेश महासचिव नवनीत कुमार गोला ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समाज को नई दिशा देने का कार्य करता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक श्योनाथ सिंह प्रजापति, इंद्रपाल गोला, शीशराम एडवोकेट, काविन्द्र सिंह, नरेश प्रजापति, अरुण प्रजापति मौजूद रहे।

मारपीट में दो महिला घायल

गजरौला। अलग-अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की दो घटनाओं में दो महिलाएं घायल हो गईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मौहल्ला बसंत बिहार निवासी जगदीश की पत्नी सुनीता के साथ मौहल्ले के ही सुनील व रमेश पुत्रगण भजनलाल, कुसुमलता पत्नि ओमपाल सिंह और हर्ष पुत्र सुनील ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इधर थानाक्षेत्र के गांव बसैली निवासी रियाजुद्दीन की पत्नी तमन्ना के साथ गांव निवासी शादाब ने मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने शादाब के विरूद्ध के रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

खाटू श्याम मंदिर में एकादशी पर हुआ भव्य कीर्तन

हसनपुर। एकादशी के पावन अवसर पर नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के प्रांगण में स्थित खाटू श्याम मंदिर पर कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।बाबा श्याम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। वही भजन गायकों द्वारा बाबा का गुणगान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित पप्पू गिरी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की। उन्होंने विधिविधान से बाबा खाटू श्याम का तिलक कर पूजा-अर्चना संपन्न कराई। इस दौरान भक्तों ने भजनों पर झूमते हुए बाबा का गुणगान किया और अपनी आस्था प्रकट की। कीर्तन में भजन गायक सौरभ मित्तल, राहुल दीवाना एवं रामपाल के द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले इस आयोजन में भक्तजन भक्ति रस में डूबे नजर आए। इस मौके पर सतवीर गिरी, देवेंद्र शास्त्री, महेश शर्मा, संजीव शर्मा, दामोदर शर्मा, काजल वर्मा, दिव्या शर्मा, मंजू बेदी सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।



कीर्तन में उपस्थित भक्त।

ग्रीष्मकालीन अवकाश में जनगणना कार्य के बदले प्रतिकर अवकाश की मांग

हसनपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक गंगेश्वरी के बैनर तले शिक्षकों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान किए गए जनगणना कार्य के बदले प्रतिकर अवकाश देने की मांग उठाई है। इस संबंध में शुक्रवार को ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन सौंपते हुए ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि तहसील के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं और शिक्षामित्रों ने प्रगणक के रूप में 'जनगणना-2027' के कार्य को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संपन्न किया है। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को त्रुटिहीन ढंग से पूरा करने के लिए शिक्षक समुदाय ने अपने पूर्व-निर्धारित 'ग्रीष्मकालीन अवकाश' का परित्याग किया और भीषण गर्मी में भी लगातार क्षेत्र में रहकर कार्य को गति दी।इस अवसर पर मुख्य रूप से एआरपी कमल दीपेंद्र सिंह,पूर्व एआरपी विकास राहुल,वरिष्ठ शिक्षक थान सिंह, दयाचंद सिंह, जसवंत सिंह, रविन्द्र सिंह,छत्रपाल सिंह, अखिलेश शर्मा, ऋषभ चौधरी, विजयपाल सिंह, रामपाल सिंह, देवेश कुमार, करनपाल, मनीष कुमार, कुलदीप सिंह, इन्द्रपाल सिंह, सतेंद्र सिंह, मनोज कुमार आदि शिक्षक एवं शिक्षामित्र उपस्थित रहे।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षक।

बसपा के सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

हसनपुर। नगर में 14 जून को होने वाले बसपा के कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी जोरों पर शुरू हो गई है, वही बसपा नेता हाजी मुमताज अली उर्फ हाजी भुट्टो के द्वारा क्षेत्र में जनसंपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का कार्यकर्ताओं से आग्रह किया जा रहा है। नगर के संभल मार्ग स्थित अब्दुल्ला इंटर कॉलेज के निकट मैदान पर 14 जून को बहुजन समाज पार्टी का एक दिवसीय विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें बहुजन समाज पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व सांसद मुनकाद अली मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।शुक्रवार को मैदान में सम्मेलन की तैयारियों के चलते पंडाल लगना शुरू हो गया है, वहीं बसपा नेता हाजी मुमताज अली उर्फ हाजी भुट्टू के द्वारा विधानसभा क्षेत्र के कई गांव में तूफानी दौरा कर बसपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचने की अपील की।

दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को दिया जहर, पुलिस ने कराया सीएचसी में भर्ती

हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दहेज की मांग पूरी न होने पर कहा सुनी के बाद मारपीट कर विवाहिता को जहर दे दिया गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। लगभग दो वर्ष पूर्व थाना रजबपुर के ग्राम अतरासी कला निवासी शमशाद अली ने अपनी पुत्री अंजुम की शादी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपलोती कला निवासी अरमान पुत्र इस्तकार के साथ की थी, आरोप है तभी से अंजुम को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था, अरमान वह उसके परिवार द्वारा अंजुम से पांच लाख रुपए का दहेज मांगा गया था, जिस पर उसके पिता शमशाद द्वारा चार लाख रुपए दे दिए गए थे। शुक्रवार को इस्तकार को देखने के लिए शमशाद गांव आया हुआ था, तभी अंजुम एवं अरमान के बीच कहां सुनी चल रही थी देखते-देखते दोनों में मारपीट हो गई। जिसकी सूचना डायल हंड्रेड पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस घायल अंजुम को सीएचसी लेकर आई, जहां घायल अंजुम ने अपनी सास ससुर एवं पति पर जहर देने का आरोप लगाया, चिकित्सकों द्वारा घायल अंजुम का उपचार किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया मामला संज्ञान में है पीड़िता की तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

हत्या के आरोपी एवं थाना पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ आरोपी गोली लगने से घायल

पुलिस ने परवेज के पास से एक 315 बोर का तमंचा, कारतूस और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल की बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर। सैद नंगली पुलिस ने आयशा हत्याकांड के मुख्य आरोपी परवेज को शुक्रवार सुबह एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी परवेज को उझारी में गंगा एक्सप्रेसवे के पास पुलिस ने दबोचा। मुठभेड़ में परवेज के पैर में गोली लगी है, जबकि एक सिपाही भी घायल हुआ है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह सैदनगली पुलिस टीम उझारी क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे के पास सांपा अंडरपास पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को आता देख पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई।

पुलिस की गोली आरोपी परवेज के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। मुठभेड़ में सिपाही शिवा हुड्डा भी जख्मी हुए हैं। पुलिस ने परवेज के पास से एक 315 बोर का तमंचा, कारतूस और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल परवेज और सिपाही शिवा हुड्डा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।संभल निवासी आयशा का शव बुधवार, दस जून को उझारी में एक किराए के कमरे में मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। आयशा का निकाह उसी दिन उसके प्रेमी परवेज के साथ होना था। मृतका के जेठ की तहरीर पर पुलिस ने परवेज के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था।थाना प्रभारी संजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम इस मामले की जांच कर रही थी। पुलिस अब आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया ने बताया की चेकिंग के दौरान आरोपी के साथ मुठभेड़ में गोली लगने से एक सिपाही एवं आरोपी घायल हो गए हैं।



घायल आरोपी को ले जाती पुलिस। –जागरण मोर्चा



एएसपी आरोपी से जानकारी करते हुए। –जागरण मोर्चा



घायल सिपाही।

अधिवक्ताओं ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हसनपुर। तहसील बार एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित डिजिटल रजिस्ट्री योजना के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में शुक्रवार को बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी को सौंपकर डिजिटल रजिस्ट्री योजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मॉंग की।अधिवक्ताओं का कहना है कि महानिरीक्षक निबंधन द्वारा प्रस्तावित यह योजना पूरी तरह अधिवक्ता और जनहित के विरोध में है। विरोध स्वरूप बार एसोसिएशन ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 11 जून से अग्रिम आदेशों तक बैनामा, वसीयतनामा और अन्य सभी प्रकार के दस्तावेजों के पंजीकरण कार्य से पूर्णत: विरत रहने का ऐलान किया है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक इस डिजिटल योजना को वापिस नहीं लिया जाता, तब तक कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में गजेंद्र सिंह, बृजकिशोर, चरन सिंह, महबूब आलम, हितेश त्यागी, मनोज कुमार सक्सेना, समरपाल सिंह, ओमपाल सिंह कोहली, इसरार खॉं, दिनेश कुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

बोलेरो की टक्कर से साइकिल सवार की मौत, मचा कोहराम

जागरण मोर्चा संवाददाता

भगतपुर। अलीगंज-दलपतपुर मार्ग पर गांव डूंगरपुर के समीप शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से एक साइकिल सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार टीकाराम (55) पुत्र नाथूराम निवासी पटपुरी शुक्रवार सुबह राणा शुगर मिल में ड्यूटी पर जाने के लिए साइकिल से निकले थे। बताया जाता है कि जैसे ही वह डूंगरपुर गांव के पास पहुंचे, काशीपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि साइकिल सवार वाहन के नीचे फंस गया और कुछ दूरी तक घिसटता चला गया।

घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायल को बोलेरो के नीचे से निकालकर उपचार के लिए एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को पंचायतनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मृतक राणा शुगर मिल में माली के पद पर कार्यरत थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे और दो बेटियां हैं। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की।मृतक के पुत्र कृष्ण पाल सिंह ने वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



भाकियू संयुक्त मोर्चा का हुआ दो दिवसीय चिंतन शिविर

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा का दो दिवसीय चिंतन शिविर हसनपुर क्षेत्र के गांव धीमरखेड़ी में नवाब चौधरी के आवास पर आयोजित किया गया। चिंतन शिविर में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी का गांव के किसानों ने फूलमाला पहनकर जोरदार स्वागत किया। चिंतन शिविर के मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंश चौधरी ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और कृषि प्रधान देश में भारत की सरकारों ने किसानों के अधिकारों को सील कर रखा है।

भारत की सरकार ने किसान के साथ सौतेला व्यवहार कर रखा है देश में सबको अपनी चीज के रेट बताने की स्वतंत्रता है लेकिन किसान को नहीं,नरेश चौधरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुराने सभी कानूनों को बदलने का काम कर रहे हैं। आने वाले 2027 में उत्तर प्रदेश के चुनाव में भाजपा के विरोध में वोट डालने को मजबूर होगा। देश में 70% आबादी में आने वाला किसान और मजदूर गरीब है। एक पान का खोखा चलने वाला व्यापारी भी ज्यादा पैसे कमा रहा है सारा व्यापारी वर्ग किसान के द्वारा पैदा की गई फसलों के ऊपर व्यापार करके करोड़ कमा लेता है। इस अवसर पर गांव में 25 लोगों की कार्यकारिणी तैयार की गई जिसका अध्यक्ष नवाब चौधरी को बनाया गया। सभा की अध्यक्षता अरुण सिद्धू ने की और सभा का संचालन इकबाल चौधरी ने किया। इस अवसर पर मौजूद रहे। जसवंत सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अमरजीत देवल, इरशाद चौधरी, नवाब चौधरी, रघुवीर सिंह, अब्दुल रशीद, युसूफ चौधरी, साजिद मलिक, फहीम चौधरी, शराफत चौधरी, फुरकान चौधरी, हरवीर सिंह, सोनू ठाकुर, दिलशाद मलिक आदि किसान मौजूद रहे।



चिंतन शिविल में उपस्थित किसान। –जागरण मोर्चा

सुधा ने विश्व योगासन चैम्पियनशिप में जीता कांस्य पदक

जागरण मोर्चा कार्यालय

गजरौला। जनपद अमरोहा के अटेरना गांव की निवासी एवं सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में आरक्षी के पद पर कार्यरत खिलाड़ी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए देश और जिले का नाम रोशन किया है। चार से आठ जून तक गुजरात के अहमदाबाद के ट्रांस स्टेडियम में आयोजित प्रथम विश्व योगासन चैम्पियनशिप में भारत की ओर से प्रतिभाग करते हुए बीएसएफ की 95 बटालियन की आरक्षी सुधा ने सीनियर-सी (45 से 55 वर्ष) वर्ग की लेग बैलेंस व्यक्तिगत स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर देश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उनकी सफलता से परिजनों के साथ ही क्षेत्रवासियों, बीएसएफ के अधिकारियों और कर्मचारियों में ख़ुशी की लहर है। उनकी यह उपलब्धि युवाओं को खेल और योग के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। बता दें कि उनके पति फिल्मदीप सिंह भी बीएसएफ में आरक्षी पद से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान में घर पर रहकर ही खेती का काम देखते हैं।



सुधा विश्व योगासन चैम्पियनशिप।

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल आयोजित

बहजोई। विकासखंड असमोली के ग्राम इटायला माफी में न्याय पंचायत स्तरीय ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत इटायला माफी की प्रगति पुस्तिका का वाचन कर की गई। इसके बाद विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए लाभार्थियों का सत्यापन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डिप्टी सीएमओ डा. विश्वास अग्रवाल ने आयुष्मान भारत योजना सहित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। आशा कार्यकर्ता ने गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले पुष्टाहार, टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच और अन्य सुविधाओं के बारे में बताया। मुख्य विकास अधिकारी ने आशा डायरी एवं पुष्टाहार वितरण रजिस्टर का भी निरीक्षण किया। पशुपालन विभाग के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेंद्र सिंह ने पशु टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, देशी गाय एवं बकरी पालन योजनाओं की जानकारी दी।

भक्ति भाव जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा

श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्म जन्म का प्रसंग सुन भक्त हुए भाव विभोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर। नगर के सरकारी अस्पताल के निकट स्थित सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण के जन्म की लीला का बहुत ही सुंदर तरीके से प्रसंग सुनाया गया,भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे। कथा व्यास आचार्य पंडित शिव शंकर भारद्वाज ने कहा कि कंस की कारागार में वासुदेव- देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया।कथा के दौरान अतुल शर्मा,सुनील कुमार शर्मा, अजय कुमार शर्मा,संजय कुमार शर्मा,अभिषेक भारद्वाज, महेंद्र अग्रवाल, मनोज जोशी, सुमन शर्मा, मंजुला शर्मा, उषा शर्मा,कांति शर्मा, सोनिया शर्मा, सर्वेश अग्रवाल सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।



कथा में उपस्थित महिलाएं। –जागरण मोर्चा

स्कूल प्रबंधन की वादाखिलाफी से नाराज मृतका शिक्षिका एवं घायल छात्रा के परिजनों ने की भूख हड़ताल

हसनपुर। सड़क हादसे के पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग करते हुए परिजनों द्वारा एसडीएम कार्यालय पर लगातार दूसरे दिन भूख हड़ताल जारी रखी। हादसे में एक शिक्षिका की मौत हो गई थी जबकि एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई थी लेकिन स्कूल प्रशासन द्वारा किए गए अपने वादे को पूरा नहीं किया गया। 18 जुलाई 2025 को नगर के गजरौला मार्ग पर सड़क दुर्घटना में मृतक प्राइवेट शिक्षिका कुमारी निशा की मृत्यु हो गई थी इसी दुर्घटना में कक्षा 2 की छात्रा स्वर्णा त्यागी गंभीर रूप से घायल हो गई थी जो अभी कोमा में है। परिजनों का आरोप है की घटना के बाद स्कूल प्रशासन ने पीड़ित परिवारों से कई वादे किए थे लेकिन स्कूल प्रशासन द्वारा दोनों पीड़ित परिवारों से कोई भी बड़ा पूरा नहीं किया। पीड़ित परिजनों का कहना है की घटना को काफी समय व्यतीत हो गया है लेकिन स्कूल प्रशासन अपने बालों से मुकर गया है। आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान दोनों परिवारों के समर्थन में अब राजनीतिक एवं सामाजिक संगठन भी आगे आ रहे हैं, भूख हड़ताल के दौरान भाकियू बीआर अंबेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर उनका समर्थन किया। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर जल्द स्कूल प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवारों से किए गए वादे पूरे नहीं किए गए तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान दोनों पीड़ित परिवारों के काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।



भूख हड़ताल पर बैठे पीड़ित।

अंतर्जनपदीय जुआ फड़ का भंडाफोड़, लेकिन 'किंगपिन' अब भी पुलिस की पहुंच से दूर

जागरण मोर्चा कार्यालय

बड़ा सवाल हर बार सिर्फ 'मोहरे' ही चढ़ते हैं खाकी के हत्थे, सिंडिकेट के असली 'आका' पर मेहरबानी क्यों

फैजगंज बेहटा पुलिस की कार्रवाई की सराहना, पर जनता बोली- 'जब तक जड़ पर प्रहार नहीं, तब तक कार्रवाई अधूरी'

ओरछी। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के इलाके में लंबे समय से पैर पसार चुके एक बड़े अंतर्जनपदीय जुआ सिंडिकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ तो कर दिया, लेकिन इस बड़ी सफलता के बाद भी कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं पुलिस की इस दबिश में हमेशा की तरह सिर्फ 'मोहरे' जुआ खेलने वाले ही हाथ लगे हैं जबकि कई जिलों के जुआरियों को अपनी उंगलियों पर नचाने वाला असली 'मास्टरमाइंड किंगपिन एक बार फिर साफ बच निकलने में कामयाब रहा।

सूत्रों से मिली पुख्ता जानकारी के अनुसार इस जुआ गिरोह के हौसले इतने बुलंद थे कि वे पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए रोजाना अपनी लोकेशन' बदलते थे कभी खेतों तो कभी सुनसान इलाकों को ठिकाना बनाकर रोजाना लाखों रुपये के दांव लगाए जा रहे थे इस फड़ पर न सिर्फ स्थानीय अपराधी बल्कि आसपास के कई जनपदों से आने वाले बड़े सटोरियों और जुआरियों का जमावड़ा लगता था देखते ही देखते यह पूरा इलाका अंतर्जनपदीय जुए का मुख्य केंद्र बन चुका था रसूखदार 'आका' के रिमोट कंट्रोल से चल रहा था खेल इस पूरे खेल के पीछे किसी बेहद शातिर दिमाग और रसूखदार 'आका' का हाथ होने की चर्चाएं आम हैं रोजाना लाखों रुपये का टर्नओवर संभालना, बाहरी जिलों के अपराधियों को सुरक्षित पनाह देना और पुलिस की हर मूवमेंट पर नजर रखकर जुआरियों को सुरक्षित बचाना किसी आम अपराधी के बस की बात नहीं है चर्चा है कि पर्दे के पीछे बैठा यह रसूखदार सफेदपोश अपने रसूख और मजबूत मुखबिरी तंत्र के दम पर इस पूरे सिंडिकेट को 'रिमोट कंट्रोल' की तरह ऑपरेट कर रहा है। जनता की मांग- 'रिमांड पर लेकर हो आका के नाम का खुलासा' क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और ग्रामी णों का कहना है कि पुलिस ने जुआरियों को पकड़कर निश्चित ही सराहनीय काम किया है, लेकिन यह कार्रवाई तब तक अधूरी है जब तक इस रैकेट के मुख्य सरगना को जेल की सलाखों के पीछे नहीं भेजा जाता।

ग्रामी णों के मुताबिक, "अगर मास्टर माइंड खुला घूमता रहा, तो कुछ ही दिनों में नए चेहरों के साथ दोबारा फड़ सजने लगेगी।" अब क्षे त्र की जनता की नजरें फैजगं ज बेहटा पुलिस पर टिकी हैं कि क्या पुलिस पकड़े गए आरोपियों को रिमांड पर लेकर असली आका के गिरेबान तक हाथ डालेगी, या फिर यह फाइल भी 'मोहरों' की गिरफ्तारी पर ही बंद हो जाएगी बॉक्स न्यूज : इन सुलगते सवालों के जवाब ढूंढना जरूरी:कॉ ल डिटेल (CDR) की जांच क्यों नहीं? क्या पुलिस पक ड़े गए जुआरियों के मोबाइल खंगालकर उस 'खास नंबर' तक पहुंचेगी, जिससे फड़ संचालन के निर्देश मिलते थे अंतर्जनपदीय संगठित अपराध का है, तो मुख्य सरगना को चिन्हित तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं होती।

सार संक्षेप

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



मृतक मनोज के परिजन। –जागरण मोर्चा

बदायूं। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से पैदल जा रहे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। हादसा उघैती थाना क्षेत्र के गांव चाचीपुर के पास बृहस्पतिवार देरशाम करीब साढ़े आठ बजे हुआ। उघैती थाना क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी मनोज (36) पुत्र नरेश बीती शाम अपनी ससुराल चाचीपुर से अपने गांव करनपुर पैदल जा रहा था। परिजनों ने बताया कि युवक जैसे ही चाचीपुर गांव स्थित ईंट भट्टे के समीप पहुंचा, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। युवक अपने चार भाईयों में सबसे बड़ा था। उसके तीन पुत्रियां व एक बेटा है। जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।



मनोज का फाइल फोटो।

निर्धन कन्या के विवाह में जायन्ट्स ग्रुप ने बढ़ाया सहयोग का हाथ



बिसौली। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बिसौली स्टार्स ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए क्षेत्र की एक निर्धन कन्या के विवाह हेतु आवश्यक घरेलू सामान भेंट किया। संस्था के सदस्यों ने एकजुट होकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की मदद की, जिससे विवाह समारोह सुचारू रूप से संपन्न हो सके और नवदंपति को गृहस्थी बसाने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इस अवसर पर संस्था द्वारा दैनिक उपयोग की विभिन्न सामग्रियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय, फेडरेशन ऑफिसर नितिन गुप्ता, अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सचिव शशांक भिल्ला, कोषाध्यक्ष गौरव वार्ष्णेय सहित साहू सावेंद्र गुप्ता, मयंक अग्रवाल, शिप्रम शर्मा, नितिन वार्ष्णेय, हर्ष रस्तोगी, विकास गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, अमित बाबू, संदीप गुप्ता, अमित अग्रवाल, अनमोल गर्ग, मधुप अग्रवाल और विपुल वार्ष्णेय समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

ससुराल आए युवक से मारपीट ,महिला समेत तीन पर रिपोर्ट

बदायूं। वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव हतरा निवासी अल्तमश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी ससुराल अलापुर के वार्ड संख्या 15 में हसीन उर्फ ग्यासुद्दीन के घर में है ।7 जून की रात 11 बजे उसकी पत्नी अरचूमन जो ईद से अपने मायके में थी। पत्नी को लेने वह अपने साथी कासिम के साथ अपनी ससुराल आया था। जब उसने अपनी पत्नी से चलने व घर से लाए जेवर भी ले चलने को कहा तो उसके साले शिवली, कुमैल व साली खुशबू गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर सभी ने लाठी-डंडो से मारपीट की। दोबारा ससुराल आने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गंगा एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात वाहन में पीछे से टकराई पिकअप, दो की मौत, दो घायल

मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव बजरमैरी गंगा एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय



- **संभल निवासी बंटी व मुरादाबाद निवासी राहुल की मौत, चालक समेत दो घायल**
- **लखनऊ के मलिहाबाद से पंजाब के बठिडा आम लेकर जा रही थी पिकअप**
- **सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के माध्यम से हादसे की जांच में जुटी पुलिस**



राहुल का फाइल फोटो।



बंटी का फाइल फोटो।

बदायूं। गंगा एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर अफरातफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बिनावर सीएचसी भिजवाया। जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिनका इलाज चल रहा है। वहीं, पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिए हैं। हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

हादसा गंगा एक्सप्रेस-वे 199 किलोमीटर प्वाइंट पर थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव बजर मैरी के पास शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे हुआ। यह हादसा तब हुआ, जब लखनऊ के मलिहाबाद से पंजाब के बठिंडा आम ले जा रही पिकअप आगे जा रहे अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में संभल के मोहल्ला बरेली सराय निवासी बंटी (26) पुत्र हरीशंकर व मुरादाबाद जिले के थाना पाकबाड़ा क्षेत्र के गांव रतनपुर निवासी राहुल (25) पुत्र मुरारी की मौत हो गई। जबकि बंटी का भाई पिकअप चालक अमर सिंह और पंजाब निवासी अजय घायल हुए हैं। जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अजय और राहुल आपस में ममेरे-फुफेरे भाई हैं।

बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार पिकअप आगे जा रहे किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। हादसे की सूचना पर एक्सप्रेस-वे की पेट्रोलिंग टीम व थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरु किया। पुलिस ने घायलों को बिनावर सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने बंटी व राहुल को मृत घोषित कर दिया। जबकि चालक अमर सिंह व अजय को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम को भेजकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन रोते-बिलखते मोर्चरी पर पहुंचे।

पुलिस घटना की जांच पड़ताल के लिए एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। ताकि अज्ञात वाहन की पहचान हो सके। थाना पुलिस का कहना है कि पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



स्काउट भवन प्रशिक्षण केंद्र पर कुष्ठ रोगियों के लिए दैनिक उपयोग के समान का पैकेट तैयार करते पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा। –जागरण मोर्चा

युवा चिंतन, चरित्र और पवित्र आचरण से बदलेगा समाज और राष्ट्र की दिशा : संजीव

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। भारत स्काउट और गाइड संस्था के तत्वावधान में कुष्ठ रोगियों को दैनिक उपयोग का सामान और एक दिन के भोजन वितरण की तैयारियां स्काउट भवन प्रशाक्षण केंद्र पर की गईं।

स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्ययुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि कुष्ठ रोगियों की सेवा ईश्वर की सच्ची आराधना है। समाज के पीड़ित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता ही हमारे संस्कारों की पहचान है। कुष्ठ रोगी दया के नहीं, सम्मान और आत्मीयता के अधिकारी हैं। सेवा, सहयोग और जागरूकता के माध्यम से हम उनके जीवन में आशा का प्रकाश जगा सकते हैं। अपनत्व और समरसता से देश को आगे बढ़ाएं। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि युवा अपने चिंतन, चरित्र, पवित्र आचरण से समाज और राष्ट्र की दिशा बदल सकता है। उन्होंने कहा युवाओं को नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और सेवा कार्यों में आगे आकर नेतृत्व करना चाहिए। डीओसी मु.असरार ने बताया कि भारत स्काउट गाइड संस्था की ओर से कुष्ठरोगियों की सेवा 35 वर्षों से भी अधिक समय से की जा रही है।

उन्होंने कहा कि नहाने और धोने का साबुन, चाय की पत्ती, पट्टियां आदि दैनिक उपयोग का सामान के साथ एक दिन का तैयार भोजन दाल-चावल, रोटी-सब्जी नियमित हर महीने दी जा रही है। प्रदेश में ऐसी सेवा और कहीं नहीं की जाती है। इस मौके पर निखिल चौहान, नेत्रपाल ने दैनिक उपयोग के सामान के पैकेट तैयार कराएं।

जननी सुरक्षा एवं मातृ वंदन योजना में पिछड़ रहा जिला, सीएमओ ने एमओआईसियों को लगाई फटकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। 12 साल पहले सत्ता में आने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने अपनी प्राथमिकताओं वाली योजनाओं में महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधित योजनाओं को रखा था। यहां योजनाएं तो बहुत चलीं लेकिन अब तक उनका परिणाम बहुत अच्छा नहीं रहा। कभी संसाधनों की कमी आई तो कहीं तकनीकी पहलुओं में मामला उलझ गया। इसी के चलते महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर जितने बेहतर परिणाम आने चाहिए थे वह नहीं आए। ऐसी ही दो योजनाएं थे जननी सुरक्षा योजना और मात्र वंदन योजना। जिले में इसकी क्या हालत रही और कितनी महिलाएं इससे लाभान्वित हुईं। पेश है देवेश मिश्रा की रिपोर्ट: जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को धनराशि देने में आधार कार्ड आड़े आ रहा है। स्वास्थ्य विभाग मानता है कि जिले में लगभग 50फीसदी लाभार्थी महिलाओं को भुगतान नहीं हो सका है। उनके पास या तो बैंक खाता नहीं है या फिर बैंक खाते से आधार कार्ड लिंक नहीं है। इसके अलावा बहुत सी लाभार्थी ऐसी हैं जिनके पास आधार कार्ड ही नहीं है। अब स्वास्थ्य विभाग सीएचसी, पीएचसी और सरकारी अस्पतालों में बैंकों के प्रतिनिधियों को बुलाने के साथ आधार कार्ड बनाने के शिविर भी आयोजित करने जा रहा है।

> जननी सुरक्षा योजना के तहत शहरी क्षेत्र में एक हजार और देहात में 14 सौ रुपए का भुगतान किया जाता है। विभाग की ओर से सभी लाभार्थियों को समय से भुगतान किया जाता है। कुछ मामलों में लाभार्थी का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं होने के चलते भुगतान नहीं हो पा रहा है। जिनके संबंध में सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है की सरकारी योजना के लाभ से कोई भी वंचित न रहे।
>
> – डॉ. विकास शर्मा, सीएमओ

गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए केंद्र की ओर से शुरू की गई मातृ वंदन योजना के हालात भी जिले में ठीक नहीं हैं। प्रदेश स्तर पर हुई योजना की समीक्षा में बदायूं काफी स्तर पर पिछड़ा हुआ है। इस मामले को लेकर शासन स्तर से जनपद के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार भी पड़ी है। मातृ वंदन योजना के तहत कितनी गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण और जांच हुई, इसका डेटा तक विभाग के पास नहीं है। इसके अलावा इस योजना के तहत कितनी महिलाओं को भुगतान किया गया, इसके बारे में भी विभाग के पास कोई जानकारी नहीं है।

युवक से मारपीट में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव पिंडौल निवासी डालचंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 26 मई की शाम करीब 5 बजे गांव के लेखराज, भूरे, पान सिंह पुत्रगण रामचंद्र व प्रमोद पुत्र वीरेंद्र गाली गलौज करने लगे। उसके लड़के अमित ने जब गाली गलौज करने से मना किया तो सभी ने उसके लड़के को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी दी। चारों आरोपितों पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

किसान से मारपीट करने पर पिता-पुत्रों पर प्राथमिकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव करतोली निवासी श्रीपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 जून को वह अपने खेत की लेवलिंग कराने को अपना ट्रैक्टर गांव के भजनलाल के खाली खेत से निकलवा लिया था। जिस पर शाम सात बजे भजनलाल व उशके बेटे दुर्वेश,अनिल. मीरेश ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। जिसमें उसे काफी चोट आई है। पुलिस ने पिता-पुत्रों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

दुकान के विवाद में खूनी संघर्ष, दो पक्षों में जमकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

सहसवान। थाना सहसवान क्षेत्र के ग्राम नदायल में दुकान के किराए और पगड़ी को लेकर चल रही रंजिश ने बृहस्पतिवार शाम खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं दुकान मालिक ने पुलिस पर पैसे लेकर एकतरफा कार्रवाई करने और जबरन दुकान खाली कराने का गंभीर आरोप लगाया है।

ग्राम नदायल निवासी शावेज अहमद पुत्र अहमद नबी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गांव में जूते-चप्पल और रेडीमेड की दुकान चलाता है। यह दुकान उसने अहमद रजा और हसीन अहमद से पगड़ी पर ली थी। शावेज का आरोप है कि वह समय से किराया दे रहा था, लेकिन आरोपी पक्ष पगड़ी की रकम बढ़ाने का दबाव बना रहा था। इसी रंजिश में 6 जून की शाम करीब 6 बजे अहमद रजा, हसीन अहमद और अनस अपने परिवार की महिलाओं के साथ लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर उसकी दुकान पर आ धमके। विरोध करने पर उसे बुरी तरह मारा-पीटा गया। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। शावेज ने बताया कि आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

वहीं दूसरे पक्ष ने भी शावेज अहमद के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। सूत्रों के अनुसार दूसरे पक्ष ने शावेज पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। इस तरह पूरे मामले में क्रॉस रिपोर्ट दर्ज हो गई है। दुकान संचालक शावेज के परिजनों का आरोप है कि उनके 2,39,000 रुपए अहमद नबी हाजी पर बकाया थे। आरोप है कि पुलिस ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए बिना किसी अदालती आदेश के दुकान को खाली करा दिया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पुलिस ने पैसे लेकर विपक्षी का साथ दिया और उनके साथ नाइंसाफी की है। किरायेदारी का मामला सिविल कोर्ट का है, फिर भी पुलिस ने दबाव बनाकर कब्जा हटवा दिया। फिलहाल गांव में तनाव का माहौल है। दोनों पक्षों ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई हैं।

दो अपहर्ताओं समेत चचेरी-तहेरी बहनें सकुशल बरामद

बदायूं। थाना उसावां पुलिस ने बृहस्पतिवार को अपहर्त चचेरी-तहेरी बहनों को सकुशल बरामद करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। मामला थाना व कस्बा उसावां का है। मंगलवार को कस्बे में टहलने निकली दो नाबालिग चचेरी-तहेरी बहनें अचानक लापता हो गई। काफी देर तक जब वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उनकी खोजबीन की। लेकिन उनका सुराग नहीं लगा। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरियों की तलाश शुरु कर दी। बृहस्पतिवार को पुलिस ने दोनों बहनों को बरामद कर दो अभियुक्तों को गांव मिल्किया मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने अपना नाम रौकन पुत्र विक्रम चौहान निवासी नरायनपुर तिवारी थाना खामपार जिला देवरिया हाल पता मकान अमित सिंह वार्ड नं0 10 कस्वा व थाना उसावां व रंजीत पुत्र शेर सिंह निवासी वार्ड नं0 3 कस्वा व थाना उसावां बताया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

बीमारियों का सटीक उपचार हमारी दायित्व
सुदामा हॉस्पिटल
जनरल फिजिशियन (मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल)
समय - प्रत्येक दिन
दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक
DR. K. VERMA
MBBS (MD)
वरिष्ठ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आगरा
Sr. Resident (Medicine) SGPGI, Saifai
7078173252
क्या आप इन लक्षणों/बीमारियों से परेशान हैं?
सीने में दर्द आना, बार-बार दर्द सपने आना
चेहरे पर कील, मुंहासे, पिम्पल होने या पेट की तो गैस
जोड़ों का, सिर का, पैरों का दर्द व जलन होना
बारबार बुखार आना व न उतरना
कमजोरी सा लगना व भूख न लगना
बारबार सर्दी आना/जुकाम होने आना
भूख कम करना, कब्ज (पेतावट) खुमार, पुराना टायफाइड (हरपिट)
पेट में दर्द, पेट फूलना, गैस बनना या जलन
एलर्जी, खांसी, सांस सम्बन्धी तकलीफ का पुराना रोग
घुटनों में दर्द, पीठ दर्द, सर्वाइकल, अस्थमा
शुरिश एलिक (बाल), गाउट रोग व अन्य
हार्ड या लो बी. पी.
हार्ड या लो शुगर की बीमारी, थायराईड, उल्टी
दस्त, पेट दर्द, भूख न लगना
खून की कमी व विटामिन की कमी
जोड़ों में दर्द व गठिया, गिल्टीया बुखार
जॉब व खाने सम्बन्धी समस्याएं
चैन न आना, बेचैनी, तनाव रहना
बिडविद्रापन, काम करने की समस्या
दिमाग में खुजली आना या बार-बार, बार बार
पेशाब आना मस्कती शिकायतें व अन्य
इमरजेन्सी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध
सम्पर्क सूत्र – 9690593425, 7078173252
जिओं पेट्रोल पंप के सामने, अलापुर रोड, बदायूं

वि चेयरमैन को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन अधीक्षण अभियंता को सौंपा

बिजली बिलों में 10 फीसदी अधिभार बढ़ोत्तरी का व्यापारियों ने किया विरोध

जागरण मोर्चा कार्यालय



बदायूं। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद द्वारा बिजली बिलो पर 10 फीसदी ईंधन अधिभार लगाए जाने पर व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने चेयरमेन उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग लखनऊ के नाम संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन अधीक्षण अभियंता अजय कुमार को सौंपा।

जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद द्वारा बिजली बिलों पर 10 फीसदी ईंधन अधिभार जून माह से लगाई जाने की घोषणा की गई है जिसकी ईंधन अधिभार लगाने से पूर्व राज्य विद्युत नियामक आयोग से भी अनुमति नहीं ली गई है और तो और हास्यपद स्थिति यह कि ज्ञात हुआ है कि ऊर्जा मंत्री को भी इस बात की भनक नहीं लगने दी। इससे साफ जाहिर है कि अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं इसका प्रदेश के व्यापारी पुरजोर विरोध करते हैं। जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह लाम्बा ने बताया कि बिजली के औद्योगिक व घरेलू बिलों में पूर्व में ही फिक्स चार्ज लगाए जा रहे है साथ ही वाणिज्य (एलएमवी -2) बिलों में फिक्स चार्ज व मिनिमम चार्ज दोनों लगाए जा रहे हैं तो फिर क्यों अधिभार लगाया जा रहा है।

ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश शंखधार ने बताया कि घरेलू, वाणिज्य व औद्योगिक बिलों में 7.5 फीसदी इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी जोड़ी जा रही है और नियामक आयोग के द्वारा प्रत्येक वर्ष बिजली के उत्पादन व खर्चों की समीक्षा कर आम पब्लिक से सुनवाई करने के बाद बिजली की दरों का पुनः निर्धारण किया जाता है। इसलिए बीच सेशन में अनावश्यक रूप से बिजली की दरों में बढ़ोतरी करने का कोई औचित्य नहीं है। संजीव आहूजा ने बताया कि अचानक की गई बढ़ोतरी से एक गलत परंपरा की शुरुआत होगी तथा इसके प्रभाव से बढ़ाने वाली महंगाई से आम जनता प्रभावित होगी। अमित वैश्य ने बताया कि अचानक कि गई बढ़ोतरी से उत्तर प्रदेश का उद्योग व व्यापार प्रभावित होगा हमारे यंहा के व्यापार लागत बढ़ने से नष्ट हो जाएगा। सुरेन्द कुमार ने आयोग से मांग करते हुए कहा कि अनावश्यक रूप से ईंधन अधिभार के नाम पर बिजली के बिलों में की जा रही 10 फीसदी की बढ़ोतरी को समाप्त करने के लिए आदेश जारी किए जाए। ज्ञापन देने के दौरान प्रतिनिधि मंडल में जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी, संजीव आहूजा, जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह लाम्बा, नरेश शंखधार, नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष गुड्डू सिसोदिया, सुरेंद्र नानक, नगर मंत्री दीपक गुप्ता, कुलदीप वैश्य, राजेश कुमार, राजकुमार यादव आदि शामिल रहे।

एसएसपी ने थाना व प्रकोष्ठ प्रभारियों के कार्यक्षेत्र बदले

बदायूं। एसएसपी अंकिता शर्मा ने तीन थाना प्रभारियों समेत दो प्रकोष्ठों के प्रभारियों के कार्य क्षेत्रों में बदलाव किया है। एसएसपी की ओर से जारी सूची के अनुसार वजीरगंज थाने का चार्ज पीआरओ अश्विनी कुमार को दिया गया था।

यहां तैनात रहे इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह को एसएसपी ने पिछले दिनों मुठभेड़ की गोपनीयता भंग करने के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया था। इसके अलावा एसएसपी ने इस्लामनगर के एसओ उदयवीर सिंह को थाने से हटाकर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट का प्रभारी बनाया है। उनके स्थान पर क्राइम ब्रांच में तैनात रहे इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह को थाना इस्लामनगर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।वहीं, मानवाधिकार प्रकोष्ठ में तैनात इंस्पेक्टर मनोज कुमार को थाना मूसाझाग का चार्ज सौंपा गया है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी रहे इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह को मानवाधिकार प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया गया है। माना जा रहा है कि पुलिस विभाग में यह फेरबदल कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य किया गया है।

लेखपाल से मारपीट करने पर प्राथमिकी

बदायूं। बिसौली कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शिव कालोनी निवासी अंकित शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सदर तहसील में लेखपाल के पद पर तैनात है।15 जून की रात साढ़े ग्यारह बजे वह बदायूं से अपने घर लौट रहा था। तभी दवतोरी रोड पर पहले से मौजूद सचिन शर्मा निवासी बद्री कालोनी,बिसौली ने उसे रोककर गाली देना शुरु कर दी। गाली देने से मना करने पर सचिन ने उसके साथ मारपीट की। जिससे उसे काफी चोटे आई हैं। लोगों को देखकर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपित पर प्राथमिकी दर्ज की है।

सम्पादकीय

असम-नगालैंड के बीच दशकों का विवाद खत्म, तेल समझौता संपन्न, शाह ने पूर्वोत्तर का भाग्य ही बदल दिया

ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही मोदी सरकार को पूर्वोत्तर से एक बड़ी रणनीतिक सफलता मिली है। केंद्र, असम और नगालैंड के बीच तेल और प्राकृतिक गैस अन्वेषण को लेकर हुआ त्रिपक्षीय समझौता भारत को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के अभियान का निर्णायक अध्याय है। दशकों से विवाद और अस्थिरता में फंसे असम, नगालैंड सीमा क्षेत्र में तेल खोज का रास्ता खोलकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस मिशन को नई ताकत दे दी है, जिसका लक्ष्य विदेशी तेल निर्भरता घटाकर भारत को ऊर्जा महाशक्ति बनाना है। यही वजह है कि अमित शाह ने इसे विकसित पूर्वोत्तर और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। हम आपको बता दें कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में भारत सरकार, असम सरकार और नगालैंड सरकार के बीच असम-नगालैंड सीमावर्ती क्षेत्रों में खनिज तेल संचालन के संबंध में एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा और नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो सहित केंद्र, असम एवं नगालैंड सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए साफ कहा कि इस समझौते ने विकसित पूर्वोत्तर के रास्ते में खड़ी अंतिम बड़ी बाधा हटा दी है। हम आपको बता दें कि असम और नगालैंड की सीमा से लगे विवादित क्षेत्र में तीन दशक से अधिक समय से तेल और खनिज अन्वेषण ठप पड़ा था। अधिकार क्षेत्र को लेकर दोनों राज्यों के बीच तनाव बना रहता था, जिसके कारण हजारों करोड़ रुपये की संपदा जमीन के नीचे दबी रह गई। अब इस समझौते के तहत एक हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में तेल, गैस और खनिज संसाधनों की खोज और उत्पादन का रास्ता खुल गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों राज्यों ने संसाधनों के बंटवारे पर 50-50 की सहमति बनाई है। यही वह राजनीतिक परिपक्वता है जिसने इस समझौते को टकराव से निकालकर साझेदारी के मॉडल में बदल दिया। अमित शाह ने दावा किया कि इस एक समझौते से प्रतिदिन एक हजार से पंद्रह सौ बैरल तेल उत्पादन क्षमता को दस गुना तक बढ़ाया जा सकता है। केवल एक तेल क्षेत्र से पंद्रह हजार करोड़ रुपये से अधिक की संभावित प्राप्ति का अनुमान जताया गया है। यह बयान केवल आर्थिक संभावना का संकेत नहीं, बल्कि उस रणनीतिक दिशा का संकेत है जिसमें भारत तेजी से आगे बढ़ना चाहता है। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, पश्चिम एशिया में अस्थिरता और ऊर्जा आपूर्ति संकटों के दौर में भारत लंबे समय से आयातित तेल पर निर्भरता घटाने की कोशिश कर रहा है। ऐसे समय में पूर्वोत्तर के विशाल तेल और गैस भंडार भारत के लिए नई ऊर्जा रीढ़ साबित हो सकते हैं। दरअसल यह समझौता केवल तेल निकालने का मसला नहीं है। यह पूर्वोत्तर को संघर्ष की पहचान से निकालकर सामरिक और आर्थिक शक्ति केंद्र में बदलने की कवायद है। अमित शाह ने कहा कि यदि नगालैंड में फैले तेल और गैस भंडार का पूरा दोहन हुआ तो भारत विदेशी देशों पर अपनी ऊर्जा निर्भरता काफी हद तक कम कर सकेगा। इसका सीधा मतलब है कि भारत अपने ऊर्जा हितों को लेकर अधिक स्वतंत्र रणनीति अपना सकेगा। देखा जाये तो ऊर्जा आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक मुद्दा नहीं होती, यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मूल तत्व बन चुकी है। साथ ही इस पूरे घटनाक्रम का दूसरा बड़ा पहलू सुरक्षा और शांति से जुड़ा है। अमित शाह ने पूर्वोत्तर में हिंसा की घटनाओं में लगभग अस्सी प्रतिशत गिरावट का दावा करते हुए कहा कि वर्ष 2019 के बाद 12 शांति समझौते हुए हैं। यही कारण है कि अब सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम को भी पूर्वोत्तर के अधिकांश हिस्सों से हटाने की तैयारी चल रही है। अमित शाह ने विश्वास जताया कि अगले वर्ष एक या दो राज्यों को छोड़कर पूरे पूर्वोत्तर से यह कानून हटाया जा सकता है। यह बयान बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि दशकों तक पूर्वोत्तर की पहचान उग्रवाद, सैन्य उपस्थिति और अस्थिरता से जुड़ी रही है। अब केंद्र सरकार यह संदेश देना चाहती है कि क्षेत्र संघर्ष से विकास की ओर बढ़ चुका है। रणनीतिक दृष्टि से देखें तो यह समझौता चीन और दक्षिण पूर्व एशिया से जुड़ी भारत की व्यापक नीति से भी मेल खाता है। पूर्वोत्तर भारत लंबे समय तक केवल भौगोलिक सीमा माना जाता रहा, लेकिन अब उसे आर्थिक गलियारे, ऊर्जा केंद्र और संपर्क सेतु के रूप में विकसित किया जा रहा है। सड़क, रेल, निवेश, पर्यटन और ऊर्जा परियोजनाओं के जरिए केंद्र सरकार इस क्षेत्र को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में लाने की कोशिश कर रही है। तेल और गैस परियोजनाओं के सक्रिय होने से निजी निवेश बढ़ेगा, रोजगार पैदा होंगे और क्षेत्रीय असंतोष कम होगा। यही वह बिंदु है जहां विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा एक दूसरे के पूरक बन जाते हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी कहा कि यह समझौता देश की दीर्घकालिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा। वहीं नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफियू रियो की सहमति इस बात का संकेत है कि अब पूर्वोत्तर की राजनीति टकराव से अधिक आर्थिक साझेदारी की दिशा में बढ़ रही है। यही कारण है कि अमित शाह ने इसे जीत हार का नहीं, बल्कि सबकी जीत का समझौता बताया। बहरहाल, अब स्पष्ट है कि यह त्रिपक्षीय समझौता केवल सीमाई विवाद सुलझाने का प्रयास नहीं, बल्कि पूर्वोत्तर के भविष्य को नए सिरे से परिभाषित करने की शुरूआत है। यदि सरकार अपने दावों के अनुरूप तेल उत्पादन, निवेश और शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में सफल रहती है, तो आने वाले वर्षों में पूर्वोत्तर भारत की ऊर्जा शक्ति, सामरिक मजबूती और आर्थिक विस्तार का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है।

मोदी ने राजनीति को राष्ट्र सेवा का सर्वोच्च साधन बनाया



■ राजेन्द्र शुक्ल

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना, रक्षा क्षमता, अंतरिक्ष विज्ञान और आर्थिक सुधारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। जनधन, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि और डिजिटल इंडिया जैसे अनेक कार्यक्रमों से करोड़ों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। शासन की योजनाएँ पहली बार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पारदर्शी ढंग से पहुँची हैं।

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में कुछ क्षण ऐसे हैं जो केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं होते, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक आकांक्षाओं और विश्वास का प्रतीक बन जाते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के देश की जनता के निरंतर विश्वास के साथ ऐतिहासिक जनादेश प्राप्त कर दीर्घकाल तक राष्ट्र का नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त करना गौरवपूर्ण क्षण है। यह केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण के संकल्प, सेवा और सुशासन की विजय है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राजनीति को सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का सर्वोच्च साधन बनाया। उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी एक नई पहचान स्थापित की है। आज विश्व भारत को केवल एक बड़ा बाजार नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति, विश्वसनीय साझेदार और भविष्य के नेतृत्वकर्ता के रूप में देखता है। अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत की आवाज पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली हुई है और यह परिवर्तन प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच तथा निर्णायक नेतृत्व का परिणाम है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित होना केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं, यह भारत की जनता के अटूट विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। निरंतर जनसमर्थन किसी पद या प्रचार से नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण, पारदर्शिता, निर्णायक नेतृत्व और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की कार्य शैली से अर्जित होता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वयं को सदैव 'प्रधान सेवक' के रूप में प्रस्तुत किया और गरीब, किसान, महिला, युवा तथा समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सतत प्रयास किया। यही कारण है कि देश की जनता ने बार-बार उन पर अपना विश्वास व्यक्त किया। उनका सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, अथक कार्यशक्ति, दूरदर्शी सोच और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का स्पष्ट संकल्प करोड़ों भारतीयों को प्रेरित करता है तथा उन्हें जन-जन का प्रिय नेता बनाता है।

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना, रक्षा क्षमता, अंतरिक्ष विज्ञान और आर्थिक सुधारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। जनधन, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि और डिजिटल इंडिया जैसे अनेक कार्यक्रमों से करोड़ों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। शासन की योजनाएँ पहली बार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पारदर्शी ढंग से पहुँची हैं।



इतिहास में दर्ज रहेगा यह कालखंड

भारतीय संस्कृति और आस्था के पुनर्जागरण का भी यह कालखंड इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करोड़ों भारतीयों की सदियों पुरानी आस्था की पूर्ति का क्षण था। यह केवल मंदिर निर्माण नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और आत्म गौरव का पुनर्स्थापन था। जम्मू-कश्मीर से संबंधित ऐतिहासिक निर्णयों ने राष्ट्रीय एकीकरण को नई मजबूती प्रदान की। विकास और लोकतंत्र की मुख्यधारा से जुड़ते हुए जम्मू-कश्मीर आज नए अवसरों की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री जी ने यह सिद्ध किया कि दृढ़ इच्छा शक्ति और स्पष्ट नीति के साथ कठिन से कठिन निर्णय भी राष्ट्रहित में लिए जा सकते हैं।

प्रदेश को मिला निरंतर स्नेह

मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री श्री मोदी के विशेष स्नेह और मार्गदर्शन का लाभ निरंतर प्राप्त करता रहा है। प्रदेश में सड़क, रेल, सिंचाई, ऊर्जा, शहरी विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश एवं परियोजनाओं ने विकास को नई गति दी है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से गरीब, किसान, महिला और युवाओं के जीवन में बदलाव लाने वाली अनेक योजनाओं का प्रभाव प्रदेश के प्रत्येक जिले तक पहुँचा है। विंध्य क्षेत्र और विशेष रूप से मेरा गृह क्षेत्र रीवा भी इस परिवर्तनकारी यात्रा का साक्षी बना है। रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर पावर प्रोजेक्ट ने न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई। यह परियोजना प्रधानमंत्री जी के उस विजन का प्रतीक है जिसमें विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चलते हैं। आज रीवा देश के ऊर्जा मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है और विंध्य की पहचान नई संभावनाओं से जुड़ चुकी है। विंध्य क्षेत्र में सड़क संपर्क, रेल सुविधाओं, शिक्षा संस्थानों और आधारभूत संरचना के विस्तार ने विकास के नए द्वार खोले हैं। यह क्षेत्र अब पिछड़ेपन की पहचान से आगे बढ़कर प्रगति और संभावनाओं के केंद्र के रूप में उभर रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन और केंद्र सरकार का सतत सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री के रूप में मुझे यह अनुभव करने का अवसर मिला है कि प्रधानमंत्री जी की सोच केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वस्थ भारत के व्यापक निर्माण की है। आयुष्मान भारत जैसी ऐतिहासिक योजना ने गरीब परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है। मेडिकल कॉलेजों के विस्तार, स्वास्थ्य अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं ने मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दी है। प्रदेश सरकार भी प्रधानमंत्री जी के इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का नेतृत्व हमें यह विश्वास देता है कि विकसित भारत का संकल्प केवल एक सपना नहीं, बल्कि एक साकार होती राष्ट्रीय यात्रा है। उनके नेतृत्व में भारत ने आत्मविश्वास, सांस्कृतिक गौरव और विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। आज प्रत्येक भारतीय गर्व के साथ कह सकता है कि उसका देश विश्व पटल पर नई ऊँचाइयों को छू रहा है। व्यक्तिगत रूप से मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूँ कि मुझे ऐसे युग निर्माता नेतृत्व के साथ कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

भारतीय चिंतन में आदर्श नेतृत्व का आधार सदैव लोक कल्याण और राष्ट्रहित रहा है।

'प्रजासुखे सुखं राज्ञः प्रजानां च हिते हितम।
नात्मप्रियं हितं राज्ञः प्रजानां तु प्रियं हितम॥'

शासक का सुख प्रजा के सुख में और उसका हित प्रजा के हित में निहित होता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में जनसेवा, सुशासन और राष्ट्र प्रथम की यही भावना निरंतर परिलक्षित होती है। मध्यप्रदेश और विंध्य की जनता की ओर से मैं उनके प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ तथा ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वे उन्हें उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और राष्ट्र सेवा की अक्षुण्ण ऊर्जा प्रदान करें, ताकि उनके नेतृत्व में भारत विकसित, आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर रहे।

(लेखक मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री हैं)

नन्हे हाथों में सपनों की रोशनी देने का संकल्प



■ प्रहलाद सिंह पटेल

बचपन जीवन का वह स्वर्णिम काल होता है, जब आँखों में अनगिनत सपने पलते हैं, मन कल्पनाओं के आकाश में उड़ान भरता है और भविष्य की संभावनाएं आकार लेती हैं। यह वह समय है, जब बच्चों के हाथों में किताबें होनी चाहिए, पैरों में खेल की चंचलता और चेहरे पर निश्छल मुस्कान। लेकिन समाज का एक कटु सत्य यह भी है कि आज भी अनेक बच्चों का बचपन अभाव, नशा, गरीबी और श्रम के बोझ तले दबा हुआ है। उनके नन्हे हाथ, जो कलम थामने के लिए बने थे, आज मजदूरी के कठिन कार्यों में उलझे दिखाई देते हैं। अनाथों की तरह उनका जीवन देखकर पूरे समाज की संवेदनहीनता और सामूहिक विफलता का प्रतीक है।

हर वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम दिवस हमें अपने संकल्प को स्मरण कराता है। यह दिन केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। हमें स्वयं से यह प्रश्न पूछना चाहिए कि क्या हम अपने बच्चों के लिए ऐसा समाज बना पाए हैं, जहां उन्हें शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मानपूर्ण जीवन का अधिकार सहज रूप से प्राप्त हो सके? यदि नहीं, तो यह हमारे लिए चिंता का विषय है। बाल श्रम केवल एक सामाजिक समस्या नहीं, बल्कि मानवता के मूल्यों के विरुद्ध अपराध है। किसी भी बच्चे को उसकी उम्र से पहले जिम्मेदारियों का बोझ उठाने के लिए विवश करना उसके अधिकारों का हनन है। बच्चों का स्थान कारखानों, दुकानों, ढाबों और खतरनाक कार्यस्थलों पर नहीं, बल्कि विद्यालयों, खेल के मैदानों और परिवार के स्नेहिल वातावरण में होना चाहिए। हमारा श्रमोदय विद्यालय इस भावना का मूल स्वरूप हैं। जब कोई बच्चा मजदूरी करता है, तब केवल उसका वर्तमान ही नहीं, बल्कि उसका भविष्य भी प्रभावित होता है। उसके सपने सीमित हो जाते हैं और उसके विकास की संभावनाएं बाधित हो जाती हैं।

मध्यप्रदेश सरकार बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी जैसी कुप्रथाओं के उन्मूलन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हमारा स्पष्ट लक्ष्य है– 'बंधुआ और बाल श्रम मुक्त मध्यप्रदेश '। यह केवल एक प्रशासनिक उद्देश्य नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का व्यापक अभियान है। हम ऐसा प्रदेश बनाना चाहते हैं, जहां किसी भी बच्चे को मजबूरी में श्रम न करना पड़े और प्रत्येक बच्चे को अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिले।



बाल एवं किशोर श्रम (निषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 ने इस दिशा में एक महत्वपूर्ण आधार प्रदान किया है। यह कानून बच्चों को रोजगार में लगाने पर प्रतिबंध लगाता है और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का प्रावधान करता है। इसी प्रकार शिक्षा का अधिकार अधिनियम प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करता है। यह केवल कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि उस विश्वास की अभिव्यक्ति है कि शिक्षा ही बच्चों को गरीबी और शोषण के चक्र से मुक्त कर सकती है। हालांकि , केवल कानून बना देने से समस्या का समाधान नहीं होता। बाल श्रम जैसी चुनौती का मुकाबला समाज की सामूहिक भागीदारी से ही संभव है। यदि हमारे आसपास कोई बच्चा मजदूरी करता दिखाई दे, तो यह केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है कि वह कार्रवाई करे। यह हम सभी का नैतिक दायित्व है कि हम उस बच्चे को बेहतर जीवन की ओर ले जाने में सहयोग करें। समाज, उद्योग जगत, स्वयंसेवी संस्थाएं, शिक्षण संस्थान और जागरूक नागरिक– सभी को इस अभियान में सहभागी बनना होगा।

बाल श्रम उन्मूलन के लिए पांच महत्वपूर्ण स्तंभ आवश्यक हैं....कानूनी सहायता, पुनर्वास, कौशल विकास, जनजागरूकता और प्रशासनिक संवेदनशीलता। केवल बच्चों को श्रम से मुक्त करा देना पर्याप्त नहीं है। उन्हें शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और उज्ज्वल भविष्य के अवसर भी उपलब्ध कराना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से सरकार और मेरा विभाग पुनर्वास योजनाओं, कौशल विकास कार्यक्रमों और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान कर रहा है। वास्तव में गरीबी बाल श्रम का सबसे बड़ा कारण है। जब परिवार आर्थिक संकट से जूझते हैं, तब बच्चों को भी कम उम्र में जिम्मेदारियों का भार उठाना पड़ता है। इसलिए बाल श्रम के उन्मूलन का अर्थ केवल बच्चों को कार्यस्थलों से हटाना नहीं, बल्कि उनके परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है। रोजगार सृजन, स्वरोजगार योजनाएं और ग्रामीण विकास कार्यक्रम इसी दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जब परिवार आत्मनिर्भर होंगे, तब बच्चों को मजदूरी करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और वे शिक्षा तथा अपने सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम बाल श्रम को केवल सरकारी विषय न मानें, बल्कि सामाजिक चेतना का हिस्सा बनाएं। हमें ऐसा वातावरण तैयार करना होगा, जहां बच्चों के हाथों में औजार नहीं, बल्कि किताबें हों, उनकी आँखों में भय नहीं, बल्कि सपनों की चमक हो और उनके जीवन में संघर्ष नहीं, बल्कि अवसरों की अनंत संभावनाएं हों।

बाल श्रम और कौशल विकास के बीच अंतर को समझना भी आवश्यक है। यदि कोई बच्चा अपने परिवार की परंपरागत कला, व्यवसाय या पुश्तैनी कार्य में रुचि रखता है, तो वह उसकी जन्मजात प्रतिभा और कौशल का परिचायक हो सकता है। ऐसे में, उसकी इच्छा और रुचि के अनुरूप उस कौशल का ज्ञान प्राप्त करना उसके व्यक्तित्व विकास का माध्यम बन सकता है, बशर्ते यह उसकी शिक्षा, स्वास्थ्य और बचपन के अधिकारों को प्रभावित न करे।

विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि किसी भी बच्चे का बचपन मजबूरी में न बीते।

आइए, हम मिलकर ऐसा मध्यप्रदेश और ऐसा भारत बनाने का प्रयास करें, जहां हर बच्चा सुरक्षित, शिक्षित और सम्मानपूर्ण जीवन जी सके। क्योंकि 'बाल श्रम मुक्त मध्यप्रदेश' केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक ऐसे विकसित, संवेदनशील और समृद्ध भारत की आधारशिला है, जिसकी नींव हमारे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य पर टिकी हुई है। यही सच्चे अर्थों में राष्ट्र निर्माण का मार्ग है और यही हमारी सबसे बड़ी सामाजिक जिम्मेदारी भी।

(लेखक पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री हैं।)

रासमंच : बिष्णुपुर की टेराकोटा विरासत का अनुपम प्रतीक



पश्चिम बंगाल के बिष्णुपुर में स्थित रासमंच अपनी अद्वितीय स्थापत्य कला और ऐतिहासिक महत्ता के लिए प्रसिद्ध है। मल्ल शासक वीर हम्बीर द्वारा वर्ष 1600 ईस्वी में निर्मित यह भव्य स्मारक ईंटों और लैटेराइट पत्थरों से बना है। पिरामिडनुमा संरचना वाला यह मंदिर अपनी आकर्षक टेराकोटा नक्काशी के कारण विशेष पहचान रखता है। बिष्णुपुर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक यह स्मारक कला, इतिहास और शिल्पकौशल का उत्कृष्ट उदाहरण है। इसकी मनोहारी बनावट और स्थापत्य सौंदर्य को निहारने के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक यहाँ आते हैं।

निपाह वायरसः वैज्ञानिक सतर्कता व जन-जागरूकता से समाधान

केरल में निपाह वायरस का फिर से दस्तक देना राज्य के स्वास्थ्य तंत्र और आम जनता के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। कोझिकोड और आसपास के इलाकों में संदिग्ध मामलों के सामने आने के बाद बरती जा रही सतर्कता यह बताती है कि हम इस घातक बीमारी को हल्के में नहीं ले सकते। बार-बार इस वायरस का लौटना एक गहरी चिंता का विषय है। निपाह वायरस एक 'जूनोटिक' (जानवरों से इंसानों में फैलने वाली) बीमारी है, जिसकी मृत्यु दर लगभग 40 प्रतिशत से 75 प्रतिशत के बीच है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, सांस लेने में तकलीफ और मस्तिष्क की सूजन (एन्सेफलाइटिस) शामिल हैं। वर्तमान में इसका कोई विशिष्ट उपचार या टीका उपलब्ध नहीं है, जो स्थिति को और अधिक भयावह बनाता है। केरल में 2018 के बाद से ही निपाह के प्रकोप रह-रहकर सामने आते रहे हैं। हर बार संक्रमण फैलने का प्राथमिक स्रोत फल खाने वाले चमगादड़ (टेरोपस प्रजाति) पाए गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन और इंसानी दखलंदाजी के कारण चमगादड़ों और इंसानों के बीच का दायरा सिमट गया है, जिससे यह संक्रमण तेजी से फैलता है। हर नए मामले के साथ केरल का स्वास्थ्य विभाग तुरंत हरकत में आता है, संपर्कों (कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग) की पहचान करता है और आइसोलेशन वॉर्ड तैयार करता है। राज्य की यह त्वरित प्रतिक्रिया सराहनीय है, लेकिन यह केवल एक 'आपातकालीन उपाय है। बार-बार वायरस का लौटना इस बात की मांग करता है कि हम स्थायी और वैज्ञानिक समाधान की ओर बढ़ें। सबसे बड़ी कमी यह है कि संदिग्ध मामलों की अंतिम पुष्टि के लिए नमूनों को पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्?यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजना पड़ता है। इस प्रक्रिया में लगने वाला समय घातक हो सकता है। केरल जैसे संवेदनशील राज्य में जहां निपाह का खतरा लगातार बना हुआ है. वहां एक उन्नत वायरस अनुसंधान प्रयोगशाला की सख्त आवश्यकता है। इस महामारी से निपटने के लिए हमें 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण को अपनाना होगा। इसका अर्थ है कि इंसानी स्वास्थ्य, जानवरों के स्वास्थ्य और पर्यावरण के बीच के संबंधों को समझकर नीतियां बनाई जाएं। आम जनता के स्तर पर भी अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है, गिरे हुए फल न खाएं, साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें और किसी भी लक्षण के दिखने पर तुरंत चिकित्सा सहायता लें। अंतत निपाह वायरस के प्रकोप से डरने के बजाय वैज्ञानिक सतर्कता, बेहतर बुनियादी ढांचे और सामुदायिक जागरूकता के माध्यम से ही निपटा जा सकता है। राज्य और केंद्र सरकार को मिलकर एक ऐसा तंत्र विकसित करना होगा जो भविष्य में इस तरह के प्रकोपों को फैलने से पहले ही रोक सके।

मौसम वैज्ञानिकों का बड़ा अपडेट, फिर से बढ़ेगी गर्मी, विक्षोभ पड़ा कमजोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ने से आंधी-बारिश का दायरा सिमटने और गर्मी बढ़ने की संभावना है। अगले एक सप्ताह में तापमान चार से छह डिग्री तक बढ़ सकता है। मानसून ने पूर्वी क्षेत्रों में प्रगति की है, जबकि अल नीनो के सक्रिय होने से सामान्य से कम वर्षा का जोखिम बढ़ा है।

पश्चिमी विक्षोभ की वजह से प्रदेश में आंधी-पानी का असर देखने को मिला लेकिन अब इसका असर कमजोर पड़ रहा है। ऐसे में प्रदेश में आंधी-बारिश का दायरा सिमटेगा और गर्मी एक बार फिर अपना असर दिखाएगी। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिणी उत्तर प्रदेश को छोड़कर बाकी प्रदेश में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। शनिवार से धीरे-धीरे तापमान में बढ़ोतरी होगी और एक हफ्ते में चार से छह डिग्री तक तापमान बढ़ सकता है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, अभी तक पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में आंधी-बारिश का असर देखने को मिल रहा था। इससे तापमान में भी कमी दर्ज की गई और लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन शनिवार से फिर गर्मी बढ़ेगी।



पिछले दो दिन के भीतर तापमान में गिरावट के साथ मौसम खुशगवार हो गया था। अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को दक्षिणी यूपी में बूंदाबांदी हो सकती है लेकिन बाकी जगहों पर मौसम शुष्क रहेगा। तापमान में थोड़ी वृद्धि भी होगी जिससे गर्मी का अहसास होगा। इसके बाद के दह दिनों में तापमान 4-6 डिग्री तक बढ़ने के आसार हैं।

दक्षिण-पश्चिम मानसून ने शुक्रवार को अपनी प्रगति जारी रखते हुए उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी, पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों, पश्चिम बंगाल, बिहार व ओडिशा और झारखंड के कुछ क्षेत्रों में दस्तक दे दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, मानसून की उत्तरी सीमा 12 जून को हरनाई, सोलापुर, हैदराबाद, भद्राद्री कोठागुडेम, कलिंगपट्टनम, पारादीप, बारीपदा, पुरुलिया, धनबाद और मुजफ्फरपुर से होकर गुजर रही है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान परिस्थितियां मानसून के और आगे बढ़ने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। इसके प्रभाव से मध्य अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक के शेष हिस्सों, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, बिहार तथा छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्रों में मानसून के आगे बढ़ने की संभावना है। मानसून की सक्रियता बढ़ने के साथ इन क्षेत्रों में वर्षा की गतिविधियों में भी तेजी आने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, जून 2026 में अल नीनो सक्रिय हो चुका है और आने वाले दिनों में मानसून के दौरान इसके और मजबूत होने की संभावना है। दक्षिण-पश्चिम मानसून (जून-सितंबर) के दौरान अल नीनो मध्यम से मजबूत स्तर तक पहुंच सकता है। हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) सामान्य बना रहेगा। इसलिए इस वर्ष मानसून पर अल नीनो का प्रभाव देखने को मिल सकता है और वर्षा सामान्य से कम रहने का जोखिम भी बढ़ गया है।

सार संक्षेप

एक करोड़ कीमत का नशीला पदार्थ जब्त, चार ड्रग तस्कर गिरफ्तार

लखनऊ। अंतर-राज्यीय नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ़ एक बड़ी कार्रवाई में, यूपी स्पेशल टास्क फोर्स और एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने अलग-अलग ऑपरेशन में चार कथित ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया और 1.1 करोड़ रूपए से ज़्यादा कीमत का नशीला सामान जब्त किया। पहले ऑपरेशन में, स्पेशल टास्क फोर्स ने अंतर-राज्यीय ड्रग तस्करी सिंडिकेट के दो संदिग्ध सदस्यों को लखनऊ में इटौंजा क्षेत्र में गिरफ्तार किया और 600 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कीमत लगभग 60 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी प्रकाश सिंह और आकाशदीप सिंह लखीमपुर खीरी के रहने वाले के तौर पर हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नेपाल से हेरोइन (ब्राउन शुगर) लाते थे और पुणे और मुंबई में खरीदारों को ऊँची कीमतों पर बेचते थे। दूसरे ऑपरेशन में, एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स की बरेली यूनिट ने 320 किलोग्राम डोडा पोस्त के साथ दो सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों की पहचान बरेली निवासी पुष्पेंद्र साहू और प्रेम प्रकाश के तौर पर हुई है। दोनों झारखंड और बिहार से डोडा पोस्त लाते थे और पंजाब में खरीदारों को बेचते थे, साथ ही इस गैर-कानूनी धंधे से होने वाले मुनाफे को आपस में बांटते थे।

अपर आयुक्त ने बीच बैठक के दौरान कहे अपशब्द, जीएसटी उपायुक्त को आया हार्ट अटैक; आईसीयू में भर्ती



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में नोएडा का राज्य कर विभाग फिर सुर्खियों में आ गया। शुक्रवार को अपर आयुक्त द्वारा नोएडा जोन के सभी उपायुक्तों की बैठक में उपायुक्त वेद प्रकाश सिंह के साथ तीखी नोंकझोंक हो गई। आरोप है कि आईएएस अपर आयुक्त के आपत्तिजनक व्यवहार और अपशब्दों से माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया और वेद प्रकाश सिंह बेहोश होकर गिर पड़े। साथी अधिकारी उन्हें तत्काल कैलाश अस्पताल ले गए, जहां हार्ट अटैक की पुष्टि होने पर उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है। शासन स्तर से मामले की रिपोर्ट मांगी गई है। शुक्रवार को आईएएस अपर आयुक्त द्वारा नोएडा जोन के सभी उपायुक्तों की मीटिंग बुलाई गई थी। बैठक में संयुक्त आयुक्त योगेश विजय, उपायुक्त सुनीति शर्मा, आलोक तिवारी, देवेंद्र सिंह, कृपाल अग्निहोत्री, लज्जा पांडेय, शिव सहाय, वेदप्रकाश सिंह, जयप्रकाश शुक्ल, प्रभास कुमार, अभिषेक शाह, अमित द्विवेदी, सूरज सिंह, मदन लाल, रामानुज मिश्र, सहायक आयुक्त सोनिया शर्मा और मालविका सिंह मौजूद थे। आरोप है कि खंड-12 में तैनात उपायुक्त वेद प्रकाश सिंह से रिटर्न स्क्रूटनी को लेकर अपर आयुक्त तेज और आपत्तिजनक शब्दों के साथ डाँटने लगे। वेद प्रकाश सिंह ने अपशब्द न बोलने का अनुरोध किया गया। इस पर अपर आयुक्त ने और अधिक तेज आवाज में बाहर निकल जाने को कहा। इस पर उपायुक्त भी भड़क गए। आरोप है कि यह देखकर अपर आयुक्त उठकर खड़े हो गए और अपशब्दों का प्रयोग करते हुए हाथ में पकड़े पेन को वेद प्रकाश सिंह की ओर फेंका, जिससे पेन टूट गया और स्याही फैल गई। इसके बाद उपायुक्त बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। उनके बेहोश होते ही अफरा-तफरी मच गई। अधिकारी उन्हें अस्पताल लेकर भागे। हार्ट अटैक की पुष्टि होने पर उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इससे पहले भी अपर आयुक्त राज्य कर विभाग में तैनात महिला अधिकारियों द्वारा लगाए गए शोषण के आरोपों में घिर चुके हैं। कुछ समय पहले एक महिला अधिकारी को कीमती गिफ्ट देने से उपजे विवाद में उनका नाम आ चुका है। राज्य कर आयुक्त डॉ. नितिन बंसल ने बताया कि नोएडा की घटना संज्ञान में आई है। फिलहाल सर्वोच्च प्राथमिकता उपायुक्त के स्वास्थ्य की है जो अस्पताल में भर्ती हैं। इस संबंध में डीएम से भी बात की है। उनके स्वस्थ होने के बाद इस प्रकरण पर उनसे बात की जाएगी। मैं उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

अभिजीत दीपके का एलान अब पीछे नहीं हटेंगे युवा

कई संगठनों ने ईको गार्डन में किया विरोध-प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) के बैनर तले शुक्रवार को ईको गार्डन में युवाओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने पेपर लीक और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर केंद्र व राज्य सरकार को घेरा। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष अभिजीत दीपके भी इसमें शामिल हुए। उन्होंने कहा कि युवा अब पीछे नहीं हटेंगे।

दर्शन में विभिन्न जिलों से करीब चार हजार युवा जुटे थे। शुरुआत में भीड़ दिशाहीन दिखी, लेकिन अभिजीत दीपके के आने से उसे दिशा मिली। अभिजीत ने सड़क पर धरना दिया और छात्रों के आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।

साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार का उत्तरदायित्व तय करने की बात कही। अभिजीत ने युवाओं से 20 जून को दिल्ली में होने वाले अगले प्रदर्शन में पहुंचने की अपील की। उन्हें देखने और सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी, जिससे समर्थकों को सुरक्षा घेरा बनाए रखना मुश्किल हुआ।



आइसा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा ने कहा कि सरकार के दमन के बावजूद युवा एकजुट हुए हैं। उन्होंने लाखों खाली पदों को भरे जाने तक लड़ाई जारी रखने का एलान किया। आइसा प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा कि शिक्षा और रोजगार की लड़ाई निर्णायक मोड़ पर है। अध्यापक सुनील यादव ने समयबद्ध और पारदर्शी परीक्षा कराने को सरकार की जिम्मेदारी बताया। प्रतियोगी छात्र अखिलेश ने खाली पदों और पेपर लीक पर सरकार को घेरा।

सड़क हादसे में घायल युवती के लिए 'देवदूत' बने ट्रैफिक पुलिसकर्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विभूति खंड इलाके में सुबह एक भीषण सड़क हादसा होने से टल गया। अपनी मुस्तैदी और मानवीय चेहरे के लिए अक्सर तारीफ बटोरने वाली लखनऊ ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने एक बार फिर इंसानियत की नई मिसाल पेश की है। समय रहते की गई पुलिसकर्मियों की मदद की वजह से हादसे का शिकार हुई एक युवती की जान सुरक्षित बच सकी।

मूल रूप से अंबेडकर नगर (जलालपुर) की रहने वाली मासूम जहरा विभूति खंड स्थित एक निजी संस्थान में कार्यरत हैं। रोज की तरह सुबह जब वह ऑफिस जाने के लिए सड़क पार कर रही थीं, तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर दूर जा गिरीं, जिससे उनके हाथ और कमर में गंभीर चोटें आईं।

हादसे के वक्त चौराहे पर ड्यूटी दे रहे हेड कांस्टेबल नवल किशोर और कांस्टेबल बलजीत यादव की नजर तुरंत घायल युवती पर पड़ी। उन्होंने एम्बुलेंस का इंतजार कर समय बर्बाद करने के बजाय सूझबूझ दिखाई और तुरंत एक स्थानीय ऑटो की मदद से घायल मासूम जहरा को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया।

अस्पताल में तुरंत इलाज मिलने की वजह से युवती की हालत अब पूरी तरह खतरे से बाहर और नियंत्रण में है। घायल युवती को अस्पताल में भर्ती कराने के तुरंत बाद जवानों ने उनके परिवार को भी घटना की जानकारी दी। इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी लखनऊ ट्रैफिक पुलिस के इन जवानों की जमकर तारीफ हो रही है। संकट की इस घड़ी में पुलिसकर्मियों की त्वरित कार्रवाई ने यह साबित कर दिया है कि खाकी वर्दी हर परिस्थिति में जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए पूरी तरह समर्पित है।

पशु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष रंजीत सिंह नामधारी का किया भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। उत्तराखंड पशु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं दर्जा राज्य मंत्री रंजीत सिंह नामधारी का खटीमा आगमन पर क्षेत्रीय जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। खटीमा पहुंचते ही नामधारी ने सर्वप्रथम शहीद स्मारक जाकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत उन्होंने नगर भ्रमण किया, जहां व्यापारियों और किसानों ने फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया।

रंजीत सिंह नामधारी पूर्व में खटीमा के ब्लॉक प्रमुख रह चुके हैं और जनता के बीच उनकी पहचान एक जमीनी नेता के रूप में है। रंजीत सिंह नामधारी को हाल ही में उत्तराखंड सरकार द्वारा पशु कल्याण बोर्ड का उपाध्यक्ष एवं दर्जा राज्य मंत्री नियुक्त किया गया है। पदभार संभालने के बाद पहली बार खटीमा आगमन पर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला।



रंजीत सिंह नामधारी का स्वागत करते लोग। -जागरण मोर्चा

इस अवसर पर नामधारी ने समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास और पशु कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

इस दौरान हरभजन सिंह खिंडा, अमरजीत सिंह, सतनाम सिंह, पंकज सिंह, कुलदीप सिंह, कुलतार सिंह नामधारी, साधू सिंह नामधारी, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, गुरप्रीत सिंह, पपिंदर सिंह खिंडा, जितेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यूपी के 15 जिलों के 141 हॉटस्पॉट क्षेत्र बालश्रम मुक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। यूपी के 15 जिलों के 141 हॉटस्पॉट क्षेत्र बालश्रम मुक्त घोषित कर दिए गए हैं। 2027 तक प्रदेश को बालश्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अंतरराष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस पर राजधानी में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

अंतरराष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस पर शुक्रवार को राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय जन-जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2027 तक प्रदेश को बालश्रम मुक्त बनाने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर 15 जिलों के 141 हॉट स्पॉट क्षेत्रों को बालश्रम मुक्त घोषित किया गया।

झांसी जिले के ग्रामीण क्षेत्र भी बालश्रम मुक्त घोषित हुए हैं। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने बालश्रम उन्मूलन को सरकार की प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि बाल श्रम में संलिप्त बच्चों को मुक्त कराकर विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जा रहा है। उनके परिवारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

दिसंबर 2026 तक 15 जिलों को बालश्रम मुक्त बनाने की कार्रवाई चल रही है। प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन एमके शन्मुगा सुन्दरम ने बताया कि प्रदेश में 543 हॉटस्पॉट चिह्नित किए गए थे। इनमें से 141 शहरी वार्डों और ग्राम पंचायतों को शुक्रवार को बालश्रम मुक्त घोषित किया गया।

श्रम आयुक्त मार्कण्डेय शाही ने कहा कि बालश्रम मुक्त प्रदेश का लक्ष्य सभी विभागों के सहयोग से ही हासिल होगा।

एनएच व लोनिवि नहीं सुधार सके सितारगंज रोड के हालात, विकास प्राधिकरण के स्वामित्व पर जगी उम्मीद

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। नगर के मुख्य चौराहे से ग्राम भूड की पुलिया तक सितारगंज रोड की दुर्दशा से आम जनता उबर नहीं पा रही है। इस मार्ग के दोनों ओर की कच्ची पटरियां तथा चोक नालियां इन दिनों आम जनता के जी का जंजाल बन चुकी हैं। हल्की सी बारिश में मार्ग की पटरियां कीचड़ युक्त रहती हैं। वहीं इस मार्ग के दोनों ओर की नालियों में भरा कूड़ा बरसात के पानी के साथ ओवर फ्लो मार्ग में कचरा व गंदगी फैलाता है। मार्ग निर्माण के दौरान एनएच द्वारा सितारगंज रोड के दोनों ओर तत्कालीन सुविधा के अनुसार बड़ी नालियों का निर्माण किया था। समुचित देखरेख एवं सफाई के अभाव में इन नालियों



सितारगंज रोड मुख्य मार्ग की नाली की दुर्दशा। -जागरण मोर्चा

में भरने वाले गंदे पानी में कचरा सड़कर दुर्गंध फैलने लगता है। बारिश के दौरान इन नालियों का ओवर फ्लो गंदा पानी सिविल कोर्ट एवं तहसील परिसर के सामने दूसरी ओर से आवादी की ओर ओम कॉलोनी में घुसता है। इस दौरान मार्ग के किनारे रहने वाले लोग बाढ़ की स्थिति का सामना करते हैं। बरसाती पानी के समुचित निकास के अभाव में यह पानी कंजाबाग तिराहे से मार्ग व उसकी पटरी से मुख्य चौराहे की ओर बाढ़ की स्थिति में बहता है। इस मार्ग का स्वामित्व एन एच 125 के बाद लोकनिर्माण विभाग का रहा है। तब बजट के अभाव में इस मार्ग की नाली एवं पटरी का समुचित निर्माण नहीं हो सका। सितारगंज रोड की पटरी व नालियों की दुर्दशा के सवाल पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता पीपी तिवारी बताते हैं कि इस मार्ग का स्वामित्व वर्तमान में विकास प्राधिकरण के पास है। अब देखना यह है कि इस मार्ग की दशा व दिशा में कोई सुधार होता है या नहीं।

एसआई भर्ती: DV-PST के लिए आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड करने का लिंक जारी



जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस में 4543 उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 के अंतर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी-पीएसटी) के लिए आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड करने का लिंक उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने अपनी वेबसाइट पर शुक्रवार को जारी कर दिया। चयनित अभ्यर्थियों की डीवी-पीएसटी की कार्यवाही सभी जिलों में 15 जून से शुरू हो रही है।

बोर्ड के अपर सचिव (भर्ती) सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बताया कि अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण के लिए अभ्यर्थियों को जारी प्रवेशपत्र में अन्य अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र की प्रति डीवी-पीएसटी परीक्षा स्थल पर लाने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

इस संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन पत्र की प्रति उनके पास उपलब्ध न होने के संबंध से बोर्ड को अवगत कराया जा रहा है। डीवी-पीएसटी में हिस्सा लेने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड करने का लिंक बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

दिक्कत बिफरे नानकमता के विधायक गोपाल सिंह राणा स्थानीय प्रशासन पर लगाया पक्षपात का आरोप

वार्ड 12 में निर्माणाधीन 70 मीटर मार्ग के लिए मिट्टी उपलब्ध नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। विधायक निधि से नगर के वार्ड संख्या 12 में कराए जा रहे मार्ग निर्माण के लिए मिट्टी की स्वीकृति न मिलने पर नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा भाजपा सरकार सहित स्थानीय प्रशासन पर जमकर बरसे।

उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन उन्हीं लोगों को मिट्टी खनन की परमिशन देता है जो सत्ता में पैठ रखते हैं। विधायक राणा ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि नगरपालिका के वार्ड संख्या 12 के एजीएस इंटर कॉलेज के समीप लगभग 70 मीटर मार्ग वर्षों से जल एवं जर्जर हालात में है। इस मार्ग के निर्माण के लिए विधायक निधि से स्वीकृति मिलने पर मार्ग में मिट्टी भरान के लिए स्थानीय प्रशासन मिट्टी की स्वीकृति नहीं दे रहा है।



वार्डवासियों की समस्या सुनते विधायक राणा। -जागरण मोर्चा

मार्ग निर्माण की मांग करने वाले वार्ड वासियों को मिट्टी खनन की स्वीकृति नहीं दी जा रही है।

वार्डवासियों ने विधायक राणा के कैंप कार्यालय में आपबीती सुनाते हुए कहा कि उनके वार्ड के मार्ग के हालात इस बरसात में भी सुधारने के आसार नहीं बन रहे हैं। वार्ड संख्या 12 वासी कमला देवी के मकान से प्रेम बल्लभ पांडे के मकान तक जर्जर एवं जलमग्न रहने वाले मार्ग से त्रस्त हैं। विधायक राणा ने स्थानीय प्रशासन पर सत्ता एवं विपक्षियों के साथ पक्षपात का रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि सीएम स्तर पर आम जन समस्याओं के समाधान की घोर उपेक्षा चल रही है। सीएम द्वारा घोषित विकास कार्य पूरे नहीं हो पा रहे हैं। विधानसभा में उठाए गए मुद्दों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

विधायक राणा ने कहा कि आज सही बात कहने में भी प्रदेशवासी कतराने लगे हैं। विधायक राणा ने मार्ग निर्माण की मांग करने वालों वाले मुन्नी खड़ायत, तारा पांडे, कमला देवी, माया देवी, तेज सिंह बोहरा, पुष्कर सिंह खडायत, दिलीप सिंह नेगी, किशोर उपाध्याय, रमेश रौतेला आदि मौजूद रहे।

ट्रांसफार्मर से बिजली चोरी करके चला रहे थे शोरूम, प्रवर्तन दल ने छापे में पकड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। राजधानी में आरोपी ट्रांसफार्मर से बिजली चोरी करके शोरूम चला रहे थे। प्रवर्तन दल ने छापे में पकड़ा। साथ ही, 12 अन्य जगहों पर भी बिजली चोरी पकड़ी गई है। कर्मियों की मिलीभगत से ट्रांसफार्मर के मीटर से केबल जोड़ लिया था। आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

राजधानी लखनऊ के बिजनौर क्षेत्र में शुक्रवार को सीधे ट्रांसफार्मर के मीटर से बिजली चोरी करके शोरूम को चला रहे थे। प्रवर्तन दल ने यह बिजली चोरी पकड़ी। अंदेशा है कि कर्मियों की मिलीभगत से ट्रांसफार्मर के मीटर से केबल को जोड़ा गया था। साथ ही, 12 अन्य जगहों पर भी बिजली चोरी पकड़ी गई।

अमौसी के अधिशासी अभियंता ए.के शुक्ला ने बताया कि प्रवर्तन दल के इंसपेक्टर ने बिजनौर



चौराहा के राती रोड पर शोरूम में 10 किलोवाट की बिजली चोरी को पकड़ा। पवन पांडेय के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

गोमती नगर के मुख्य अभियंता सुशील गर्ग ने बताया कि मीनू देवी 25/50 सेक्टर-25 इन्दिरा नगर, शालिनी वर्मा जैनाबाद गोयला, वकील अहमद आदिल नगर पर बिजली चोरी का केस दर्ज हुआ है।

मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया कि राजाजीपुरम, चौक, हुसैनगंज क्षेत्र में उर्मिला सिंह, कुन्दु, अब्दुल हबीब, शांती देवी आयशा बानो, नाजिम, मो0 मुन्ना, बब्बन, अब्दुल वाहिद, मो0 नईम, मो0 अयूब, मोहम्मद काजिम, उस्मान और आमिर के घर बिजली चोरी पकड़ी गई।

कच्चे मार्ग पर भरा रहा पानी और कीचड, लोग परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। घुंघचाई-दियूरियाकला मार्ग से दिलाबरपुर जाने वाला लिंक रोड गांव तक कच्चा है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। बरसात के दिनों में तो समस्याएं ओर बढ जाती है। कच्चे मार्ग का पक्का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा हाईवे के लिंक चकरोडों को पक्का निर्माण कराए जाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। उसके बावजूद कई चक मार्ग ऐसे हैं जहां अभी तक निर्माण की बात तो दूर खडंजा तक भी नहीं लगाया गया है। घुंघचाई-दियूरियाकला रोड से दिलाबरपुर गांव जाने वाला लिंक रोड कच्चा है। इस चकरोड से नरायनपुर,दिलावरपुर,फत्तेपुर, घुंघचाई,सिमराया,मटैहना सहित कई गांवों के लोगों का आवागमन होता है। लेकिन चकरोड पर गड्ढे व कीचड हो जाने से लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। बरसात के दिनों में यह कच्चा चकरोड दलदल का रूप ले लेता है।

यह चकरोड घुंघचाई-दियूरिया हाईवे को जोडता है। इस कच्चे रास्ते पर बडे बडे गड्ढे हो जाने से वाहनों के निकलने में भारी दिक्कतें हो रही है। बारिश के दौरान जलभराव और दलदल होने से आए दिन वाहन फंसकर पलट जाते है। मनरेगा से इस चकरोड को बेहतर कर दिया जाता है। लेकिन कुछ दिनों बाद इसको काट कर लोग अपने खेतों में मिल लेते हैं,सड़क कच्ची है जिसको पक्की बनाए जाने की लंबे अरसे से मांग हो रही है। लेकिन इस पर अमल नहीं हो सका। लोगों की मांग है कि शासन की महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत कच्चा मार्ग जल्द ही पक्का बनाया जाए ।

विकास की बड़ी सौगात, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने 9 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

परियोजनाओं का लोकार्पण करते केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद

जागरण मोर्चा कार्यालय



परियोजनाओं का लोकार्पण करते केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद। –जागरण मोर्चा

पीलीभीत। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद जितिन प्रसाद ने शुक्रवार को गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सांसद निधि योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत निर्मित 9 जनोपयोगी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में सामुदायिक केंद्र, बारातघर तथा अंत्येष्टि स्थल/शवदाह गृह शामिल हैं, जिनका निर्माण ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराया गया है। लोकार्पित परियोजनाएं जनपद की बीसलपुर, बरखेड़ा, पीलीभीत और पूरनपुर विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न गांवों में बनाई गई हैं। इन भवनों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी, वहीं अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण से अंतिम संस्कार संबंधी व्यवस्थाएं भी सुदृढ़ होंगी।

इस अवसर पर जितिन प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार गांवों में आधारभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दे रही है और जनहित की योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के विधायक, जनप्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे और विकास कार्यों के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया।

सार संक्षेप

नोमान अली वारसी बने समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



पूरनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर युवा नेता नोमान अली वारसी को समाजवादी छात्र सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नियुक्ति की सूचना मिलते ही उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा युवाओं को नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त होगी। समर्थकों ने इसे पार्टी संगठन के लिए महत्वपूर्ण निर्णय बताते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

तबादला आदेश के बाद भी पद पर बने कर्मचारी, उठे सवाल



बाबू मुनेंद्र कुमार वर्मा।

पीलीभीत। सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत में एक कर्मचारी के स्थानांतरण के बावजूद मूल तैनाती स्थल पर कार्यरत रहने का मामला चर्चा में है। जानकारी के अनुसार उप गन्ना आयुक्त, बरेली द्वारा 30 मई 2025 को जारी आदेश में बाबू मुनेंद्र कुमार वर्मा का स्थानांतरण पीलीभीत से बीसलपुर किया गया था, लेकिन स्थानीय स्तर पर वह अभी भी पीलीभीत में कार्यरत बताए जा रहे हैं। इस संबंध में शिकायतकर्ता शिवनारायण सिंह ने आयुक्त गन्ना एवं चीनी, उत्तर प्रदेश को भेजी शिकायत में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। शिकायत में खाद, बीज और कीटनाशकों पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के संबंध में अनियमितता का आरोप लगाया गया है। हालांकि आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है और अब सभी की निगाहें संभावित जांच एवं विभागीय कार्रवाई पर टिकी हैं।

मामा के घर जा रही युवती का अपहरण का प्रयास

पूरनपुर। मामा के घर जा रही युवती का बाइक सवार गैर समुदाय के युवक ने अपहरण का प्रयास किया गया। एक गांव के समीप युवती के शोर पर बाइक सवार आरोपी युवती को छोड़कर भाग गया। एकत्र हुए लोगों ने युवती से जानकारी कर उसके परिजन को सूचना दी। घटना सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे की है। युवती अपने घर से अपने मामा के घर दूसरे गांव में जाने को निकली थी। रास्ते में मिले बाइक सवार गैर समुदाय के युवक ने युवती को उसके मामा के घर छोड़ने का झांसा देकर बाइक पर बैठा लिया और उसके मामा के गांव न ले जाकर दूसरे गांव की ओर बाइक दौड़ा दी। युवती के शोर पर आरोपी युवती को दूसरे गांव के पास छोड़कर भाग गया। इससे खलवली मच गई। कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने युवती के पिता की ओर से छोटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है। सीओ पूरनपुर प्रतीक दहिया ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

विवाहिता को मारपीट कर निकाला, तहरीर दी

पूरनपुर। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती ने बताया कि उसकी शादी एक साल पहले खुटार थाना क्षेत्र के गांव विजोरिया निवासी रवि कुमार के साथ हुई थी। जिसमें मायके वालों ने अपनी सामर्थ के अनुसार दहेज दिया था। लेकिन दिए गए दहेज से ससुराली संतुष्ट नही हुए। कुछ दिनों के बाद ही ससुरालियों ने विवाहिता से अतिरिक्त दहेज में एक वाइक,फ्रीज, कूलर,पंखा आदि की मांग करना शुरू कर दिया। जब विवाहिता ने दहेज लाने से मना कर दिया तो उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। गुरूबार की देर शाम मांग पूरी न करने पर ससुरालियों ने उसको मारा पीटा और घर से निकाल दिया। सूचना पर उसका पिता पुलिस लेकर पहुंचा और अपनी पुत्री को वापस घर लेकर आया। कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जिसकी जांच की जा रही है।

घर पहुंचे घायल युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक के घर के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़। –जागरण मोर्चा

दियोरिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर जगतपुर गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक बुधवार शाम अपने दोस्त को खाना खाने को बुलाने गया था, लेकिन देर रात घायल अवस्था में घर लौटा। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



मृतक नत्थूलाल।

मृतक के भाई ने गांव के ही दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक चार भाई है। सबसे बडे भाई रामकुमार और सबसे छोटे भाई सोनपाल की शादी हो चुकी है। कृष्णपाल दूसरे नम्बर का है जिसकी भी शादी नहीं हुई है। नत्थूलाल तीसरे नम्बर का था यह भी अविवाहित था। मझले भाई कृष्णपाल ने बताया है कि नत्थू लाल उम्र 38 बर्ष पुत्र मेवाराम मौर्य, बुधबार शाम को अपने दोस्त राकेश गुप्ता के घर उसको खाना खाने के लिए बुलाने गया था। बताया गया है कि राकेश की पत्नी लगभग दो महीने से मायके गई हुई थी, इसलिए वह घर पर अकेला रहता था।

नत्थू लाल देर रात तक घर नहीं लौटा। लगभग 2 बजे जब वह वापस आया, तो उसके पीछे सिर में चोट लगी हुई थी,वह बुरी तरह घायल था। उसने अपने भाई से चारपाई बिछाने को कहाँ और बिना खाना खाए लेट गया। गुरुवार सुबह कृष्णपाल टहलने के बाद जब घर आए तो चाय पीने के लिए नत्थूलाल को उठाने के बाद पता चला कि उसके सिर के पीछे हिस्से में ज्यादा चोट है और बुरी तरह घायल है। भाई कृष्णपाल ने बताया कि गुरुवार सुबह नत्थूलाल की गंभीर हालात में देखने के बाद राकेश गुप्ता के घर जानकारी करने गए तो देखा उसके घर में जमीन पर खून पडा हुआ था। उसके बाद गुरुवार सुबह परिजन घायल नत्थू लाल को बरखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसके गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान नत्थू लाल ने दम तोड दिया। मृतक के मझले भाई कृष्णपाल ने गांव के ही दो व्यक्तियों पर नत्थू लाल की हत्या का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही दियोरिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी गौतम सिंह ने बताया है कि युवक की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है। लिखित तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

राणाप्रताप नगर में मुख्य नाले पर घास का कब्जा

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। राणाप्रताप नगर क्षेत्र में मुख्य नाले की बदहाल स्थिति स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। नाले में उगी घनी घास, झाड़ियां और जमा गाद के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है, जिससे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। बरसात के मौसम में यह समस्या और अधिक विकराल रूप धारण कर लेती है, जिसके चलते लोगों को दैनिक जीवन में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य नाले की लंबे समय से समुचित सफाई नहीं कराई गई है। नाले के दोनों किनारों और बीच में बड़ी मात्रा में घास उग आने से जल प्रवाह लगभग रुक-सा गया है,हल्की बारिश में भी जलभराव हो जाता है। जलभराव के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। कई बार लोग पानी से भरी सड़कों से गुजरते समय फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं। इसके अलावा घरों के सामने गंदा पानी जमा रहने से दुर्गंध फैल रही है और मच्छरों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि हुई है। लोगों को डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का भय सता रहा है। कई बार संबंधित विभाग और नगर निगम अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। बरसात शुरू होने से पहले नालों की सफाई कराने के दावे किए गए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इसके विपरीत दिखाई दे रही है।

बिजली कटौती के विरोध में हिन्दू महासभा ने फूंका बिजली विभाग का पुतला

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिजली कटौती के विरोध में हिंदू महासभा पुतला फूँकते हुए। –जागरण मोर्चा

पीलीभीत। लगातार हो रही बिजली कटौती के विरोध में शुक्रवार को अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकर्ताओं ने गैस चौराहे पर प्रदर्शन कर बिजली विभाग का पुतला फूंका। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा ने किया।

पं. शर्मा ने कहा कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से आम जनता परेशान है। भीषण गर्मी में बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं, मरीजों और विद्यार्थियों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के निर्देशों के बावजूद स्थानीय स्तर पर विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है और शिकायतों पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं की गई तो संगठन व्यापक आंदोलन करेगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर जनसमस्याओं के समाधान की मांग उठाई। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, महिला जिलाध्यक्ष बिंदु सिंह, सुमन कश्यप जिला उपाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष गीता मिश्रा, जितेंद्र मौर्य,प्रमोद कश्यप, चेतन, कमल कश्यप, कृष्णा साहनी, अनिल बंसवाल, महेश श्रीवास्तव, लवी, आकाश, दीपक रस्तोगी, सूरज शील व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूरनपुर में अनार के जूस में निकला कॉकरोच

पूरनपुर। नगर के एक जूस सेंटर पर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक ग्राहक के अनार के जूस में कथित रूप से कॉकरोच निकल आया। जूस पीने के दौरान गिलास में कॉकरोच दिखाई देने पर ग्राहक भड़क उठा और दुकान पर जमकर हंगामा किया। शुक्रवार को एक ग्राहक नगर के एक जूस सेंटर पर अनार का जूस पीने पहुंचा था।

आरोप है कि जूस का कुछ हिस्सा पीने के बाद उसकी नजर गिलास में पड़े कॉकरोच पर गई। यह देखकर वह हैरान रह गया और उसने तुरंत दुकान संचालक से शिकायत की। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। ग्राहक ने जूस की गुणवत्ता और साफ-सफाई को लेकर सवाल उठाए तथा नाराजगी जताई। जानकारी आसपास के लोगों को हुई तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। कई लोगों ने जूस सेंटर की स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। ग्राहक का आरोप था कि खाद्य पदार्थों की तैयारी और परोसने में साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। उसका कहना था कि यदि जूस में कॉकरोच निकल सकता है तो यह लोगों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर लापरवाही है। लोगों ने खाद्य सुरक्षा विभाग से जूस सेंटर और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कराने की मांग की है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला नगर के चर्चा का विषय वना हुआ है।

साइबर सेल ने 209 खोए मोबाइल बरामद कर लौटाए, 29 लाख से अधिक की रिकवरी



बरामद किए गए 29 लाख के मोबाइल। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। जनपदीय साइबर क्राइम सेल और थानों की साइबर हेल्प डेस्क टीमों ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 209 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत 29.22 लाख रुपये से अधिक बताई गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया एवं सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। सीईआईआर पोर्टल की मदद से ट्रैक किए गए मोबाइलों में आईफोन, वनप्लस, सैमसंग, वीवो, ओप्पो और रियलमी जैसे महंगे ब्रांड शामिल हैं। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस का आभार जताया। इस सफलता में जनपदीय साइबर क्राइम सेल के प्रभारी निरीक्षक क्रांतिवीर सिंह तथा उनकी टीम और जिले की सभी साइबर हेल्प डेस्कों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से मोबाइल खोने या चोरी होने पर तत्काल सीईआईआर पोर्टल एवं नजदीकी थाने में सूचना देने की अपील की है।

खेतों में लगे कटी तार दे रहे हादसों को दावत

पूरनपुर। खेतों और निजी परिसरों की घेराबंदी के लिए लगाए गए ब्लेड वाले धारदार (रेजर वायर) तार अब लोगों और पशुओं की जान के लिए बड़ा खतरा बन रहे हैं। इन पर रोक के लिए प्रशासन के कड़ाई के दावे महज निर्देशों तक ही सीमित है।

बीसलपुर के गांव मैनी में बृहस्पतिवार सुबह मासूम की इन्हीं तारों में उलझकर मौत हो गई चुकी है। जानकारों के अनुसार, ब्लेड वाले तार सामान्य कंटीले तार से कहीं अधिक खतरनाक होते हैं। इसमें स्टील के मोटे तार के ऊपर तेज धार वाले छोटे ब्लेड या पत्तियां एक खास क्रम में कसी जाती हैं। इनसे छूने से ही शरीर पर गहरे घाव हो जाते हैं। यही वजह है कि इसका उपयोग मुख्य रूप से जेलों, सैन्य छावनियों, संवेदनशील सरकारी प्रतिष्ठानों और उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्रों में किया जाता है। इसमे लोगों को हादसा की डर वना रहता है। राहगीर फिसकर तारे पर गिरकर घायल हो रहे है। पशु भी इसका शिकार हो रहे है। कृषि भूमि एवं आबादी वाले क्षेत्रों में इसका प्रयोग सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं माना जाता।

हज-2027 के लिए पासपोर्ट संबंधी दिशा-निर्देश जारी

पीलीभीत। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने बताया कि उ.प्र. राज्य हज समिति, लखनऊ द्वारा हज-2027 (1448 हिजरी) के इच्छुक आवेदकों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। हज-2027 की आधिकारिक घोषणा शीघ्र की जाएगी। हज आवेदन के लिए मशीन-पठित पासपोर्ट अनिवार्य होगा, जबकि हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नहीं होंगे। साथ ही पासपोर्ट की वैधता 31 दिसंबर 2027 तक होना आवश्यक है। नए पासपोर्ट बनवाते समय आवेदकों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है कि सरनेम/लास्ट नेम का कॉलम खाली न छोड़ा जाए।



आस्था उर्स में अजमेर के साबरी ब्रदर्स ने बांधा रातभर समां, भारी संख्या में पहुंचे जायरीनों ने की चादरपोशी

आओ दीवानों चलकर देखो जलवा मेरे ख्वाजा का

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिलसंडा में उर्स मेले का फीता काटकर शुभारंभ करते उप्र .उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री अवनीश जायसवाल। –जागरण मोर्चा

बिलसंडा। नगर में चल रहे सैय्यद दादा मियां रहमतुल्लाह अलैहे के तीन दिवसीय उर्स के दूसरे दिन कानपुर की मशहूर फनकारा फिरदौस सवा एवं अजमेर के साबरी ब्रदर्स ने जवाबी मुकाबले में रात भर समां बांधे रखा। सूफी संत दादा मियां की दरगाह पर भारी संख्या में जयरीन उमड़े।दरगाह पर हजारों लोगों ने चादर चढ़ाकर वतन और कौम के अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगी। मेला में उमड़ी हजारों लोगों की भीड़ को व्यवस्थित करने में पुलिस कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। उर्स की आखरी रात को कब्बालों ने लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। बेहतरीन अंदाज में जब देशभक्ति पर अपना कलाम पेश किया, मेरे नवी को भी सबसे प्यारा लगता हिंदुस्तानतो श्रोताओं की जमकर तालियां बटोरीं।

मेले में मुख्य अतिथि नगर के व्यापारी नेता अवनीश जायसवाल,पूर्व चेयरमैन पुत्र सुमित जायसवाल,सुशील शुक्ला,भाजपा नेता राजेश बाबू गुप्ता,अजय जायसवाल ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ कराया। उर्स में की व्यवस्था में कमेटी के अध्यक्ष मो.फैजान अली.मदारी, प्रबंधक मुन्ने खां, दानिश सिद्दीकी अंसार मंसूरी, राजूभाई, इरफ़ान कुरैशी .राशिद भाई, अनीश मंसूरी, निषाद इदरीसी, साकिर सिद्दीकी, इमरान शाह, बिलाल शाह, फरियाद मंसूरी, नफीस मंसूरी, नदीम अंसारी ईदगाह, नसीम मंसूरी.मो आरिफ़ एडवोकेट. फहीम शाह,अलीमअंसारी, फरियाद मंसूरी इमरान शाह.फरियाद सिद्दीकी, परवेज रजा, तौफिक मंसूरी, इमरान मंसूरी मौजूद रहे।

युवाओं को रामायण पढ़ने की जरूरत:नितिन मिश्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



कथा व्यास नितिन मिश्रा।

बिलसंडा। नगर के हनुमान मढ़ी मंदिर पर आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के अंतिम दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी।फर्रुखाबाद से आए कथा व्यास पंडित नितिन मिश्रा ने लंका दहन,राम रावण युद्ध,मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के प्रसंग का वर्णन किया। कथा के समापन पर मंदिर परिसर में आज विशाल भंडारा आयोजित होगा।

कथा व्यास ने कहा कि रामायण हमें जीने का तरीका सिखाती है, हमें आदर्श,सेवा भाव,त्याग व बलिदान के साथ दूसरों की संपत्ति पर हमारा कोई अधिकार नहीं है,यह सीख भी देती है। कथा में भगवान श्री राम के राज्याभिषेक का वर्णन एवं राम दरबार की आकर्षक झांकी प्रस्तुति पर पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा।भगवान श्रीराम ने सत्य को स्थापित करने के लिए रावण का वध किया।कथा के माध्यम से व्यक्ति को अपनी बुरी आदतों को बदलने का प्रयास करना चाहिए।कथा के दौरान रामायण पूजन व आरती के बाद भक्त जनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।व्यवस्था में पूर्व चेयरमैन अटल सिंह,मंजू जायसवाल, रजनीश मिश्रा, राजेश मिश्रा राजू, मनोज वर्मा, सचिन मिश्रा,सुंदर लाल, विनोद शुक्ला, डा.हिमांशु सक्सेना, वैभव सक्सेना, मोंटी गुप्ता, सौरभ गुप्ता, रामाधार मिश्रा, राजेंद्र बाबू गुप्ता, अक्षय सिंह, ज्योति मिश्रा, मनोरमा,बबलू मिश्रा, अशोक शुक्ला, अरविंद शुक्ला आदि का सहयोग रहा।

जन्मभूमि बदायूँ में पहुँची 'वाटर वुमन', हरित जेल अभियान को मिला नया आयाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। पर्यावरण संरक्षण को जनांदोलन बनाने वाली 'वाटर वुमन' ने अपनी जन्मभूमि बदायूँ में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए जिला कारागार में पौधारोपण और कैदियों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुरू किए गए "हरित जेल अभियान" के तहत देशभर की जेलों को हरित बनाने का संकल्प लेकर चल रही वाटर वुमन ने अब तक ग़ाज़ियाबाद, मुजफ्फरनगर, मेरठ और मुरादाबाद की जेलों में पंचतत्व शमी वाटिकाएं स्थापित की हैं। इसी कड़ी में आज उन्होंने बदायूँ जेल में भी शमी का पौधा रोपित कर अभियान को आगे बढ़ाया।

जेल अधीक्षक राजेंद्र कुमार के साथ मिलकर शमी का पौधा लगाते हुए उन्होंने जेल परिसर को हरित और सकारात्मक ऊर्जा से भरने का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कैदियों से सीधे संवाद कर उन्हें जीवन में सुधार और प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

वाटर वुमन ने अपने संबोधन में कहा, "आप सभी देश का भविष्य थे, लेकिन परिस्थितियों और गलत निर्णयों ने आपको इस पिंजरे में बंद कर दिया। हर अपराध का प्रायश्चित संभव है, और आपको एक नया अवसर





- **पिंजरे से प्रकृति तक: वाटर वुमन ने कैदियों को दिखाया सुधार का रास्ता**
- **जेल की दीवारों के बीच हरियाली की किरण, बदायूँ में दिखा अनूठा अभियान, जेल अधीक्षक के साथ लगाया शमी का पौधा**

मिला है।" उन्होंने आगे कहा कि पंचतत्व संस्था द्वारा उपलब्ध कराए गए बीज, खाद और मिट्टी के माध्यम से कैदी स्वयं पौधे तैयार करें और प्रकृति की सेवा करते हुए पुण्य अर्जित करें।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कैदियों के साथ समय बिताया और उनके लिए भोजन बनाने में भी सहयोग किया, जिससे मानवीय संवेदनाओं और आपसी जुड़ाव का एक अनूठा उदाहरण सामने आया। कैदियों ने भी इस पहल को उत्साहपूर्वक अपनाया और पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी का संकल्प लिया।

उल्लेखनीय है कि वाटर वुमन अब तक 13,000 किलोमीटर की पदयात्रा कर चुकी हैं और अपनी संस्था पंचतत्व से 30 लाख लोगों को जोड़कर 58 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर निरंतर कार्य कर रही हैं। उनका यह अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग को प्रकृति से जोड़ने और जिम्मेदारी का बोध कराने का एक सशक्त माध्यम बनता जा रहा है।

बदायूँ में उनके इस आगमन ने न केवल जेल परिसर को हरित बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया, बल्कि कैदियों के मन में सकारात्मक परिवर्तन और नई शुरुआत की उम्मीद भी जगाई है।

झोलाछाप के इलाज से मरीज की मौत, दातागंज में हंगामा

परिजनों ने अस्पताल में किया प्रदर्शन, पोस्टमार्टम से किया इनकार; समझौते की कोशिश जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। जनपद के दातागंज कस्बे में एक कथित झोलाछाप डॉक्टर के इलाज के दौरान 45 वर्षीय मरीज की मौत हो जाने से शनिवार को जमकर हंगामा हो गया। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए। घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना रहा, जबकि दोनों पक्षों के बीच समझौते को लेकर देर शाम तक बातचीत जारी रही।

जानकारी के अनुसार, दातागंज निवासी रफ़्फन खान (45) की तबीयत अचानक बिगड़ने पर परिजन उन्हें कस्बे में स्थित 'सादाब खान फार्मेसी एंड फार्मा क्लिनिक' लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि वहां मौजूद झोलाछाप डॉक्टर ने बिना पर्याप्त जांच और विशेषज्ञता के मरीज का इलाज शुरू कर दिया।



रोते बिलखते युवक के परिजन। -जागरण मोर्चा

उपचार के दौरान ही रफ़्फन खान की हालत और बिगड़ गई और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई।

मरीज की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि गलत इलाज के कारण ही रफ़्फन खान की जान गई है। मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ बढ़ती गई और स्थिति कुछ समय के लिए नियंत्रण से बाहर होती नजर आई।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए किसी तरह माहौल को शांत कराया। हालांकि, परिजन मृतक का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर रहे थे और सीधे कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। उनका कहना था कि पोस्टमार्टम के बजाय दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

घटना के बाद क्षेत्र में अवैध अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग की अनदेखी और कथित मिलीभगत के चलते दातागंज समेत पूरे जनपद में अवैध क्लिनिक और अस्पताल धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। ऐसे केंद्रों पर बिना किसी पंजीकरण और योग्य चिकित्सकों के मरीजों का इलाज किया जाता है, जिससे आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

देर शाम तक दोनों पक्षों के बीच समझौते को लेकर बातचीत जारी रही। पुलिस और स्थानीय गणमान्य लोग भी मामले को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने की कोशिश में लगे रहे। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक किसी निष्कर्ष पर पहुंचने की पुष्टि नहीं हो सकी थी।

इस घटना ने एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्था की खामियों को उजागर कर दिया है। यदि समय रहते अवैध क्लिनिकों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में भी ऐसे हादसे होने की आशंका बनी रहेगी।

कार की टक्कर से एसआई व कांस्टेबल गंभीर घायल, मुरादाबाद रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। बिलसी रोड पर ग्राम निजरा के समीप गुरुवार शाम हुए सड़क हादसे में एसआई देवराज सिंह और कांस्टेबल अमित चहल घायल हुए हैं। दोनों पुलिसकर्मी बाइक से गश्त कर रानेट क्षेत्र से वापस कोतवाली लौट रहे थे।गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे ग्राम निजरा के पास सामने से आ रही एक कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों पुलिसकर्मी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार चौधरी और कोतवाल कमलेश मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मुरादाबाद स्थित टीएमयू अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

18-19 जून को खरीफ गोष्ठी, तिलहन मेला और मिलेट्स कार्यशाला आयोजित होगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। जिलाधिकारी के निर्देश पर 18 जून 2026 को गांधी स्टेडियम प्रेक्षागृह में जनपद स्तरीय एक दिवसीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं तिलहन मेले का आयोजन किया जाएगा। वहीं 19 जून 2026 को जनपद स्तरीय एक दिवसीय मिलेट्स कार्यशाला आयोजित होगी। दोनों कार्यक्रम प्रातः 10 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न होंगे।

मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा निःशुल्क स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 18 व 19 जून को प्रातः 9 बजे तक गांधी स्टेडियम प्रेक्षागृह में अपने स्टॉल लगाना सुनिश्चित करें।

बाढ़ सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण, मानसून से पहले कार्य पूर्ण करने के निर्देश



कटाव निरोधक परियोजनाओं का निरीक्षण करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। शासन द्वारा नामित दो सदस्यीय टीम ने शुक्रवार को जनपद में संचालित विभिन्न कटाव निरोधक परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। टीम ने शारदा नदी के तटों पर ग्राम श्रीनगर की सुरक्षा हेतु चल रहे कार्यों के साथ ही देवहा नदी के ग्राम प्यास गौटिया, खलीनवादा तथा कैलाश नदी के ग्राम उड़रा क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामों की बाढ़ सुरक्षा समितियों के सदस्यों से चर्चा की गई। टीम ने कार्यों को संतोषजनक बताते हुए उनकी सराहना की तथा अधिकारियों को शेष सभी कार्य मानसून से पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सिंचाई विभाग के कई अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे।

जिला कृषि अधिकारी ने खाद की दुकानों का किया निरीक्षण

पूरनपुर। किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद एवं उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला कृषि अधिकारी विनीत कुमार ने नगर की विभिन्न दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इससे खाद विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। जिला कृषि अधिकारी ने दुकानों पर उपलब्ध उर्वरकों के स्टॉक, बिक्री रजिस्टर, लाइसेंस एवं अभिलेखों की जांच की। उन्होंने विक्रेताओं को निर्धारित दरों पर ही खाद की बिक्री करने तथा किसानों को बिक्री रसीद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेता का लाइसेंस निरस्त करने सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों से खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की जानकारी भी ली।

योगी सरकार में 11.5 प्रतिशत बढ़ा बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण, गर्भवतियों की एएनसी जांच में भी सुधार

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में योगी सरकार के प्रयासों का सकारात्मक असर अब आंकड़ों में भी दिखाई देने लगा है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-6 (NFHS-6) की रिपोर्ट में प्रदेश ने बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की देखभाल और संस्थागत प्रसव जैसे कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है।

प्रदेश में बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण का प्रतिशत बढ़कर 81.4 हो गया है, जो एनएफएचएस-5 की तुलना में 11.5 प्रतिशत अधिक है। यह उपलब्धि राज्य सरकार द्वारा संचालित मिशन इंद्रधनुष, नियमित टीकाकरण अभियान और स्वास्थ्य विभाग की सतत निगरानी का परिणाम मानी जा रही है। बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखने की दिशा में भी बड़ी प्रगति हुई है। पोलियो की खुराक पाने वाले बच्चों का प्रतिशत 74.3 से बढ़कर 84.5 हो गया है। इसके अलावा पेंटावेलेंट वैक्सीन कवरेज में 6.8 प्रतिशत, एमआर (मीजल्स-रूबेला) डोज में 13.8 प्रतिशत तथा हेपेटाइटिस-बी बर्थ डोज में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे स्पष्ट है कि बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए चलाए गए अभियान प्रभावी साबित हुए हैं। मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी प्रदेश ने बेहतर प्रदर्शन किया है।

गर्भवतियों को मिलने वाली एंटी नेटल केयर सुविधा भी 62.5 से 70.6 प्रतिशत हुई

गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली एंटी नेटल केयर (ANC) सेवाओं का दायरा 62.5 प्रतिशत से बढ़कर 70.6 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इससे गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय निगरानी को बढ़ावा मिला है, जो मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रिपोर्ट में संस्थागत प्रसव के मामलों में भी वृद्धि दर्ज की गई है। अधिक संख्या में महिलाएं अब अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में सुरक्षित प्रसव करा रही हैं। वहीं प्रसव के बाद मिलने वाली पोस्टनेटल केयर सेवाओं और जन्म के पहले घंटे में शिशु को स्तनपान कराने की दर में भी सुधार हुआ है।

आक्रोश कर्मचारियों ने बचाई जान, घटना से बिसौली ब्लॉक परिसर में मचा हड़कंप

मानदेय न मिलने से त्रस्त एपीओ ने किया आत्महत्या का प्रयास

जागरण मोर्चा कार्यालय

आसफपुर। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के बिसौली ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब वहां तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (एपीओ) त्रिवेणी शाक्य ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि पिछले आठ महीनों से मानदेय न मिलने के कारण वह गहरे आर्थिक संकट और मानसिक तनाव से गुजर रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, त्रिवेणी शाक्य लंबे समय से अपने बकाया मानदेय के भुगतान के लिए विभागीय अधिकारियों से गुहार लगा रहे थे। कई बार आश्वासन मिलने के बावजूद जब उन्हें भुगतान नहीं मिला, तो वे मानसिक रूप से काफी परेशान हो गए। शुक्रवार को कार्य के दौरान अचानक उन्होंने ब्लॉक परिसर के अंदर ही आत्महत्या का





प्रयास कर लिया। घटना के समय मौजूद कर्मचारियों और अन्य लोगों ने जैसे ही उन्हें फंदे पर लटकते देखा, तुरंत शोर मचाया और मौके पर पहुंचकर तत्परता दिखाते हुए रस्सी काट दी। समय रहते उन्हें नीचे उतार लिया गया, जिससे उनकी जान बच गई। इस दौरान परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घायल एपीओ को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी चिकित्सालय भेजा गया, जहां उनकी हालत फिलहाल सामान्य बताई जा रही है।

इस घटना के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। कर्मचारियों में भी नाराजगी और चिंता का माहौल है। उनका कहना है कि समय पर मानदेय का भुगतान न होना कर्मचारियों को मानसिक रूप से तोड़ रहा है। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और मानदेय भुगतान में हो रही देरी के कारणों का पता लगाया जाएगा। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न उत्पन्न हो। यह घटना एक बार फिर सरकारी तंत्र में व्याप्त लापरवाही और कर्मचारियों की समस्याओं की अनदेखी को उजागर करती है।

स्विफ्ट डिजायर न मिलने पर पति ने दबाया महिला का गला, नंदोई पर दुष्कर्म का आरोप, 6 पर मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। दहेज में स्विफ्ट डिजायर कार और डेढ़ लाख रुपये न मिलने पर पति ने विवाहिता की गला दबाकर हत्या करने की कोशिश, विरोध पर पति और उसके परिवार वालों ने विवाहिता के साथ बेरहमी से मारपीट की। जिससे वह घायल हो गई, महिला का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। महिला ने नंदोई पर दुष्कर्म के आरोप भी लगाए हैं। जिसके बाद बारादरी पुलिस ने पति समेत 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

पीड़िता ने बारादरी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी फरवरी 2021 को इज्जतनगर क्षेत्र के परतापुर चौधरी निवासी राहत अली के साथ हुई थी। शादी में स्विफ्ट कार और नकदी न मिलने पर ससुराल वाले पहले से ही नाराज थे। इसी नाराजगी के चलते शनिवार को पति राहत अली, सास किशवरी, ननद सबा, गुल्फशा उर्फ रूबी और नंदोई अबरार ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। विरोध करने पर पति ने कथित रूप से दोनों हाथों से उसका गला दबा दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

कमरे में बंद कर दुष्कर्म की कोशिश

पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना के बाद जब उसने पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो उसे जबरन एक कमरे में बंद कर दिया। रात में नंदोई अबरार कमरे में घुस आया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर उसने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि जब उसने इस घटना की जानकारी पति और ससुराल वालों को दी लेकिन उन्होंने पीड़ित महिला के साथ मारपीट की। विवाहिता ने बताया कि उसने सारी बात अपने मायके वालों को बताई तो पति और ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की।

सार संक्षेप

महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप, चार पर रिपोर्ट

बदायूं। बिसौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 6 जून की शाम 7 बजे वह घर में अकेली थी। तभी गांव के जीतेश व गोविंद पुत्रगण अजयपाल, विनोद पुत्र ज्ञान सिंह व नितिन पुत्र वीरपाल शराब पीकर उसके घर में घुस आए और बदनियती से उसे दबोच लिया। आरोप है सभी आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ की। उसके शोर मचाने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने चारों आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

पड़ोसी के साथ मारपीट में चार पर प्राथमिकी

बदायूं। सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदनपुर निवासी दुर्वेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 जून को करीब 9 बजे गांव अवधेश, सर्वेश पुत्रगण रामेश्वर, अनिल व सुनील पुत्रगण अवधेश उसके खेत के निकास को लेकर उसके घर आए। घर आते ही सभी लोग परिवार वालों को गाली देने लगे।जब उसने व उसके चाचा धीरेंद्र ने आरोपितों को गाली देने से मना किया तो आरोपितों ने चाचा व उसके साथ लाठी-डंडो से मारपीट की। बाद में आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने चारों आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

प्रेमी संग प्रेमिका फरार, आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

बदायूं। उझानी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 21 वर्षीय पुत्री का उझानी निवासी रोहित से फोन के माध्यम से संपर्क हो गया। पिता का कहना है कि दोनों के बीच गुपचुप तरीके से बात होती थी। 10 जून की सुबह रोहित उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने आरोपित पर रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरु कर दी है।

दस दिन बाद भी फरार प्रेमी युगल का नहीं मिला सुराग

बदायूं। थाना सिविल लाइन इलाके के नेकपुर मोहल्ला के रहने वाले एक प्रेमी युगल का फरार होने के बाद दस दिन बाद भी कोई सुराग नही मिला है। पुलिस को दी तहरीर में नरेश ने अपहरण का आरोप लगाते हुए बताया कि पड़ोस का युवक कृष्णा पुत्र अंकित निवासी नेकपुर और सन्नी कश्यप निवासी नेकपुर अन्य एक और युवक के साथ उसकी दोनों नाबालिग लड़कियों को अपहरण कर कार से लेकर फरार हो गया। दस दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने एक लड़की और कार को बरामद कर लिया लेकिन उसकी बड़ी लड़की और मुख्य आरोपी और उसके दोस्तों का अभी तक सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

ग्राम रात्रि चौपाल में मंत्री ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते राज्य मंत्री। -जागरण मोर्चा

अमरिया। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग के राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत निसावां निसैईयां में ग्राम रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में मंत्री ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार अभियान के तहत गांव-गांव जाकर विकास कार्यों की समीक्षा की जा रही है। इस दौरान लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड भी वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, किसान सम्मान निधि, कन्या सुमंगला, पेंशन एवं आवास योजनाओं सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा, सीओ सदर नताशा गोयल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

किशोरी को ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि नौ जून को वह अपनी पत्नी को लेकर दवाई लेने पडोस के गांव में आई थी। उसकी नाबालिक पुत्री घर पर अकेली थी। आरोप है कि गांव निवासी एक युवक अपने साथी की मदद से किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। घर में रखा माल जेवर और नकदी भी साथ ले गई। काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नही चल सका। मामले की तहरीर पर पुलिस ने युवक विमलेश कुमार व बंडा थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक के साथी अवनीश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पॉक्सो एक्ट के दोषी को तीन वर्ष की सजा

पीलीभीत। थाना सुनगढ़ी पुलिस की प्रभावी विवेचना और अभियोजन के चलते न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट और आईपीसी की धारा 506 के एक मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास तथा 8,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस के अनुसार वर्ष 2019 में थाना सुनगढ़ी में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य जुटाए गए थे। न्यायालय में प्रभावी पैरवी के बाद एएसजे/पॉक्सो एक्ट-2 न्यायालय, पीलीभीत ने आरोपी रवि वाल्मीकि को दोषसिद्ध पाते हुए 12 जून 2026 को यह सजा सुनाई।

मारपीट में चार दोषियों को तीन-तीन वर्ष की सजा

जहानाबाद। वर्ष 2008 में दर्ज मारपीट और गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में न्यायालय ने चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही सभी पर कुल 40 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। पुलिस के अनुसार प्रभावी विवेचना और अभियोजन के चलते एसीजेएम न्यायालय, पीलीभीत ने 12 जून 2026 को आरोपी खेमकरन, लोकीराम, सुरेंद्र तथा इंद्रपाल निवासी ग्राम आसपुर, थाना जहानाबाद को धारा 325, 323 व 504 आईपीसी के तहत दोषसिद्ध पाया। यह कार्रवाई अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।

हाईकोर्ट से शेरपुरकलां के प्रधान को राहत, अधिकार छीने जाने का आदेश रद्द

शेरपुरकलां। ग्राम प्रधान को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी पीलीभीत के 19 मई 2026 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसके तहत प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए गए थे। याचिका में कहा गया था कि प्रधान ने कारण बताओ नोटिस का जवाब दिया था, लेकिन जिलाधिकारी ने उस पर समुचित विचार किए बिना आदेश पारित कर दिया। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति प्रकाश पडिया ने पाया कि प्रधान के जवाब पर उचित विचार नहीं किया गया। अदालत ने कहा कि किसी निर्वाचित ग्राम प्रधान के अधिकार छीनना गंभीर मामला है, इसलिए आरोपों के साथ उसके पक्ष और बचाव पर भी निष्पक्ष रूप से विचार किया जाना चाहिए। केवल यह कहना कि जवाब संतोषजनक नहीं है, पर्याप्त नहीं माना जा सकता। हाईकोर्ट ने आदेश निरस्त करते हुए मामला पुनः जिलाधिकारी के पास भेज दिया है। अब जिलाधिकारी को प्रधान के जवाब और उपलब्ध साक्ष्यों पर विचार कर नया एवं कारणयुक्त आदेश पारित करना होगा। हालांकि अदालत ने आरोपों के गुण-दोष पर कोई अंतिम टिप्पणी नहीं की है।

आंधी में पड़ोसी की छत से गिरी ईट आंगन में घूमते युवक के सिर में लगी, मौत; दो दिन से चल रहा था इलाज

बरेली। जिले के बिझरी चैनपुर इलाके के नरियावल के निवासी 28 वर्षीय रिजवान उर्फ मनु की शुक्रवार सुबह मौत हो गई। रिजवान के सिर में बुधवार रात आई आंधी के दौरान ईंट लग गई थी। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिवार के लोगों ने बताया कि रिजवान प्लाइवुड फैक्टरी में काम करते थे। बुधवार रात करीब नौ बजे वह घर के आंगन में थे और शौचालय की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज आंधी तूफान चल रहा था। पड़ोसी आबिद हुसैन की छत पर पड़ी टिन की चादर करीब दो सौ मीटर दूर खेत में जाकर गिरी। इसके ऊपर ईंट की छोटी दीवार थी। ये ईंट उखड़कर पड़ोसियों के घर में गिरीं। इन्हीं में से एक ईंट रिजवान के सिर में घुस गई। तत्काल ही परिवार के लोग रिजवान को बरेली ले गए। यहां निजी अस्पताल में उसका वेंटिलेटर पर रखकर उपचार किया जा रहा था। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। बताया कि रिजवान के परिवार में पत्नी व दो बच्चे हैं।

दुनिया पर चढ़ा अब फुटबॉल का फीवर





मैक्सिको में भव्य उद्घाटन के साथ फीफा वर्ल्ड कप-2026 का आगाज

मैक्सिको सिटी

फुटबॉल के सबसे बड़े महाकुंभ फीफा वर्ल्ड कप-2026 का गुरुवार को मैक्सिको सिटी के ऐतिहासिक एज्टेका स्टेडियम में रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ आगाज हो गया। विश्व कप के पहले मुकाबले में मेजबान मैक्सिको का सामना साउथ अफ्रीका से हुआ।

उद्घाटन समारोह की सबसे बड़ी आकर्षण कोलंबियाई पॉप स्टार शकीरा रहीं, जिन्होंने नाइजीरियाई कलाकार बर्ना बॉय के साथ टूर्नामेंट का आधिकारिक गीत डाई-डाई प्रस्तुत किया। सैकड़ों कलाकारों और नर्तकों के साथ शकीरा की ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुति ने स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। रंग, संगीत और रोशनी से सजे इस भव्य समारोह में विशाल विश्व कप ट्रॉफी की प्रतिकृति भी मंच के बीचोंबीच उभरी। समारोह में जे बलवीन, अलेजांद्रो फर्नांडीज, बेलिंडा, डैनी ओशन, लीला डाउन्स, लॉस एंजेलिस अजूल्स, माना और टायला समेत कई अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने भी प्रस्तुति दी।

मैक्सिको रिकॉर्ड तीसरी बार विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। मैच शुरू होने से कई घंटे पहले ही हजारों प्रशंसक एज्टेका स्टेडियम पहुंच गए थे। लाल और हरे रंग की पोशाकों, पारंपरिक सोम्ब्रेरो और रंग-बिरंगे मुखौटों से स्टेडियम का माहौल उत्सवमय नजर आया। हालांकि, उद्घाटन से पहले मैक्सिको सिटी के जोकालो फैन जोन में अव्यवस्था भी देखने को मिली।

एमपीएल टी20 सिंधिया कप 2026

भोपाल वुल्व्स ने रॉयल निमार ईगल्स को 6 विकेट से हराया

इंदौर

भोपाल वुल्व्स ने इंदौर के डेली कॉलेज में रॉयल निमार ईगल्स पर 6 विकेट से जीत के साथ आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 में अपनी महिला प्रतियोगिता का समापन किया।

भोपाल वुल्व्स के खिलाफ रॉयल निमार ईगल्स की टीम अपने 20 ओवरों में 114/8 रन ही बना सकी। इसका श्रेय हंसिखा किरार, आयुषी शुक्ला और प्रियंका कौशल की अनुशासित गेंदबाजी को जाता है, जिन्होंने विपक्षी बल्लेबाजों को कभी भी खेल पर हावी नहीं होने दिया। ईगल्स को शुरुआती झटका तब लगा जब हर्षिता सिंह 20 गेंदों में 9 रन बनाकर आउट हो गईं। उनके विकेट के बाद टीम लड़खड़ा गई और आठवें ओवर तक स्कोर 29/3 हो गया। उसके बाद सोनिया सिंह 28 गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हो गईं। कप्तान निकिता सिंह ने 30 रन बनाए। कप्तान के आउट होने के बाद और कोई खिलाड़ी नहीं नहीं टिक सखा। भोपाल वुल्व्स के लिए हंसिखा किरार ने चार ओवर में 2/15 के शानदार आंकड़े दर्ज किए, जबकि आयुषी शुक्ला ने तीन ओवर में 2/18 विकेट लिए। प्रियंका कौशल ने भी अपने चार ओवर के स्पेल में 2/20 विकेट लिए और ईगल्स को कम स्कोर पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। जवाब में, भोपाल वुल्व्स को भी शुरुआती झटका लगा, लेकिन आयुषी शुक्ला और रोशनी कुमार ने 32 रनों की अहम साझेदारी करके लक्ष्य का पीछा करने की कोशिश की। रोशनी ने 18 गेंदों में 27 रनों की आक्रामक पारी खेली, जबकि शुक्ला ने 10वें ओवर में आउट होने से पहले 28 गेंदों में 22 रन बनाए। दोनों के आउट होने के बाद कप्तान संस्कृ ति गुप्ता और रीना यादव ने मोर्चा संभाला और पलटवार करना शुरू किया। इस जोड़ी ने 29 ज़रूरी रन बनाकर 'वुल्व्स' की पारी को संभाले रखा, लेकिन फिर रीना 13 गेंदों में तेज़ 20 रन बनाकर आउट हो गईं।

ऑस्ट्रेलियान ओपन: सिंधु और तन्वी शर्मा क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

सिडनी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और युवा खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने गुरुवार को अपने ही देश की खिलाड़ियों को हराकर ऑस्ट्रेलियान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। आज यहां खेले गए मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 10वें नंबर पर मौजूद पीवी सिंधु ने अपनी जूनियर साथी और दुनिया की 39वें नंबर की खिलाड़ी इशरानी बरुआ को 42 मिनट में 22-20, 21-12 से हराकर क्वार्टर-फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। सिंधु अब क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की चेन सु-यू का सामना करेंगी और मलेशिया ओपन के बाद इस साल अपने दूसरे सेमी फाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेंगी। तन्वी शर्मा ने भी सिंधु की तरह क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने एक और ऑल-इंडियन मुकाबले में अपनी सीनियर साथी मालविका बंसोड़ को 21-13, 21-15 से हराया। इस जीत के साथ 17 साल की तन्वी शर्मा ने इस साल अपने दूसरे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल के मुश्किल मुकाबले में उनका सामना जापान की तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन और टॉप सीड अकाने यामागुची से होगा। तान्या हेमंत का महिला एकल का सफर प्री-क्वार्टर फाइनल में ही खत्म हो गया।

राष्ट्र सेवा का सपना, क्रिकेट साधना का मार्ग: भारतीय अंडर-19 टीम में अनादि तागड़े

इंदौर। हर खिलाड़ी की सफलता के पीछे केवल प्रतिभा नहीं होती, बल्कि वर्षों का परिश्रम, परिवार का त्याग, गुरु का मार्गदर्शन और स्वयं पर अटूट विश्वास होता है। इंदौर की युवा तेज गेंदबाज एवं ऑलराउंडर अनादि तागड़े की कहानी इसी सत्य का जीवंत उदाहरण है। भारतीय महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम में श्रीलंका के विरुद्ध होने वाली टी 20 और एकदिवसीय श्रृंखला के लिए चयनित होकर अनादि ने न केवल अपने सपनों को साकार किया है, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश और इंदौर शहर का गौरव भी बढ़ाया है। अनादि तागड़े ने बहुत कम उम्र में क्रिकेट को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया था। उस समय शायद किसी ने नहीं सोचा होगा कि इंदौर की यह बालिका एक दिन भारत की जर्सी पहनकर देश का प्रतिनिधित्व करेगी। लेकिन अनादि ने सपने देखने के साथ-साथ उन्हें पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम का मार्ग भी चुना। तेज गेंदबाजी महिला क्रिकेट का सबसे चुनौतीपूर्ण विभाग माना जाता है। इसके लिए केवल तकनीक नहीं बल्कि अद्भुत शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता, अनुशासन और साहस की आवश्यकता होती है। अनादि ने बचपन से ही इस कठिन राह को चुना और लगातार स्वयं को बेहतर बनाने में जुटी रहीं। चोटों, कठिन प्रशिक्षण सत्रों, प्रतिस्पर्धा और दबाव के बीच भी उन्होंने कभी हार नहीं मानी। अनादि की सफलता के पीछे उनके परिवार की सबसे बड़ी भूमिका रही है। उनकी माता श्रीमती दीप्ति तागड़े स्वयं विश्वविद्यालय स्तर की क्रिकेट खिलाड़ी रही हैं। खेल के प्रति उनकी समझ और अनुभव ने अनादि को शुरुआती वर्षों में मजबूत आधार प्रदान किया। पिता अनुराग तागड़े ने हर कदम पर उनका साथ दिया और बेटी के सपनों को अपनी जिम्मेदारी बनाया। बड़े भाई आराध्य तागड़े ने हमेशा उनका उत्साहवर्धन किया और कठिन समय में उनका मनोबल बढ़ाया। अनादि के जीवन में उनके दादा डॉ. रमेश तागड़े और दादी श्रीमती रश्मि तागड़े का विशेष स्थान है। दोनों ने बचपन से उनमें राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, सेवा और उत्कृष्टता के संस्कार विकसित किए।

ग्वालियर के यशवर्धन बने अंडर-19 टीम के कप्तान

मनल को मिली मल्टी-डे टीम में जगह

ग्वालियर



ग्वालियर के प्रतिभाशाली ऑलराउंडर यशवर्धन सिंह चौहान को श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का कप्तान चुना गया है।

बीसीसीआई ने उन्हें वनडे और मल्टी-डे दोनों टीमों की कमान सौंपी है। चंबल डिवीजन के खिलाड़ी यशवर्धन सिंधिया स्कूल के छात्र हैं। वहीं, चंबल के ही मनल चौहान को मल्टी-डे टीम में जगह मिली है। भारतीय टीम 23 जून से प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेगी और 30 जून को श्रीलंका रवाना होगी। दौरे की शुरुआत 4 जुलाई को हम्बनटोटा में पहले वनडे से होगी।

राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय का भी हुआ सेलेक्शन

नई दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे, अन्वय द्रविड़ को श्रीलंका दौरे के लिए इंडिया अंडर-19 वनडे टीम में शामिल किया गया है। तीन वनडे मैच 4, 6 और 9 जुलाई को हंबनटोटा में खेले जाएंगे। अन्वय दाएं हाथ के बल्लेबाज और विकेटकीपर हैं। उन्होंने हाल ही में वीनू मांकड़ ट्रॉफी में कर्नाटक अंडर-19 टीम की कप्तानी करते हुए छह पारियों में 220 रन बनाए। टीम की कप्तानी यशवर्धन सिंह चौहान और उप-कप्तानी लक्ष्य रायचंदानी करेंगे। द्रविड़ के बड़े बेटे समित द्रविड़ भी पहले अंडर-19 टीम में चुने गए थे, लेकिन चोट के कारण बाहर रह गए थे।

ट्राई नेशन ए सीरीज

दांबुला में बारिश बन गई विलेन

दांबुला। ट्राई नेशन ए सीरीज 2026 के दूसरे मुकाबले में अफगानिस्तान ए ने भारत ए को डकवर्थ-लुईस-स्टर्न (डीएलएस) नियम के तहत 4 रन से हरा दिया। दांबुला के रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मैच में बारिश भारत की हार की सबसे बड़ी वजह बनी।

भारत ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49 ओवर में 9 विकेट पर 349 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में अफगानिस्तान ए ने 25.5 ओवर में 2 विकेट पर 177 रन बना लिए थे, तभी बारिश ने खेल रोक दिया। दोबारा मैच शुरू नहीं हो सका और डीएलएस गणना में अफगानिस्तान निर्धारित लक्ष्य से 4 रन आगे रहा, जिससे उसे विजेता घोषित कर दिया गया। इससे पहले वैभव ने 22 गेंदों में 44 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि प्रभसिमरन ने 84, गायकवाड़ ने 66 और कप्तान तिलक वर्मा ने भी 66 रन बनाए।

आर पारी इलेवन ने जीती विधायक ट्रॉफी



भोपाल

दक्षिण-पश्चिम विधानसभा में आयोजित विधायक ट्रॉफी 2026 टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट का समापन आर पारी इलेवन की 6 रन से जीत के साथ हुआ। विजेता टीम को 1,01,000 रुपये और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता बुचके कंस्ट्रक्शन को 51,000 रुपये और ट्रॉफी मिली।

फाइनल में आर पारी इलेवन ने 10 ओवर में 103/9 बनाए, लक्ष्य का पीछा करने उतरी बुचके कंस्ट्रक्शन केवल 97 रन ही बना पाई। अरविंद ने 25 नाबाद रन और 2 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। पुरस्कार वितरण समारोह में विकास यादव को मैन ऑफ द सीरीज, शिवा को वैभव सूर्यवंशी अवार्ड, पीयूष को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, अरविंद को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, और धर्मेंद्र शाह को सर्वश्रेष्ठ फील्डर चुना गया। विधायक भगवानदास सबनानी और प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलों को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं को निखारने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

भारतीय मूल के निखिल चौधरी ऑस्ट्रेलियाई टी-20 टीम में

सिडनी

ऑस्ट्रेलिया ने भारत में जन्मे और भारतीय घरेलू क्रिकेट खेल चुके, तस्मानिया और होबार्ट हरिकेंस के लेग स्पिनिंग ऑलराउंडर निखिल चौधरी को पहली बार राष्ट्रीय टी-20 टीम में शामिल किया गया है। उन्हें आराम दिए गए ट्रैविस हेड की जगह टीम में चुना गया है। 30 वर्षीय चौधरी ने 2017-19 के दौरान भारत के पंजाब प्रांत के लिए 14 मैच खेले थे, जिनमें सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के 12 टी-20 मैचों के अलावा विजय हजारे ट्रॉफी के दो लिस्ट ए मुकाबले शामिल हैं। वह 2020 में क्वींसलैंड में अपने चाचा से मिलने ऑस्ट्रेलिया गए थे, तभी कोविड महामारी के दौरान ऑस्ट्रेलिया ने अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमाएं बंद कर दी थीं। चौधरी वहीं रुक गए और तब से उन्हें स्थायी निवास मिल गया। इससे उन्हें ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने की पात्रता मिल गई, भले ही वह अभी तक वहां के नागरिक नहीं बने हैं।







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।